CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 25°C

देहरादून, रविवार 31 अगस्त 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 23 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00


विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद शुक्ल पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 | 7 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



चीन से सतर्क रहने की जरूरत: अखिलेश यादव

पेज 2




आईपीएल 2026 से पहले राजस्थान रॉयल्स से अलग हुए राहुल द्रविड़

खेल टाइम्स




सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहा ट्रम्प इज डेड

पेज 11



संजना सांघी बनी प्रतिष्ठित जज पैनल का हिस्सा

बॉलीवुड

# वोट चोरी देशवासियों के अधिकार व भविष्य की भी चोरी: राहुल

## कहा: बिहार से शुरू हुई वोटर अधिकार यात्रा की क्रांति अब पूरे देश में फैलने जा रही

आरा, वार्ता

**लोकसभा में** नेता विपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को 'वोट चोरी' को देशवासियों के अधिकार और भविष्य की भी चोरी बताते हुए कहा कि बिहार से शुरू हुई 'वोटर अधिकार यात्रा' की क्रांति अब पूरे देश में फैलने जा रही है।

श्री गांधी ने 'वोटर अधिकार यात्रा' के 14वें दिन बिहार के आरा में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव के साथ-साथ महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनाव भी चोरी किए। उन्होंने मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का ज़िक्र करते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन बिहार में वोट चोरी नहीं होने देगा। कांग्रेस नेता श्री गांधी ने कहा कि बिहार से क्रांति शुरू होती है और जनता ने दिखाया कि इस बार भी बिहार से ही 'वोटर अधिकार यात्रा' की क्रांति शुरू हुई और अब यह पूरे देश में फैलने जा रही है। श्री गांधी ने कहा कि यह सरकार पब्लिक सेक्टर का निजीकरण करके और अग्निवीर जैसी योजनाएं लाकर युवाओं से अवसर छीन रही है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी की सरकार अडानी-अंबानी की सरकार है। इसीलिए वह चाहती है कि गरीबों की आवाज़ देश में न सुनी जाए। लेकिन इंडिया गठबंधन ऐसा नहीं होने देगा। पूरे देश में गरीबों की आवाज़ गूंजेगी और सुनी जाएगी। बिहार में एक वोट भी चोरी नहीं होने दिया जाएगा।




■ **भाजपा ने लोकसभा चुनाव के साथ-साथ महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनाव भी चोरी किए**

# ह्यूमन GPS नाम से मशहूर आतंकी बागू खान ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले के गुरेज सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास सुरक्षाबलों ने ह्यूमन जीपीएस के नाम से मशहूर आतंकी बागू खान को मार गिराया है। बागू खान समंदर चाचा के नाम से भी जाना जाता था। अधिकारियों को उसका पहचान पत्र भी मिला है।

सूत्रों के अनुसार, बागू खान 1995 से पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में रह रहा था। वह 25 सालों से आतंकी गतिविधियों में एक्टिव था और घुसपैठ के सबसे पुराने मददगारों में से एक था। वह 100 से ज्यादा घुसपैठ की घटनाओं में शामिल था। बागू खान जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ के सभी रास्तों से वाकिफ था और पकड़े जाने से बचने के तरीके भी पता थे। इसलिए उसे ह्यूमन जीपीएस नाम दिया गया। वह सुरक्षा एजेंसियों की लिस्ट में हिजबुल मुजाहिदीन का मोस्ट वांटेड आतंकी था। सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस की 28 अगस्त को बागू खान के साथ गुरेज सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश के दौरान मुठभेड़ हुई थी। इसमें वह अपने एक साथी के साथ मारा गया। दूसरे आतंकी की पहचान नहीं हुई है। हालांकि, दोनों के शव बरामद हो गए हैं।



■ **25 सालों में 100+ घुसपैठ में कराई थी मदद, गुरेज में दो दिन पहले एनकाउंटर**

### आरसीबी ने भगदड़ पीड़ितों को 25-25 लाख रुपये दिए

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने शनिवार को एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई भगदड़ में मारे गए ग्यारह पीड़ितों के परिवारों के लिए 25-25 लाख रुपये के वित्तीय पैकेज की घोषणा की। फ्रैंचाइजी ने आरसीबी केयर्स नामक एक नई दीर्घकालिक पहल का भी अनावरण किया, जिसका उद्देश्य निरंतर सामुदायिक सहायता प्रदान करना है। आरसीबी के अनुसार, यह वित्तीय सहायता शोक संतप्त परिवारों के साथ खड़े होने की दिशा में पहला कदम है। बयान में कहा गया है कि यह केवल वित्तीय सहायता नहीं है, बल्कि करुणा, एकता और निरंतर देखभाल का वादा है। यह दुखद घटना 4 जून, 2025 को हुई थी, जब चिन्नास्वामी स्टेडियम के गेट के बाहर अत्यधिक भीड़ और अनियंत्रित भीड़ के कारण भगदड़ मच गई, जिसके परिणामस्वरूप आरसीबी परिवार के 11 सदस्यों की मौत हो गई।

### रिश्वत मांगने पर पीएनबी के एजेंट को 23 महीने की जेल

**नई दिल्ली।** गाजियाबाद में केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की विशेष अदालत ने पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के एक रिकवरी एजेंट धर्मवीर सिंह को रिश्वत मांगने के आरोप में 23 महीने की जेल की सजा सुनाई है। एजेंट ने शाखा प्रबंधक को किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) ऋण के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी करने के लिए रिश्वत की मांग की थी। अदालत ने दोषी एजेंट धर्मवीर पर 10,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। सीबीआई ने 14 सितम्बर, 2022 को यह मामला दर्ज किया था।

### तियांजिन पहुंचे मोदी, एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे

**तियांजिन/नई दिल्ली।** पीएम मोदी चीन और जापान की चार दिन की यात्रा के दूसरे पड़ाव में शनिवार शाम चीन के शहर तियांजिन पहुंच गए, जहां वह शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के राष्ट्राध्यक्षों के शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। तियांजिन पहुंचने पर श्री मोदी का हवाई अड्डे पर भव्य स्वागत किया गया। श्री मोदी की चीन यात्रा राष्ट्रपति शी जिनपिंग के निमंत्रण पर हो रही है। उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि चीन के तियांजिन पहुंच गया हूं। एससीओ शिखर सम्मेलन में चर्चा और विभिन्न वैश्विक नेताओं के साथ मिलने के लिए उत्सुक हूं।

# ट्रम्प के बेतुके टैरिफ पर अमेरिकी कोर्ट ने लगाई रोक

## 11 में से 7 न्यायाधीशों ने अपने राष्ट्रपति के फैसलों को बताया गैरकानूनी

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिका** के आर्थिक आपातकाल संबंधी कानूनी प्रावधानों का इस्तेमाल कर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के शासकीय आदेशों से तमाम देशों के माल पर लगाए गए तरह-तरह के आयात शुल्क (टैरिफ) को अमेरिका की एक संघीय अपीलीय अदालत ने अधिकारों का उल्लंघन करार देते हुए शुक्रवार को उन्हें गैरकानूनी करार दिया।

श्री ट्रम्प ने अधिकतर शुल्क अंतर्राष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक अधिकार अधिनियम के अंतर्गत लगाए थे। विभाजित निर्णय में न्यायालय के सात न्यायाधीशों ने राष्ट्रपति के आदेशों के विरुद्ध और चार ने पक्ष में निर्णय दिया। न्यायालय ने इस्पात और एल्युमीनियम पर लगे शुल्कों को छोड़ कर ट्रम्प द्वारा लगाए गए अन्य शुल्कों के बारे में कहा कि देश में कोई ऐसी आपदा नहीं है कि इन शुल्कों को उचित करार दिया जाए, जिनसे अरबों डॉलर का आयात प्रभावित हो रहा है। अदालत ने आयात शुल्क को 'कानून के विपरीत होने के कारण अमान्य' घोषित किया है। अदालत ने हालांकि आयात शुल्क को अस्थायी रूप से लागू रहने दिया, जिससे प्रशासन को इस फैसले के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में अपील करने का समय मिल गया है। कैलिफोर्निया राज्य ने इन शुल्कों के खिलाफ अदालत में मुकदमा दायर किया है। श्री ट्रम्प ने इस निर्णय के विरुद्ध अपील करने की घोषणा -शेष पृष्ठ दो पर



■ **अमेरिकी अदालत ने कहा राष्ट्रपति ट्रम्प ने किया अपने अधिकारों का उल्लंघन**

■ **ट्रम्प सुप्रीम कोर्ट में अपील कर सकें, फैसले को अक्टूबर तक लागू करने से रोका**

### अमेरिका के ऊंचे आयात शुल्क के खिलाफ व्यापारियों का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** अमेरिका में भारत के सामान पर भारी आयात शुल्क लगाने की डोनाल्ड ट्रम्प सरकार की कार्रवाई को मनमानी बताते हुए दिल्ली के व्यापारियों ने फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेड्स एसोसिएशन (फेस्टा) के बैनर तले शनिवार को यहां विरोध प्रदर्शन किया और साथ ही सरकार से कर में कमी और ब्याज दर में राहत की अपील की।

प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी प्रशासन से आयात शुल्क वापस लेने और वार्ता के जरिए मसलों के समाधान का आह्वान किया है। सदर बाजार के कुतुब चौक पर आयोजित विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे फेस्टा के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा और अध्यक्ष राकेश यादव ट्रम्प की व्यापार शुल्क नीति को भारत और अमेरिका के व्यापारिक संबंधों के लिए अहितकर बताया। प्रदर्शनकारी व्यापारी अपने हाथों में बैनर लिए हुए थे। वे ट्रम्प टैरिफ नीति वापस को वापस लो, अमेरिका तानाशाही बंद करें, जैसे नारे भी लगा रहे थे।

■ **ट्रम्प सरकार से कर में कमी व ब्याज दर में राहत की अपील की**

### जम्मू-कश्मीर के रियासी में लैंडस्लाइड सात शव बरामद

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले के बदर गांव में शनिवार सुबह लैंडस्लाइड हुई। मलबे से अब तक 7 शव बरामद किए गए हैं। यहां और भी लोगों के फंसे होने की आशंका है। अन्य लोगों की तलाश जारी है। वहीं, रामबन के राजगढ़ में बादल फटने से 4 लोगों की मौत हो गई। एक व्यक्ति लापता है। उसकी तलाश जारी है। हिमाचल प्रदेश में मंडी के गोहर में शुक्रवार देर रात बादल फटा था। नांडी पंचायत में नसेंणी नाला में कई गाड़ियां बह गईं। शिमला के जतोग कैंट में लैंडस्लाइड हुई। सेना की रेसिडेंशियल बिल्डिंगों को खाली कराया गया। पंजाब के अमृतसर, पठानकोट समेत 8 जिलों में बाढ़ के हालात बने हैं। 250 से ज्यादा गांवों में 5 से 15 फीट तक पानी भरा हुआ है। बाढ़ में अब तक 8 लोगों की मौत हो गई है। 3 लोग लापता हैं। उत्तराखंड के चमोली, रुद्रप्रयाग, टिहरी और बागेश्वर में शुक्रवार को बादल फटने की घटनाएं हुईं। हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई और 11 लापता हैं। बागेश्वर के कपकोट में कई घरों को भी नुकसान हुआ है। यूपी के 18 जिले बाढ़ की चपेट में है। राज्य में अब तक 774 मकान बारिश-बाढ़ में ढह चुके हैं। वाराणसी में सभी 84 घाटों का आपसी संपर्क टूटा है।

# आत्मनिर्भरता: सिर्फ विकल्प नहीं, अस्तित्व की शर्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि आतंकवाद, महामारी और क्षेत्रीय संघर्षों के इस दौर में रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता केवल एक विकल्प नहीं बल्कि अस्तित्व, सुरक्षा, संप्रभुता और प्रगति का रोडमैप है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत न केवल अपनी ज़रूरतें पूरी करेगा बल्कि दुनिया का एक विश्वसनीय साझेदार भी बनेगा।

यह विज़न भारत को 21वीं सदी में एक निर्णायक शक्ति के रूप में स्थापित करेगा। श्री सिंह ने शुक्रवार को यहां एक कार्यक्रम में कहा कि आत्मनिर्भरता संरक्षणवाद का नहीं बल्कि संप्रभुता और राष्ट्रीय स्वायत्तता से जुड़ा मामला है। उन्होंने कहा कि संघर्ष, व्यापार युद्ध और अस्थिरता के कारण दुनिया भर में स्थिति निरंतर बदल रही हैं और भू-राजनीतिक बदलावों ने साबित कर दिया है कि रक्षा के लिए दूसरों पर निर्भरता अब कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का हमेशा से मानना रहा है कि आत्मनिर्भर भारत ही अपनी सामरिक स्वायत्तता की रक्षा कर सकता है। रक्षा मंत्री ने अमेरिका का नाम लिए बिना कहा कि कई विकसित देश संरक्षणवादी उपायों का सहारा ले रहे हैं जिससे 'व्यापार युद्ध' और 'टैरिफ युद्ध' की स्थिति लगातार गंभीर होती जा रही हैं। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को अलग तरीके से नहीं देखा जाना चाहिए, क्योंकि यह संरक्षणवाद नहीं है। यह संप्रभुता का मामला है। उन्होंने कहा कि जब युवा, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और संभावनाओं से भरपूर एक राष्ट्र आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ता है, तो विश्व रुककर उस पर ध्यान देता है।



■ **कहा: आत्मनिर्भर भारत दुनिया का एक विश्वसनीय साझेदार भी बनेगा**

### कर्नाटक: 9वीं की छात्रा की स्कूल टॉयलेट में डिलीवरी

**यादगीर।** कर्नाटक के यादगीर जिले के शाहपुर तालुक में एक सरकारी रेसिडेंशियल स्कूल की 9वीं क्लास की स्टूडेंट ने स्कूल टॉयलेट में बच्चे को जन्म दिया। घटना 27 अगस्त की है। पुलिस एफआईआर के मुताबिक लड़की 9 महीने की प्रेग्नेंट थी। मामला तब सामने आया जब उसके साथ पढ़ने वाली दूसरी लड़कियों ने पीड़ित को दर्द में देखा। इसके बाद स्कूल मैनेजमेंट को बताया। लड़की और बच्चे दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों की हालत स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि स्कूल प्रबंधन और पीड़ित के भाई ने उन्हें घटना की जानकारी नहीं दी। जांच के दौरान 28 साल के एक व्यक्ति पर पोक्सो के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस घटना के बाद कर्नाटक आवासीय शैक्षणिक संस्थान सोसाइटी के कार्यकारी निदेशक कंथाराजू ने भी स्कूल के 2 टीचर्स को लापरवाही के आरोप में निर्लंबित कर दिया है।

# आरोपी बदनाम हो, रेप विक्टिम नहीं: हाईकोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने एक रेप केस की सुनवाई करते हुए कहा कि ऐसे मामलों में आरोपी की बदनामी होनी चाहिए, रेप विक्टिम की नहीं। समाज को अपनी सोच बदलनी चाहिए।

कोर्ट ने यह टिप्पणी आरोपी की याचिका पर सुनवाई करते हुए की थी। आरोपी ने दलील दी थी कि अगर आप मेरे ऊपर चल रहे केस को रद्द कर दें, तो इससे पीड़ित को सामजिक कलंक और बदनामी से राहत मिलेगी। हालांकि कोर्ट ने दलील को खारिज करते हुए आरोपी पर 10000 रुपये का जुर्माना लगा दिया। कोर्ट ने कहा कि बदनामी पीड़ित की नहीं, बल्कि गुनाह करने वाले पर होनी चाहिए। समाज को सोच बदलनी चाहिए। शर्म उस लड़के या आदमी को आनी चाहिए जिसने बलात्कार किया, न कि उस लड़की को जिसे इतनी बड़ी तकलीफ झेलनी पड़ी। यह दलील बिल्कुल गलत है, क्योंकि अन्याय लड़की के साथ हुआ, उसके माता-पिता के साथ नहीं। सिर्फ वही पीड़ित ही अपराधी को माफ कर सकती थी, वह भी कुछ खास परिस्थितियों में। जैसा ऊपर बताया गया, पीड़ित अभी भी नाबालिग है। मामला साल 2024 का है।

■ **कहा: समाज को सोच बदलनी चाहिए**

# असम में मुस्लिम बस्तियों को नहीं, संविधान को किया जा रहा बुल्डोज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** जमीयत उलमा-ए-हिंद की कार्यकारी समिति की एक अहम सभा अध्यक्ष जमीयत उलमा-ए-हिंद मौलाना अरशद मदनी की अध्यक्षता में जमीयत उलमा-ए-हिंद के मुख्यालय में आयोजित हुई।

सभा में भाग लेने वालों ने देश की वर्तमान स्थिति पर विचार करते हुए देश में बढ़ती सांप्रदायिकता, कट्टरता, अशांति, अल्पसंख्यकों और विशेष रूप से मुसलमानों के साथ धर्म के आधार पर भेदभाव, पूजा-स्थल एक्ट के बावजूद मदरसों और मस्जिदों के ख़िलाफ सांप्रदायिकों की जारी मुहिम और खासतौर पर असम में जारी निष्कासन और पचास हज़ार से अधिक मुस्लिम परिवारों को केवल धर्म के आधार पर बुल्डोज़ करने की कार्रवाई और फलिस्तीन में इज़रायल के आक्रामक आतंक पर कड़ी चिंता व्यक्त की गई, और इन जैसे बहुत सारे मुद्दों पर चर्चा हुई। जमीयत उलमा-ए-हिंद की कार्यकारी समिति की इस अहम सभा को संबोधित करते हुए अध्यक्ष जमीयत उलमा-ए-हिंद मौलाना अरशद मदनी ने देश की वर्तमान राजनीतिक एवं सामाजिक स्थिति पर कड़ी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि मुसलमानों की एक दो समस्याएं हों, तो उन्हें बयान किया जाए, यहां तो समस्याओं का एक ढेर है। एक समस्या समाप्त नहीं होती कि दूसरी पैदा कर दी जाती है। एक विवाद ठंडा नहीं होता कि दूसरा विवाद खड़ा कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि चारों ओर से मुसलमानों पर हमले हो रहे हैं और यह सब कुछ योजनाबद्ध तरीक़े से हो रहा है। ऐसा लगता है कि हिंदू-मुसलमान करने के अतिरिक्त सरकार और सांप्रदायिकता के हामियों के पास कोई अन्य मुद्दा ही नहीं रह गया है। इस समय देश की स्थिति जितनी चिंताजनक है इसका अतीत में उदाहरण नहीं मिलता, -शेष पृष्ठ दो पर



■ **अब ऐसा लगता है देश में अदालतों की कोई आवश्यकता नहीं है: जमीयत उलमा-ए-हिंद**

■ **हमारी लड़ाई किसी समुदाय से नहीं, सरकार और उसकी गलत नीतियों से है**

मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं

मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।

मिरगी के लक्षण
- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- आंखे पथराना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- मुंह से झाग निकलना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- मुट्ठियां कसना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- अचानक झटका-सा लगना
- घे-घे-औं-औं की आवाज आना



अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।

डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)

- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली

मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826

नोट: जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

## संक्षिप्त समाचार

### लखनऊ में ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन का जखीरा बरामद

**लखनऊ।** लखनऊ में स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और खाद्य एवं औषधि प्रसाधन विभाग ने अवैध दवा तस्करी के बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। संयुक्त कार्रवाई में बिहार से लाए जा रहे दो करोड़ रुपए कीमत के ऑक्सीटोसीन इंजेक्शन सहित भारी मात्रा में रॉ मैटेरियल बरामद किया है। इस मामले में चार अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। यूपी एसटीएफ को विगत कुछ दिनों से विगत कुछ दिनों से बिहार राज्य से अवैध रूप में आक्सीटोसीन इन्जेक्शन की तस्करी करने वाले शातिर तस्करों के सक्रिय होने की सूचनाएं प्राप्त हो रही थी। जिसके बाद एसटीएफ ने तस्करों की गिरफ्तारी को लेकर जाल बिछाना शुरू कर दिया। साथ ही अपर पुलिस अधीक्षक लाल प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण में अभिसूचना संकलन की कार्यवाही की जा रही थी।

### सांस्कृतिक रंगों से सराबोर होगा यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025

**लखनऊ।** उप्र की सांस्कृतिक पहचान को वैश्विक मंच देने के लिए इंटरनेशनल ट्रेड शो-2025 सिर्फ व्यापार का नहीं बल्कि कला-संस्कृति का भी संगम बनने जा रहा है। ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में 25 सितम्बर से 29 सितम्बर तक आयोजित होने वाले इस मेगा आयोजन की हर शाम रंगारंग प्रस्तुतियों से सराबोर होगी, जिसमें भोजपुरी, अवधी, बुंदेली और थारू जैसी लोक परंपराओं से लेकर सूफी गायन, कथक नृत्य और सुगम संगीत तक का संगम देखने को मिलेगा। शो में देश और प्रदेश के दिग्गज कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

# नेपाल से सटे जिलों में तैनात होंगे हाई टेक्नोलॉजी ड्रोन

## उप्र में विभिन्न चरमपंथी समूहों के खतरों के बीच सुरक्षा बढ़ाने की कवायद तेज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** नेपाल के पास सीमा पार गतिविधियों और विभिन्न चरमपंथी समूहों के खतरों के बीच सुरक्षा बढ़ाने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने भारतीय एजेंसियों को निगरानी बढ़ाने और नेपाल सीमा से लगे उप्र के जिलों में उन्नत ड्रोन और ड्रोन-रोधी तकनीकें तैनात करने का निर्देश दिया है।

सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के डीआईजी मुन्ना सिंह ने बताया कि, ष्उप्र-नेपाल सीमा से लगे सात जिलों पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर और महाराजगंज के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में तैनात किया जाएगा। इसका उद्देश्य एक मजबूत निगरानी प्रणाली बनाना है जो घुसपैठियों या अवैध गतिविधियों का पता लगा सके। सिंह ने कहा कि ड्रोन और ड्रोन-रोधी तकनीक की शुरुआती तैनाती रक्सौल, सोनौली और अन्य उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों



में शुरू होगी। इसको लेकर बलरामपुर में एक उच्च-स्तरीय क्षेत्र समन्वय बैठक के बाद इसकी जानकारी दी गई।

बैठक में पुलिस सीमा शुल्क, एनसीबी, डीआरआई और खुफिया शाखाओं जैसी विभिन्न सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों के प्रतिनिधि शामिल थे। इसमें अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सतर्कता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया, खासकर नेपाल में इस्लामिक संघ जैसे कट्टरपंथी समूहों और सीमा पार सक्रिय अन्य संबद्ध संगठनों की गतिविधियों को लेकर बातचीत हुई। सिंह ने कहा कि नेपाल में अधिकांश मदरसों और मस्जिदों को चलाने वाला अग्रणी संगठन है। इसे अपनी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए पाकिस्तान, तुर्की, सऊदी अरब और कतर से पर्याप्त धन मिलता है।

उन्होंने कहा कि ए समूह अपने चरमपंथी एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए नेपाल में आबादी के कमजोर वर्गों जिनमें भारतीय वीजा पर आने वाले छात्र भी शामिल हैं, उनको प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मानव तस्करी और तस्करी सहित सीमा पार तस्करी भी एक लगातार समस्या रही है। हाल ही में, खुफिया जानकारी से संकेत मिलता है कि पाकिस्तान स्थित जैश-ए-मुहम्मद से जुड़े तीन संदिग्ध आतंकवादी भारत-नेपाल सीमा के रास्ते बिहार में घुसपैठ कर चुके हैं। इसलिए अब हमारा दृष्टिकोण सीमा पर केवल शारीरिक जांच से कहीं आगे जाएगा। हम देश में आने-जाने वाले सभी लोगों पर नजर रखने के लिए व्यापक प्रक्रिया शुरू कर रहे हैं।

# बिहार में मील का पत्थर साबित हुई वोटर अधिकार यात्रा: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता

कांग्रेस ने कहा है कि पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की 1300 किमी लंबी वोटर अधिकार यात्रा को जो सम्मान मिला है वह बिहार में आंदोलन की गौरवशाली इतिहास में मील का पत्थर बनी है और अब गरिमा और प्रतिष्ठा के साथ राज्य की राजधानी पटना में इसका समापन भी किया जा रहा है।

कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने सोशल मीडिया एक्स पर शनिवार को एक पोस्ट में कहा कि 16 दिन तक चली इस यात्रा का सोमवार को पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में भव्य समापन हो रहा है। सासाराम से 17 अगस्त को शुरु हुई इस यात्रा को बिहार के 110 विधानसभा क्षेत्रो से गुजरते हुए



जो सम्मान और प्रतिष्ठा मिली उसी के अनुरूप इसका भव्य समापन भी किया जा रहा है। वेणुगोपाल ने कहा कि बिहार की जनता ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और पूरे महा गठबंधन की यह यात्रा थी, जिसने मतदाताओं को मिले अधिकार की रक्षा की लघई में ऐतिहासिक कठिनाइयां देखी हैं, लेकिन आम जनता को मिली एक मात्र शक्ति-मतदान का अधिकार जिसके छिने जाने का अकल्पनीय खतरा था, उसकी रक्षा की। उनके मन में जो डर था, उसे हटाने की ज़रूरत थी और यह यात्रा मतदाता पुनरीक्षण सूची के नाम पर लोकतंत्र बचाने के लिए आशा की किरण बनकर आई। उन्होंने कहा कि इस यात्रा ने 25 जिलों के 110 से ज़्यादा विधानसभा क्षेत्रों को कवर करते हुए 1300 किमी का सफर तय कर बिहार के जनांदोलनों के समृद्ध इतिहास में एक मील का पत्थर बनकर उभरी है। कांग्रेस नेता ने कहा कि देश भर के सम्मानित नेता, जो हमारे उद्देश्य में विश्वास रखते थे, इसमें शामिल हुए और इसे और मज़बूती दी, जिनमें तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्रियों के साथ ही आज अखिलेश और पिछले हफ्ते प्रियंका गांधी जैसे अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हुए।

# यूपी के 750 इंजीनियरिंग कॉलेजों में इसरो का मॉड्यूल पढ़ेंगे छात्र

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उप्र के 750 इंजीनियरिंग कॉलेजों में पढ़ने वाले तकरीबन पांच लाख छात्र इसरो के द्वारा तैयार मॉड्यूल का अध्ययन करेंगे। माइनर कोर्स के रूप में शामिल इस मॉड्यूल को डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय इस सत्र से लागू करने का निर्णय लिया है। इसको लेकर विवि की तरफ से इसरो के साथ एक एमओयू भी किया जाएगा।

माइनर कोर्स के रूप में शामिल इस मॉड्यूल को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्र (इसरो) के रिसोर्स पर्सन प्राविधिक विश्वविद्यालय के 750 से अधिक इंजीनियरिंग कॉलेज के बैचलर आफ टेक्नोलॉजी के छात्रों को स्पेस टेक्नोलॉजी विषय पर एक 20 क्रेडिट का कोर्स पढ़ाएंगे। प्राविधिक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर जेपी पांडेय ने बताया कि शुभांशु शुक्ला का जब इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर जाने का नाम फाइनल हुआ था, तभी हमने इस विषय को लेकर तैयारी शुरू कर दी थी। उन्होंने बताया कि इसको लेकर इसरो के कमर्शियल ऑर्गनाइजेशन के साथ एक एमओयू जल्द ही करने जा रहे हैं। इसके तहत इसरो का यह विभाग हमारे छात्रों के लिए 20 क्रेडिट का स्पेस टेक्नोलॉजी का एक माइनर कोर्स तैयार किया है। इस माइनर कोर्स में क्या पढ़ाया जाएगा और इसकी रूपरेखा क्या होगी, यह सब कुछ इसरो के वैज्ञानिकों द्वारा डिजाइन किया गया है। यहां तक की इस विषय को पढ़ने के लिए रिसोर्स पर्सन भी इसरो के द्वारा ही प्रदान किया जाएगा।

## अमेरिका की टैरिफ नीति को लेकर सपा प्रमुख ने चेताया

# चीन से सतर्क रहने की जरूरत: अखिलेश

- **कहा: जापान से संबंध बनाएं और चीन जा रहे हैं, तो क्योटो भी होकर आएं**
- **पूर्व सीएम बोले: इस्तेमाली पार्टी है भाजपा, किसी की सगी नहीं हो सकती**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** अमेरिका की टैरिफ नीति के बाद भारत की चीन के साथ बढ़ती नजदीकी पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सलाह दी है कि चीन से केंद्र की भाजपा सरकार को 24 घण्टे सतर्क रहने की जरूरत है। द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जापान यात्रा को लेकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रतिक्रिया दी है।

शनिवार को अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर उन्होंने कहा कि जापान से संबंध बनाएं और वहां जा रहे हैं तो क्योटो भी होकर आएं। लेकिन जो चीन हमारे देश की भूमि और बाज़ार हड़प रहा है, उससे चौबीसों घंटे सतर्क रहें।



विदेश नीति वैश्विक शांति और वैकासिक साझेदारी को बढ़ावा दे, तो अच्छा है, टकराहट को नहीं। कोई भी वैदेशिक समझौता देश की सुरक्षा और समृद्धि से समझौता नहीं होना चाहिए। गौरतलब है कि जापान दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जापान के पीएम शिगेरु इशिबा के साथ द्विपक्षीय व्यापार को बघवा देने के उद्देश्य से 13 अहम समझौते किए हैं। इनमें दोनों देशों ने रक्षा, साइबर सुरक्षा, आतंकवाद से जंग, एआई, सेमीकंडक्टर समेत प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में साझेदारी के 13 समझौते किए हैं। वहीं अखिलेश ने भाजपा को 'इस्तेमाली' पार्टी की संज्ञा देते हुए आरोप लगाया कि सांप्रदायिक राजनीति की घुट्टी पिलाने वाली भाजपा किसी की सगी नहीं है। यादव ने शनिवार को एक्स पर खाद की लाइन में लगे लोगों का वीडियो साझा करते हुए लिखा- ये वीडियो भाजपा के उन कार्यकर्ताओं और समर्थकों को देखकर अपने ऊपर शर्मिंदा होना चाहिए, जो भाजपा राज में 'अमृतकाल' की बात कर रहे हैं। दरअसल भाजपा अपने भोले भाले समर्थकों के भोलेपन का भी दुरुपयोग, अपने भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए, दुष्प्रचार के लिए करती है। वो पढ़े-लिखे लोग भी एक बार दिल पर हाथ रखकर सोचें कि साम्प्रदायिक राजनीति की घुट्टी पिलाकर भाजपा व उनके संगी-साथियों ने किस तरह उनके ज्ञान और विवेक को बंधक बना लिया है।

### अखिलेश को जनसमस्यायों से कोई सरोकार नहीं: पाठक

**अयोध्या।** उप्र के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शनिवार को कहा कि समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव को जनता की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है और वह अनर्गल प्रलाप करते रहते हैं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के सदस्य एवं राजपरिवार के वरिष्ठ सदस्य विमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी के मंच से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर की गई अभद्र टिप्पणी दुर्भाग्यपूर्ण है। इंडिया गठबंधन के नेता लगातार भाषाई संयम खो रहे हैं। लोकतांत्रिक मूल्यों का क्षरण हो रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ट्रम्प के...** की है। श्री ट्रम्प ने शुल्कों को अपनी कूट नीति का हथियार बना रखा है। उन्होंने भारत और ब्राजील पर सबसे अधिक 50 प्रतिशत कर लगाया है। अदालत ने कहा है कि राष्ट्रपति ने बहुत से शुल्कों के मामले में अपने अधिकारों का उल्लंघन किया है। श्री ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ' सोशल पर एक पोस्ट में चेतावनी देते हुए लिखा कि सभी आयात शुल्क अब भी लागू हैं। उन्होंने अपीलीय न्यायालय को अत्यधिक पक्षपातपूर्ण बताया और कहा कि उसने गलत तरीके से इन शुल्कों को हटाने को कहा है। उन्होंने कहा कि लेकिन वह जानते हैं कि अंत में अमेरिका की ही जीत होगी। अगर ये शुल्क कभी हटा दिए गए, तो यह देश के लिए पूरी तरह से विनाशकारी होगा। यह हमें आर्थिक रूप से कमज़ोर बना देगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका अब भारी व्यापार घाटे और दूसरे देशों, चाहे वे मित्र हों या शत्रु, द्वारा लगाए गए अनुचित शुल्कीय और गैर-शुल्कीय व्यापार बाधाओं को बर्दाश्त नहीं करेगा, जो हमारे निर्माताओं, किसानों और अन्य सभी को कमजोर करते हैं। उन्होंने कहा कि ये शुल्क हमारे श्रमिकों की मदद करने और उन कंपनियों का समर्थन करने का सबसे अच्छा साधन हैं, जो बेहतरीन 'मेड इन अमेरिका' उत्पाद बनाती हैं। उन्होंने कहा कि कई वर्षों तक, हमारे बेपरवाह और नासमझ राजनेताओं ने शुल्क को हमारे खिलाफ इस्तेमाल करने दिया। अब, अमेरिका के सर्वोच्च न्यायालय की मदद से, हम उनका उपयोग अपने राष्ट्र के लाभ के लिए करेंगे और अमेरिका को फिर से समृद्ध, मजबूत और शक्तिशाली बनाएंगे।

**असम में...** सत्ता परिवर्तन के बाद एक के बाद एक जो घटनाएं हो रही हैं उससे अब इसमें कोई आशंका नहीं रह गई है कि भारत फ़ासीवाद की चपेट में चला गया है। सांप्रदायिकता और अराजकतावादी शक्तियों का बोलबाला हो गया है। इतिहास गवाह है कि जो समुदाय अपनी पहचान, संस्कृति और धर्म के साथ जिंदा रहना चाहता है उसे बलिदान देना पड़ता है, आज देश ऐसे मोड़ पर खड़ा है जहां नफ़रत को देश-भक्ति कहा जा रहा है और अत्याचारियों को कानून की पकड़ से बचाया जा रहा है, बल्कि देश में सांप्रदायिकता की आग में केवल मुसलमान ही नहीं बल्कि देश का अस्तित्व झुलस रहा है, मौलाना मदनी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आज़ादी के बाद ही से सांप्रदायिक मानसिकता को खुला मैदान मिल गया, सरकार ने इस मानसिकता को समाप्त करने के लिए कभी कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की, ऐसे में केवल जमीयत उलमा-ए- हिंद एक ऐसा धर्मनिरपेक्ष संगठन था और है, जो हर स्तर पर सांप्रदायिक मानसिकता का मुक़ाबला कर रही थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी लड़ाई किसी व्यक्ति या संगठन से नहीं बल्कि सरकार से है, क्योंकि देश में प्रशासनिक स्थिति को बरक़रार रखना और देश के हर नागरिक को सुरक्षा देना उसी की ज़िम्मेदारी है, इस लिए देश में जब-जब मुसलमानों के खिलाफ कोई समस्या खड़ी की जाती है हम उसके खिलाफ क़ानूनी लड़ाई लड़ने को प्राथमिकता देते हैं जिसमें पक्ष सरकार ही होता है। उन्होंने आगे कहा कि देश की आज़ादी के बाद जब हमारे कुछ बड़ों ने अपनी समस्याएं लेकर सड़कों पर उतरने की बात कही, तो कुछ लोगों ने इस का विरोध किया। उनका मत था कि हमें इस रणनीति को अपनाना चाहिए कि मुस्लिम अवाम का मुकाबला सांप्रदायिकों से नहीं सरकार से हो। अगर हम सड़कों पर उतरे, तो टकराव की स्थिति पैदा हो सकती है और यह बात हमारे लिए ही नहीं देश के लिए भी हानिकारक हो सकती है। उन्होंने कहा कि जमीयत उलमा-ए-हिंद अपने बड़ों के बताए हुए रास्ते पर पूरी दृढ़ता और सफलता के साथ चल रही है। टकराव की राजनीति की जगह हम क़ानूनी तौर पर लड़ाई लड़ रहे हैं और इसमें हमें सफलता भी मिल रही है। मौलाना मदनी ने अन्य अहम समस्याओं के साथ असम का विशेष रूप से ज़िक्र किया और कहा कि असम में पिछले कुछ समय से मुस्लिम आबादियों को निशाना बनाकर उसमें रहने वालों को बेघर कर देने का योजनाबद्ध अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसा करके मुस्लिम बस्तियों को ही नहीं असम में देश के संविधान और क़ानून को बुल्डोज़ किया जा रहा है। यह केवल राजनीति और धर्म के आधार पर की जाने वाली निंदनीय कार्रवाई है, मुसलमानों के साथ दूसरे दर्जे के नागरिकों जैसा व्यवहार हो रहा है, जिसकी निंदा देश का हर न्याय-प्रिय नागरिक कर रहा है, मगर राज्य के मुख्यमंत्री को न संविधान की और ना क़ानून की परवाह है और न ही न्यायालय का भय है, यही कारण है कि जब कुछ मामलों में सुप्रीम कोर्ट ने बुल्डोज़र कार्रवाई पर रोक लगा दी, तो दूसरी मुस्लिम बस्तियों को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि असम में शांति व्यवस्था स्थापित करने और पीड़ितों को न्याय दिलाने के उद्देश्य से जमीयत उलमा-ए-हिंद एकमात्र ऐसा संगठन है, जो शुरू ही से क़ानूनी संघर्ष करती आई है, जिसमें उसे हर अवसर पर सफलता मिली है, इसलिए अब ताज़ा अभियान के अंतर्गत जिस तरह धर्म के आधार पर लगभग पचास हज़ार परिवारों को बेघर कर दिया गया, जमीयत उलमा-ए-हिंद को न केवल गंभीर चिंता है बल्कि वो चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया से यह अनुरोध भी करती है कि वो इस मुआमले का स्वयं नोटिस ले और जो लोग भी इस असंवैधानिक कार्रवाई में शामिल हैं उनके खिलाफ क़ानूनी क़दम उठाए, बल्कि राज्य के मुख्यमंत्री जिस तरह मुसलमानों के खिलाफ लगातार ज़हरीले बयान दे रहे हैं उनके खिलाफ भी मुक़दमा होना चाहिए ताकि राज्य में शांति व्यवस्था का वर्चस्व बाक़ी रखा जा सके। सत्ता में बैठे हुए लोगों के नफ़रती बयानों पर रोक लग सके। उन्होंने यह भी कहा कि जमीयत उलमा-ए-हिंद किसी भी सरकारी ज़मीन पर अवैध क़ब्ज़े का समर्थन नहीं करती है, लेकिन सच्चाई यह है कि जिन मुस्लिम बस्तियों को अवैध कह कर बुल्डोज़ किया जा रहा है वो आज की नहीं बहुत पुरानी बस्तियां हैं, अगर वो बस्तियां अवैध थीं तो इस से पहले की सरकारों ने वहां सारवजनिक सुविधाएं क्यों उपलब्ध कीं, लेकिन अफसोस कानून और न्याय को ताक़ पर रखकर केवल मुस्लिम बस्तियों को ही निशाना बनाया जा रहा है। वहां के मुख्यमंत्री ने अपने हालिया बयान में कहा कि हम केवल मियां मुस्लिम लोगों को निष्कासित कर रहे हैं, यह इस बात का खुला प्रमाण है कि यह कार्रवाई मुस्लिम दुश्मनी पर अधारित है और अवैध कार्रवाई है, मुख्यमंत्री यह भी कहता है कि जिन लोगों को हटाया गया है अब उनके नाम वोटर लिस्ट से काट दिया जाएगा अर्थात उन्हें वोट देने के अधिकार से वंचित कर दिया जाएगा। सवाल यह है कि क्या अब देश में कोई कानून नहीं रह गया ? क्या किसी मुख्यमंत्री का फरमान ही अब कानून है, न्यायालय की अब कोई आवश्यकता नहीं रह गई, क्या एक मुख्यमंत्री किसी नागरिक को वोट के अधिकार से वंचित कर देने का अधिकार रखता है। मौलाना मदनी ने आगे कहा कि जब देश के प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ही मुसलमानों के खिलाफ गैर-ज़िम्मेदाराना बयान दें, तो फिर दूसरे लोगों को प्रोत्साहन मिलेगा ही। असम के मुख्यमंत्री की ओर इशारा करते हुए कहा कि यह व्यक्ति जब से मुख्यमंत्री बना है जहां जाता है ज़हरीला भाषण देता है, मुसलमानों को खुले आम घुसपैठिया कहता है। वास्तव में ऐसा करके राज्य के हिंदूओं और मुसलमानों के बीच नफ़रत की ऐसी खाई पैदा कर रहे हैं, जिसे आसानी से पाटा न जा सके और यह बात संविधान के अपमान के समान है, जिसमें देश के सभी नागरिकों को बराबर के अधिकार दिए गए हैं। मौलाना मदनी ने यह भी कहा कि यह व्यक्ति असम के लाखों मुसलमानों की नागरिकता छीन लेने का सपना देखता था इसी लिए 1951 की जनगणना को नागरिकता के आधार की मांग सामने आई थी मगर जमीयत उलमा-ए-हिंद के समय पर क़ानूनी संघर्ष के कारण जो निर्णय आया उसने सभी सांप्रदायिकों के नापाक इरादों पर पानी फेर दिया जो इस उम्मीद में पागल हुए जा रहे थे कि धारा 6-ए के निरस्त होने के बाद विदेशी क़रार देकर करोड़ों लोगों को राज्य से बाहर निकाल देंगे। उन्होंने कहा कि एनआरसी के बाद घुसपैठ और विदेशी नागरिकों का मामला बिलकुल स्पष्ट हो गया है मगर सांप्रदायिक गोलबंदी के लिए सांप्रदायिक ताकतें राज्य में इस समस्या को पुन: जीवित रखना चाहती हैं, मुसलमानों को बेघर कर देने का अभियान इसी योजना का एक हिस्सा है। जमीयत उलमा असम के अध्यक्ष मौलाना मुश्ताक अनफर और आमसू के अध्यक्ष रज़ाउल करीम अन्य लोगों के साथ दिल्ली में मौजूद हैं और सुप्रीम कोर्ट के वकीलों के साथ मीटिंगों का सिलसिला चल रहा है। जमीयत उलमा-ए-हिंद की कार्यकारी समिति के फैसले के अनुसार जल्द ही सुप्रीम कोर्ट में इसके खिलाफ पटीशन दाखिल कर दी जाएगी। कार्यकारी समिति ग़ज़ा में जारी नरसंहार और अमानवीय अत्याचारों की कड़ी निंदा करती है। लगभग एक लाख मनुष्यों की हत्या और आम नागरिकों को भूख प्यास से मारना आतंक की बदतरीन मिसाल है, इसके अतिरिक्त ग्रेटर इज़रायल की अराजकता और ग़ज़ा पर पूर्ण क़ब्ज़े की घोषणा, फलस्तीनियों को मिटाने और बाक़ी बची भूमि हड़पने की बदतरीन साज़िश है। कार्यकारी समिति जमीयत उलमा-ए-हिंद गाजा में युद्धविराम के लिए राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय ताक़तों से मांग करती है कि वो ग़ासिब इजरायल के खिलाफ निर्णायक कदम उठाएं। इसके साथ ख़ुराक, ईंधन और तुरंत मेडिकल सहायता के लिए रास्तों को खुलवाएं और भारत सरकार से भी यह मांग करती है कि इज़राईल के आक्रामक एवं अत्याचारी क़दम की निंदा करते हुए उसके साथ सभी फौजी और इस्ट्रैटजिक संबंध को तोड़ दे। जमीयत उलमा-ए-हिंद सभी नागरिकों और संगठनों से भी अपील करती है कि वो पीड़ित फिलिस्तीनियों के अधिकारों का समर्थन करें और पीड़ितों की आवाज़ बनें। जमीयत उलमा-ए-हिंद का यह मानना है कि इस तबाही व बर्बादी में अमरीका का हाथ है और फिलिस्तीन में अरबों के नरसंहार में वो प्रथम भागीदार है और वो यह चाहता है कि गाजा को इंसानी आबादी से खाली करके यहां यहूदीयों को बसाया जाए, लेकिन कदापि ऐसा नहीं होगा। जमीयत उलमा-ए-हिंद का शुरू ही से यह मत रहा है कि एक आज़ाद और स्वतंत्र राज्य की स्थापना ही फलस्तीन समस्या का स्थायी समाधान है। इस गंभीर और ख़तरनाक स्थिति में अमरीका और उसके अध्यक्ष की गासिब और ज़ालिम इज़राईल का अनुचित समर्थन बहुत निंदनीय है। कार्यकारी समिति गाजा के मुजाहिदीन के साहस को सलाम प्रस्तुत करते हुए कहा कि अमरीका, इजरायल और वह सभी देश जो हमास का पूर्ण समापन चाहते हैं आज बुरी तरह असफल हैं, इस परिदृश्य को क़ायम रखने के लिए नि:संदेह गाजा के एक लाख शहीदों ने अपना खून दिया है। जमीयत उलमा-ए-हिंद स्वतंत्रता प्रेमी फलस्तीनियों को अपनी हार्दिक सहानुभूति का आश्वासन दिलाती है और उनकी स्वतंत्रता की मांग का दिलो-जान से समर्थन करती है। अल्लाह तआला फलस्तीनियों के साहस और उनकी हिम्मत को बुलंद रखते हुए उनकी सहायता करे अथवा उनके दुश्मनों को नष्ट और बर्बाद कर दे, आमीन।

# इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण कंपोनेंट देश में बनें

**नई दिल्ली।** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को पहली तिमाही में देश के 7.8 प्रतिशत की जीडीपी विकास दर हासिल करने पर खुशी जाहिर की और उद्योग जगत से इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों के सभी कंपोनेंट भारत में ही बनाने की अपील की।

वैष्णव ने यहां इलेक्ट्रानिक्स विनिर्माण कंपनी ऑप्टिमस के राइनोटेक टेंपर्ड ग्लास विनिर्माण संयंत्र के उद्घाटन के मौके पर कहा कि देश का जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) पहली तिमाही में 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ा है। सारी दुनिया में जब उथल-पुथल है, अनिश्चितता का माहौल है, इस अनिश्चितता के माहौल में हिंदुस्तान एक स्थिर, जीवंत, बढ़ती हुई और नवाचारी उत्पाद बनाने वाली अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है।



सारी दुनिया की उम्मीदें भारत पर टिकी हैं। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर मोबाइल फोन और इलेक्ट्रॉनिक्स की पूरी पारिस्थितिकी देश में विकसित हुई है। इन 11 वर्षों में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण छह गुना बढ़कर करीब 11.5 लाख करोड़ रुपए का उद्योग बन चुका है।

करीब 3.5 लाख करोड़ रुपए का निर्यात भारत से होने लगा है। यह अपने-आप में बुहत बड़ी उपलब्धि है, 'मेक इन इंडिया' के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प का बुहत ही अच्छा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि चरणबद्ध तरीके से मोबाइल फोन में, इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों में लगने वाले जितने भी कंपोनेंट हैं, उन सभी कंपोनेंट का देश में निर्माण करें, उन सभी कंपोनेंट के लिए अनुसंधान और डिजाइनिंग देश में हो, उन सारे कंपोनेंट का एक वैश्विक नेतृत्वकर्ता भारत बने, उस प्रयास में हम लगे हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि टेंपर्ड ग्लास की तरह बहुत जल्द देश में 'मेड इन इंडिया' सेमीकंडक्टर चिप तैयार होगी।

कुछ ही दिनों एक सेमीकंडक्टर प्लांट की पहले पायलट लाइन शुरू हुई थी। वैसे ही लैपटॉप, सर्वर भी अब देश में बनने लगे हैं। कुल मिलाकर इलेक्ट्रॉनिक्स की पारिस्थितिकी देश में काफी अच्छी बन रही है और इसमें लगभग 25 लाख लोगों को वर्तमान में रोजगार मिला हुआ है और यह तेजी से बढ़ने वाला उद्योग है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिसीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

राव नदीम एडवोकेट जिन्दाबाद आवाम-ए-हिन्द पार्टी जिन्दाबाद

ऑल इण्डिया
आवाम-ए-हिन्द पार्टी
मिशन-2027
नया विजन-हमारा मिशन
हिन्दू-मुस्लिम साथ चलेगा, एकता का राज चलेगा।
साथियों हक और इंसाफ के लिए अपनी आवाज बुलंद करने के लिए आवाम-ए-हिन्द पार्टी से जुड़कर राव नदीम एड. के हाथों को मजबूत करें।
राव नदीम एड.
राष्ट्रीय अध्यक्ष
Ph. 9027879829, 9411626066

# कुछ दिन और ज्यादा सावधानी बरतनी जरूरीः सीएम

- मुख्यमंत्री धामी ने आपदा राहत व बचाव कार्यों की समीक्षा की
- किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए मुस्तैद रहने के निर्देश
- चारधाम यात्रा की व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त करने की हिदायत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** प्रदेश के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में चलाए जा रहे राहत व बचाव कार्यों की मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को समीक्षा की। उन्होंने आपदा की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों एवं खतरे की संभावना वाले क्षेत्रों में जान-माल की सुरक्षा के लिए सभी एहतियाती कदम उठाए जाने और आपदा प्रभावितों को तत्परता से हर संभव मदद उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने राज्य में अगले कुछ दिनों के लिए मौसम विभाग के अलर्ट को देखते हुए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन तंत्र निरंतर तैयार रहे। मुख्यमंत्री ने बैठक में उत्तराखंड आपदा परिचालन केंद्र से जुड़े शासन के उच्चाधिकारियों और सभी जिलों के जिलाधिकारियों से आपदा प्रभावित इलाकों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि आपदा पर किसी का जोर नहीं है, लेकिन प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव टीमें तुरंत ग्राउंड जीरो पर पहुंच कर सराहनीय कार्य कर रही हैं।

बैठक में मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, सचिव गृह शैलेश बगौली, डीजीपी दीपम सेठ, सचिव डॉ.पंकज पांडे, सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन, आयुक्त गढ़वाल विनय शंकर पांडे, आयुक्त कुमाऊं दीपक रावत के साथ ही सभी जिलों के जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षकों ने बैठक में प्रतिभाग किया।

### बुनियादी सुविधाओं की बहाली पर दें विशेष ध्यान

उत्तरकाशी के स्यानाचट्टी क्षेत्र की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मलबे के कारण वहां नदी के जलस्तर में वृद्धि हुई है। नदी के प्रवाह को बनाए रखने के लिए निकाले गए मलबे को नदी किनारे से हटाकर अन्यत्र कहीं सुरक्षित स्थान में डंप किया जाए। ताकि बारिश होने पर यह मलवा पुनः नदी में जाकर अवरोध न पैदा कर सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि बारिश कम होने के बाद चार धाम यात्रियों की संख्या में वृद्धि होगी। साथ ही त्योहारों का मौसम भी आ रहा है। इसे देखते हुए सड़कों के सुधार एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरस्त किया जाने पर विशेष ध्यान दिया जाय।

### जिलों को राहत एवं बचाव कार्यों के लिए पूरा सहयोग

मुख्यमंत्री ने विगत दिवस घटित आपदा में घायल पशुओं के उपचार के लिए पशुपालन विभाग को सभी गांव में डॉक्टरों की टीम भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने जिलाधिकारियों से स्पष्ट शब्दों में कहा कि राहत व बचाव कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए शासन स्तर से अपेक्षित किसी भी प्रकार के सहयोग की शासन से बेझिझक मांग करें।

मुख्यमंत्री ने सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास को निर्देश दिए कि आपदा राहत एवं बचाव कार्यों के लिए जनपदों से की जाने मांग पर तुरंत कार्रवाई करते हुए आवश्यक धनराशि जारी कर दें।

### संवेदनशील क्षेत्रों में एहतियाती कदम उठाने के निर्देश

मुख्यमंत्री ने नदी-नालों के किनारे रहने वाले लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि नदियों के जल स्तर पर लगातार निगरानी रखी जाए। खतरे की आशंका होने पर नदी के आसपास रहने वाले लोगों को तुरंत सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि नदी-नालों के किनारों पर किसी भी तरह का अतिक्रमण नहीं होना चाहिए। अपरिहार्य परिस्थिति में बांध से अधिक पानी छोड़े जाने की दशा में जान-माल की सुरक्षा के लिए समय रहते इंतजाम कर लिए जाएं।

# आपदाग्रस्त इलाकों में बिजली पानी की सप्लाई ठप्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** बसुकेदार क्षेत्र में बादल फटने के बाद से ग्रामीण दहशत के माहौल में जीवन यापन करने को मजबूर हैं। क्षेत्र में बिजली, पानी की व्यवस्था ठप पड़ी है तो सड़क मार्ग भी कई जगह बाधित हैं। ऐसे में ग्रामीणों का संपर्क कटा हुआ है।

ग्रामीण अंधेरे में रात काटने के लिए विवश हैं। इस आपदा में जहां ग्रामीणों ने अपनों को खोया, वहीं उनके मवेशी भी जिन्दा दफन हो गए। खेत खलिहान तबाह हो गए तो सर से छत भी छीन गयी। प्रशासन की टीमें क्षेत्र में दूसरे दिन भी रेस्क्यू अभियान चलाये हुए है। हेलीकॉप्टर से खाने-पीने की सामग्री भेजी जा रही है तो क्षेत्र में बिजली और पानी आपूर्ति के प्रयास भी लगातार जारी हैं। बता दें कि बसुकेदार क्षेत्र के छेनागाड़ में बादल फटने से सबकुछ तबाह हो गया। यहाँ अब कुछ नहीं बचा है। घटना में आठ लोग अभी भी लापता चल रहे हैं, जिनमें चार स्थानीय हैं तो चार नेपाली मूल के शामिल हैं। एसडीआरएफ की टीम लापता लोगों की खोजबीन में जुटी है। मलबे को हटाने का कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा ताल जामन, बडेथ, डुंगर में आपदा से भारी नुकसान हुआ है। ताल जामन में एक दर्जन आवासीय भवन मलबे में दबे हैं, जबकि दो दर्जन के करीब मवेशी भी दफन हो गए।

आवासीय भवनों के मलबे में दबने से सैकड़ों ग्रामीण गांव के स्कूल में आसरा लिए हैं। जिला प्रशासन की ओर से ग्रामीणों के लिए टेंट की सुविधा के साथ खाने पीने की व्यवस्था की जा रही है। क्षेत्र में लाइट और पानी की सप्लाई ठप्प पड़ी है।

# भाजपा महानगर अध्यक्ष ने एसएसपी को सौंपा ज्ञापन



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भारतीय जनता पार्टी महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल ने देहरादून के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में उन्होंने मांग की कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे यूट्यूब , फेसबुक ,और इंस्टाग्राम पर अफवाहें, भ्रामक जानकारी एवं समाज विरोधी संदेश फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। अग्रवाल ने कहा कि सोशल मीडिया पर इस प्रकार की झूठी और भ्रामक खबरें समाज में असंतोष और भ्रम की स्थिति पैदा कर रही हैं, जिससे शांति-व्यवस्था प्रभावित हो सकती है।

उन्होंने पुलिस प्रशासन से आग्रह किया कि ऐसे तत्वों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए और आवश्यकतानुसार कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए।उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पुलिस प्रशासन द्वारा त्वरित कदम उठाने से समाज में सकारात्मक संदेश जाएगा तथा जनता का भरोसा मजबूत होगा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने आश्वा. सन दिया कि ऐसे आसामाजिक तत्वों पर सोशल मीडिया के कालनेमियों पर अति शीघ्र कार्यवाही की जाएगी।ज्ञापन देने वालों में राज्य मंत्री श्याम अग्रवाल , भगवत प्रसाद मकवाना, श्रीमती विनोद उनियाल शादाब शम्स, संदीप मुखर्जी ,उमा नरेश तिवारी, मंडल अध्यक्ष पंकज शर्मा, अनूप गोयल ,अंकुर जैन, वैभव अग्रवाल, जयपाल बाल्मीकि, राहुल पंवार ,मोहित शर्मा आदि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कई मील पैदल चलकर आपदा ग्रस्त इलाकों में पहुंचे प्रभारी मंत्री



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** कबीना मंत्री एवं जनपद प्रभारी मंत्री सौरभ बहुगुणा ने आपदा प्रभावित स्यूर, बांगर आदि क्षेत्रों का स्थलीय दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने प्रभावित परिवारों से उनकी कुशलक्षेम जानी। साथ ही प्रभावित क्षेत्रों में तैनात अधिकारियों को निर्देश दिए कि राहत एवं पुनर्वास कार्यों को और तेजी से संचालित किया जाए तथा प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता तत्काल उपलब्ध कराई जाए।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि जिन परिवारों के आवास भूस्खलन एवं मलबे से क्षतिग्रस्त हुए हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर सुरक्षित स्थानों स्थानीय विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों अथवा अन्य सुरक्षित भवनों में अस्थाई रूप से शिफ्ट किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि यदि कोई प्रभावित परिवार किराए पर आवास लेना चाहता है तो उसकी व्यवस्था भी प्रशासन द्वारा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सरकार की पहली प्राथमिकता प्रभावित लोगों की जान-माल की सुरक्षा है। आगामी तीन सितंबर तक मौसम विभाग द्वारा भारी वर्षा का अलर्ट जारी किया गया है। ऐसे में प्रभावित ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

प्रभारी मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के स्पष्ट दिशा-निर्देश हैं कि प्रभावित क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो और हर स्तर पर राहत एवं पुनर्वास कार्यों को प्राथमिकता दी जाए। मुख्यमंत्री स्वयं भी निरंतर आपदा प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर रहे हैं और शासन स्तर पर बैठकें लेकर समीक्षा कर रहे हैं। इस दौरान विधायक रुद्रप्रयाग भरत चौधरी, भाजपा जिला अध्यक्ष भारत भूषण भट्ट, आपदा सचिव विनोद कुमार सुमन, अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा, पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रहलाद कोंडे आदि मौजूद रहे।

### हर मोर्चे पर सक्रिय दिख रहा प्रशासन

**रुद्रप्रयाग।** बसुकेदार क्षेत्रांतर्गत ताल जामण, छेनागाड़ एवं स्यूर गांवों में गुरुवार रात्रि को हुई अतिवृष्टि ने जनजीवन को प्रभावित किया है। अतिवृष्टि के कारण आए जलप्रलय और मलबे की चपेट में आकर पशु लापता हो गए हैं, जबकि कुछ लोगों के लापता होने की भी पुष्टि की गई है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन ने त्वरित संज्ञान लेते हुए राहत एवं बचाव कार्यों की कमान संभाल ली थी। जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने आपदा के तुरंत बाद उच्च स्तरीय नोडल अधिकारियों की टीम को प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों को लेकर तैनात कर दिया था। डीएम ने निर्देश दिए हैं कि प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों को प्राथमिकता पर लिया जाए।

# तुंगनाथी के नाम पर होगा कार्तिक स्वामी मन्दिर पैदल ट्रैकः महाराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** हिमवंत कवि चन्द्र कुंवर बर्तवाल शोध संस्थान सोसाइटी जैसे विशाल वट वृक्ष को खड़ा करने में स्व. डॉ योगम्बर सिंह बर्तवाल तुंगनाथी के योगदान को देखते को जनपद चमोली के तहत विकास खण्ड पोखरी में पर्यटन विभाग के ट्रैकिंग ट्रेक्शन सेन्टर व कनकचौरी (चमोली) से कार्तिक स्वामी मन्दिर (रूद्रप्रयाग) तक पैदल ट्रैक मार्ग (2. 5 किमी) का नामकरण प्रसिद्ध साहित्यकार स्व. डॉ योगम्बर सिंह बर्तवाल तुंगनाथी के नाम पर रखा जायेगा।

यह बात प्रदेश के लोक निर्माण, पर्यटन, सिंचाई, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण, जलागम, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने हिमवंत कवि चन्द्र कुंवर बर्वाल की जंयती पर शनिवार को रिस्पना बाईपास स्थित संस्कृति विभाग के ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में कही।

उन्होंने कार्यक्रम के लिए साहित्य कला एवं संस्कृति के लिए समर्पित हिमवंत कवि चन्द्र कुंवर बतर्वाल शोध संस्थान सोसाइटी के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को धन्यवाद देते हुए कहा कि जनपद रूद्रप्रयाग, अगस्त्यमुनि के मालकोटी गांव में जन्में हिमवंत कवि के नाम से प्रसिद्ध वरिष्ठ साहित्यकार चन्द्र कुंवर बतर्वाल ने 13 वर्ष की आयु से लेकर 28 वर्ष की आयु तक 750 से अधिक कविताओं, 25 से अधिक कहानियां और कई व्यंग्य लेख लिखे। अपने जीवन के अल्प कालखण्ड में साहित्य जगत में दिया गया उनका योगदान अकल्पनीय है।

महाराज ने कहा कि यदि चन्द्र कुंवर बतर्वाल के उपलब्ध साहित्य का सही ढंग से मूल्याकंन किया जाय तो वह उस स्थान को हासिल कर सकते है जिसके सही मायने में हकदार थे।महाराज ने कहा कि हिमवंत कवि चन्द्र कुंवर बर्तवाल शोध संस्थान सोसाइटी जिसके बैनर तले हम आज चन्द्र कुंवर बर्तवाल की जंयती पर यहां एकत्रित हुए हैं इस संस्थान की स्थापना भी साहित्यकार स्व. डॉ योगम्बर सिंह बर्तवाल तुंगनाथी ने ही की है।

# यूपीईएस ने ड्रिष्टिकोन में उद्योग दिग्गजों से किया संवाद

- शिक्षा जगत की भूमिका को नए सिरे से परिभाषित करने की जरूरतः डॉ. राम,वैश्विक कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उद्योग-अकादमिक सहयोग की नई पहल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** यूपीईएस ने अपने परिसर में ड्रिष्टिकोन, द इंडस्ट्री डे का पहला संस्करण आयोजित किया। इस अवसर पर देश-विदेश की नामी कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारी, शिक्षाविद और छात्र एकत्रित हुए और उद्योग-अकादमिक सहयोग को मजबूत करने के लिए विचार-विमर्श किया।

यूपीईएस के कुलपति डॉ. राम शर्मा तथा विश्वविद्यालय के डीन और अकादमिक नेताओं ने किया। इस मौके पर चेयरमैन ऑनवर्ड टेक्नोलॉजीज हरीश मेहता, आरती कपूर, सुरज क्षेत्री, पार्था पी. रॉय चौधरी, तनु सिन्हा, थाज मैथ्यू, डॉ. श्रवणी शाहापुरे, विराट शर्मा, अंकित भार्गव, देबज्योति मोहंती, ध्रुव को. हली, अर्चना श्रीवास्तव, स्वप्ना सां. गरी और कपिल मुरलीधर शर्मा आदि शामिल हुए।यूपीईएस के विभिन्न स्कूलों के फैकल्टी ने उद्योग क्षेत्रों से जुड़े सत्र आयोजित किए और छात्रों के प्रोजेक्ट्स, शोध कार्य और विश्व. विद्यालय की क्षमताओं को प्रस्तुत किया।हरीश मेहता ने कहा कि "एआई, रोबोटिक्स, बायोटेक और क्वांटम तकनीकें गरीबी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी चुनौतियों को हल करने की क्षमता रखती हैं।

इसके बाद दो पैनल चर्चाएँ आयोजित हुईं। पहली थी स्किल्स ऑफ द फ्यूचर जिसमें तेजी से बदलती तकनीकों के बीच प्रतिभा रणनीति पर चर्चा हुई। दूसरी थी डीकोडिंग जेन-जेड जिसमें छात्रों की अपेक्षाओं और उद्योग को उनके अनुरूप कैसे ढलना चाहिए, इस पर विचार किया गया।कार्यक्रम के समापन पर कुल. पति डॉ. राम शर्मा ने कहा, ड्रिष्टिकोन केवल एक इंडस्ट्री इंटरैक्शन नहीं, बल्कि शिक्षा जगत की भूमिका को नए सिरे से परिभाषित करने का प्रयास है। यूपीईएस को हम एक ऐसा जीवंत केंद्र मानते हैं, जहां विचार उद्योग और कक्षा के बीच सहजता से बहते हैं। इसी से भविष्य-तैयारी केवल नारा नहीं, बल्कि अनुभव बनती है।

# अवरुद्ध हुई सड़कों को प्राथमिकता पर खोला जाएः जोशी

- ग्राम्य विकास मंत्री ने की बरसात के कारण पीएमजीएसवाई की बाधित सड़कों की समीक्षा



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को अपने कैंप कार्यालय में यूआरआरडीए के अधिकारियों के साथ प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत बरसात से बाधित सड़कों की समीक्षा की।

बैठक में जोशी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि बरसात के कारण अवरुद्ध हुई सड़कों को प्राथमिकता के आधार पर खोला जाए। ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने दूरभाष के माध्यम से मुख्य सचिव से दूरभाष के माध्यम से वार्ता कर बरसात में क्षतिग्रस्त एवं बह चुके पुलों के शीघ्र पुनर्निर्माण के लिए ठोस कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि इन पुलों के पुनर्निर्माण में तेजी लाई जाए ताकि ग्रामीणों को आवागमन की कठिनाइयों से शीघ्र निजात मिल सके।

बैठक में अधिकारियों द्वारा दी गई जानकारी दी गई कि प्रदेश में लगातार हो रही भारी वर्षा के चलते फिलहाल प्रदेशभर में कुल 166 सड़कें अवरुद्ध हैं, जिनमें गढ़वाल मंडल की 142 एवं कुमाऊं मंडल की 24 सड़कें शामिल हैं। वहीं, बरसात के कारण प्रदेश में अब तक कुल 07 पुल क्षतिग्रस्त हुए हैं, जिनमें से 02 पुल पूरी तरह बह गए हैं। कुमाऊं क्षेत्र के पिथौरागढ़ जनपद के धारचूला स्थित सोबला उमचिया में 01 पुल तथा गढ़वाल क्षेत्र के जनपद रुद्रप्रयाग के जखोली ब्लॉक में खोली रणधार-बधाणीताल से खोड बक्सीर-छेनागड़ मोटर मार्ग का 01 पुल बह गया है।अधिकारियों ने बताया कि सड़कों एवं पुलों की बहाली कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। गढ़वाल क्षेत्र में 91 और कुमाऊं क्षेत्र में 13 जेसीबी मशीनों को अवरुद्ध मार्गों को खोलने के कार्यों में लगाया गया है।

बैठक में यूआरआरडीए के मुख्य अभियंता संजय कुमार पाठक सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### विधायक ने किया आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

**रुद्रप्रयाग।** विधायक भरत सिंह चौधरी ने आपदा प्रभावित जखोली तहसील एवं बसुकेदार तहसील के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने कहा कि छेनागाढ़ क्षेत्र पूरी तरह तबाह हो गया है, जहां आठ लोग इस आपदा में लापता हैं। उनकी खोजबीन के लिए एनडीआरएफ, एसडीआरएफ व डीडीआरएफ की टीमें रेस्क्यू अभियान में लगाई गई हैं। अभी सड़क मार्ग कई जगह पर पूर्ण तरह क्षतिग्रस्त हैं, जिसको ठीक करने के लिए मशीन लगाई गई हैं। बसुकेदार तहसील के कई गांवों के साथ स्यूर, पूर्वी बांगर, सहित फुटगढ क्षेत्र का सम्पर्क इस आपदा के कारण कट गया। जिसको बहाल करने के लिए मशीने लगवाई गई हैं।

# भट्ट ने किया रुद्रप्रयाग एवं चमोली के आपदाग्रस्त क्षेत्र का दौरा



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने रुद्रप्रयाग एवं चमोली के आपदाग्रस्त क्षेत्र का दौरा किया है। इस दौरान आपदा प्रभावितों को पूरी मदद का भरोसा दिलाते हुए, उन्होंने रेस्क्यू से जुड़े अधिकारियों से स्थिति की जानकारी ली। वहीं स्थानीय कार्यकर्ताओं द्वारा राहत बचाव कार्यों में किए सहयोग की प्रशंसा करते हुए, सभी प्रभावितों के लिए खाना-पीना, दवाई, आश्रय आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने दौरे की जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेशाध्यक्ष ने रुद्रप्रयाग जनपद के बासुकेदार, अगस्तमुनि और चमोली के चेपड़ो ,देवाल, थराली आदि आपदा प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। जिसके अंतर्गत उन्होंने जान माल की हानि सहने वाले पीड़ितों एवं प्रभावितों से बातचीत की। उनका हौसला बढ़ाते हुए, विश्वास दिलाया कि सरकार और संगठन उनके साथ पूरी तरह खड़ा है। मुख्यमंत्री धामी ने स्वयं सभी प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय दौरा किया है और नुकसान का जायजा लिया है। वहीं अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा जिन लोगों ने इस त्रासदी में जान गंवाई है, उनकी कमी तो कोई पूरा नहीं कर सकता है।

इस दौरान उनके साथ थराली विधायक और स्थानीय प्रशासन एसडीम समेत कई अधिकारी एवं पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

# हेलीकॉप्टर से पहुंचाई जा रही राहत सामग्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** तहसील बसुकेदार के उच्छोला क्षेत्र में आपदा से भारी तबाही मची है, जिस कारण गांव को जाने वाला मोटरमार्ग के साथ ही सम्पर्क मार्ग ध्वस्त हो गए हैं। साथ ही बिजली व्यवस्था भी ठप पड़ी गई है, जिससे ग्रामीणों के फोन बंद हो गए हैं और वे संपर्क नहीं साध पा रहे हैं। प्रशासन की ओर से क्षेत्र में खाने-पीने की सामग्री को हेलीकॉप्टर के माध्यम से भिजवाया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को कुछ राहत मिल रही है। क्षेत्र में आपदा से बहुत ज्यादा नुकसान हुआ है।

जिले के बसुकेदार क्षेत्र के कई इलाकों में बीती गुरूवार की रात बादल फटने से भारी नुकसान हुआ है। तहसील के उच्छोला गांव में बादल फटने की घटना से गांव में अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ है। बिजली-पानी की लाइने आपदा की भेंट चढ़ चुकी हैं। ज्येष्ठ प्रमुख नवीन सेमवाल ने बताया कि आपदा से उच्छोला गांव में बहुत ज्यादा नुकसान हुआ है। आने-जाने के रास्ते बंद हैं। ग्रामीण घरों में कैद होकर रह गए हैं। उनके सामने बहुत सारी परेशानियां आ रही हैं। सड़क मार्ग और पैदल मार्ग बंद होने से ग्रामीण कई आ-जा नहीं पा रहे हैं तो लाइट नहीं होने से उनकी फोन की बैटरी भी खत्म हो गई है।

वहीं उच्छोला में भारी नुकसान को देखते हुए जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने राहत एवं बचाव कार्यों की प्रतिपूर्ति के लिये अधिकारियों की तैनाती की है, जिसमें रजत सुमन, उप वन संरक्षक, वन प्रभाग रुद्रप्रयाग, नोडल अधिकारी, सुश्री याक्षी अरोड़ा, उप जिलाधिकारी, रूद्रप्रयाग, सहायक नोडल अधिकारी, राहुल चौबे, जिला पर्यटन विकास अधिकारी, रूद्रप्रयाग, सहायक नोडल अधिकारी को नियुक्त किया है। विद्युत विभाग, जल संस्थान व लोक निर्माण विभाग से समन्वय स्थापित कर ग्राम पंचायत क्षेत्र में विद्युत, पेयजल एवं सड़क मार्ग की व्यवस्थाओं को तत्परता से सुचारू करेंगे। उच्छोला में राशन व राहत सामग्री हेलीकॉप्टर से पहुँचाने के लिए अभियान के तहत कार्य करेंगे।

# सफाई मानकों का उल्लंघन करने पर नगर आयुक्त सख्त

- देहरादून साफ स्वच्छ बनने को तत्परः नगर आयुक्त, शहर के विभिन्न क्षेत्रों का किया औचक निरीक्षण



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** शहर में स्वच्छता एवं सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए निरंतर कार्रवाई की जा रही है। हाल ही में डोर टू डोर कूड़ा उठान, जीवीपी समय से साफ न होने तथा सड़कों के किनारे कूड़ा जमा होने की शिकायतें प्राप्त हो रही थी।

निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त द्वारा राजा रोड, टैगोर विला, अंसारी मार्ग, आईएमए चकराता रोड का भ्रमण किया गया। राजा रोड पर निरीक्षण के समय तीन व्यापारी सड़क पर कूड़ा फेंकते हुए पाए गए, जिसपर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित के विरुद्ध 5000, 2000 एवं 500 का दंड/चालान करने के लिए सफाई निरीक्षक को निर्देश दिए।

इसके बाद कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों के समय पर खाली न होने की शिकायतों के दृष्टिगत नगर आयुक्त ने कारगी स्थित मशीनीकृत ट्रांसफर स्टेशन का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि ट्रांसफर स्टेशन का संचालन पूर्ण दक्षता एवं व्यवस्थित ढंग से किया जाए ताकि किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

### सार्वजनिक स्थान पर कूड़ा फेंकने वालों को दी हिदायत

नगर आयुक्त ने सभी सीएसआई/ एसआई को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्रों की सभी मार्केटप्लेस में जिंगल के माध्यम से यह प्रचार किए जाए कि कोई भी व्यक्ति या प्रतिष्ठान स्वामी सड़क पर गंदगी फैलाते पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कठोर चालानी कार्रवाई की जाएगी, साथ ही नागरिकों से यह अपील की गई कि वे अपने घर, दुकान एवं प्रतिष्ठानों का कूड़ा सीधे नगर निगम की डोर-टू-डोर कलेक्शन गाड़ियों में ही डालें और शहर की स्वच्छता व्यवस्था में सहयोग करें। नगर निगम देहरादून आमजन से पुनः यह निवेदन करता है कि शहर को स्वच्छ बनाए रखने हेतु निगम की गाड़ियों का ही उपयोग करें, खुले में कूड़ा न डालें और स्वच्छ देहरादून बनाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

# आनंद चौक पेयजल योजना का सीडीओ ने किया स्थलीय निरीक्षण

**■ जौनपुर विकासखंड में संचालित पेयजल योजना से ग्रामीणों को राहत, सीडीओ ने दिए आवश्यक निर्देश पेयजल समस्या के समाधान पर ग्रामीणों ने जताया आभार, अतिरिक्त टैंक और पाइपलाइन की उठी मांग**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जनपद टिहरी गढ़वाल की मुख्य विकास अधिकारी वरुणा अग्रवाल ने 29 अगस्त को जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्मित जौनपुर विकासखंड की आनंद चौक ग्राम समूह पंपिंग पेयजल योजना का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने योजना की प्रगति, जल शोधन प्रक्रिया और जलापूर्ति व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया।

सीडीओ ने हटवाल गांव के समीप बने मुख्य पंपिंग स्टेशन और 4.5 एम.एल.डी. क्षमता वाले वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का स्थलीय निरीक्षण कर जल शोधन एवं पंपिंग से जुड़ी तकनीकी प्रक्रियाओं की जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही आनंद चौक हेतु निर्मित जलाशय से हो रही आपूर्ति का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी परिस्थिति में जलापूर्ति बाधित न हो और हर घर तक पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पानी पहुंच सके।

निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से बातचीत कर योजना के संचालन और आपूर्ति व्यवस्था पर जानकारी ली। जनप्रतिनिधियों ने बताया कि लंबे समय से क्षेत्र में पेयजल संकट की स्थिति बनी हुई थी, लेकिन इस योजना के क्रियान्वयन से बड़ी राहत मिली है।

उन्होंने जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी और संबंधित विभागीय अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। हालांकि कुछ दूरस्थ घरों तक पानी कम पहुंचने की समस्या सामने आई, जिस पर ग्रामीणों ने अतिरिक्त टैंक और नई पाइपलाइन की मांग उठाई। इस पर सीडीओ ने पेयजल निगम के अधिकारियों को संशोधित प्राक्कलन तैयार कर स्वीकृति के बाद आवश्यक प्रावधान करने के निर्देश दिए।

ग्रामीणों और प्रतिनिधियों ने इस मौके पर अन्य स्थानीय समस्याएं भी रखीं। इनमें हटवाल गांव के क्षतिग्रस्त पैदल मार्ग की मरम्मत, राजकीय इंटर कॉलेज मरोड़ा में सुरक्षा दीवार का निर्माण, ग्राम मझगांव में भूस्खलन से आवासीय भवनों पर मंडरा रहे खतरे और राजकीय इंटर कॉलेज आनंद चौक की क्षतिग्रस्त छत एवं सुरक्षा दीवार की समस्या प्रमुख रहीं। मुख्य विकास अधिकारी ने इन मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य सीता देवी मनवाल, ग्राम प्रधान करिश्मा देवी, वीरपाल सिंह कठैत, देवेंद्र सिंह राणा, मीना देवी, पूर्व प्रधान जयसिंह अजवाण सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। वहीं अधीक्षण अभियंता उत्तराखंड पेयजल निगम संदीप कश्यप, अधिशासी अभियंता के.एन. सेमवाल, दीप्तांशु पांडे, सहायक अभियंता राजवीर राणा, सुभाष कोटनाला, अपर सहायक अभियंता सुशील सेमल्टी और हपशिबा कुमारी भी उपस्थित रहे।

## नशे से दूर रहकर युवाओं को खेलों की ओर ध्यान लगाए:प्रो. सेमवाल

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय खेल दिवस महोत्सव के चौथे दिन शनिवार को रस्साकसी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने अपना दमखम दिखाया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि गढ़वाल विवि के राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. एमएम सेमवाल ने प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए कहा कि नशे से दूर रहकर युवाओं को खेलों की ओर ध्यान लगाना चाहिए। खेलों में पदक जीतकर युवा अपने साथ-साथ प्रदेश व देश का नाम रोशन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि नशा से होने नुकसान से आमजन को जागरूक कर इसके बढ़ते प्रभाव को कम किया जा सकता है।

## जनता को गुमराह कर रही भाजपा : डा. हरक सिंह रावत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार ।** पूर्व काबीना मंत्री डा. हरक सिंह रावत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जनता को गुमराह करने का कार्य कर रही है। प्रदेश में लगातार अपराध, भ्रष्टाचार बढ़ता जा रहा है। कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में जनता भाजपा को जवाब देगी।



कोटद्वार पहुंचे पूर्व काबीना मंत्री डा. हरक सिंह रावत ने कांग्रेस कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता की। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में कोटद्वार विधानसभा में कई महत्वाकांक्षी योजनाओं की शुरूआत की गई थी। लेकिन, भाजपा सरकार के तीन वर्ष पूरे होने पर भी धरातल पर विकास कार्य नहीं दिखाई दे रहे है। कहा कि वर्तमान विधायक सिर्फ पुराने स्वीकृत कार्यों को अपना बता जनता को गुमराह कर रही है। उन्होंने दावा किया कि पाखरो टाइगर सफारी को कोर्ट से हरी झंडी मिल गई है। लेकिन, सरकार उस पर निर्माण कार्य शुरू नहीं करवा रही है। उन्होंने क्षेत्रीय विधायक पर मेडिकल कालेज को लेकर भी भ्रम फैलाने का आरोप लगाया। लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग भी अधर में लटका हुआ है। डा. रावत ने विधानसभा कोटद्वार में कराए जा रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल उठाए। इस मौके पर जिलाध्यक्ष विनोद डबराल, रंजना रावत, बलवीर सिंह रावत, विपिन डोबरियाल, सुरेंद्र सिंह रावत मौजूद रहे।

## आपदा प्रभावितों को दी गई सहायता राशि नाम मात्र:डॉ. हरक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** कांग्रेस नेता डा. हरक सिंह रावत ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उत्तराखंड के धराली, थराली और पौड़ी के थलीसैंण में आई आपदा के बाद पीड़ितों को उचित आपदा सहायता राशि नहीं दी गयी है। कहा कि राज्य सरकार द्वारा आपदा पीड़ितों को दी जा रही ढाई से तीन हजार रूपये की सहायता राशि बस नाममात्र की है। शनिवार को आपदा प्रभावित क्षेत्र थलीसैंण का दौरा कर वरिष्ठ कांग्रेस नेता डा. हरक सिंह रावत ने जीएमवीएन श्रीनगर में पत्रकारों से वार्ता कर डॉ हरक सिंह ने कहा कि 2013 की भीषण आपदा के बाद इस बार उत्तराखंड में बड़ी मात्रा में क्षति हुई है। कहा कि केदारनाथ आपदा के समय वह खुद कैबिनेट मंत्री थे। उन्होंने खुद केंद्र सरकार से पर्वतीय क्षेत्रों की भौगोलिक परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए आपदा प्रभावितों को उनके हुए नुकसान राशि को वापस लौटाया था। कहा कि श्रीनगर क्षेत्र के विकास के लिये उन्होंने अपना पूरा योगदान दिया है। बताया कि श्रीनगर मेडिकल कालेज के बेस अस्पताल ,गढवाल विवि को केन्द्रीय विवि, श्रीनगर तहसील और तहसील भवन, महिला थाना,नर्सिंग कालेज खंडाह बनाने में उनकी बड़ी भूमिका रही है। कांग्रेस सरकार के दौरान गहड़ में पशु महाविद्यालय और नर्सिंग कालेज की जमीन और धनराशि स्वीकृति हो जाने के बाद भी भाजपा की सरकार काम नहीं कर पायी है।

# श्रीनगर में 5 दिनों से जलापूर्ति न होने से हाहाकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** नगर निगम क्षेत्रांर्गत विभिन्न वार्डों में बीते पांच दिनों से पेयजलापूर्ति पूर्ण रूप से ठप पड़ी हुई है। जिसके चलते स्थानीय लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों को टैंकरों के माध्यम से पेयजलापूर्ति की जा रही है। स्थानीय निवासी यशीश रावत, उषा रावत, राजेश असवाल, कैलेश कांडपाल, सुदीप सेमवाल, शिवांगी डोभाल, जयदेव चौहान, प्रदीप डोभाल ने कहा कि बीते पांच दिनों से पेयजलापूर्ति न होने से उन्हें हेंडपंप के माध्यम से पानी ढोना पड़ रहा है। कहा कि पेयजलापूर्ति न होने से लोगों को पानी के लिए दरबदर भटकना पड़ रहा है। कहा कि पेयजल समस्या को लेकर कई बार विभागीय



अधिकारियों को बताया गया है, बावजूद भी अभी तक पेयजल की आपूर्ति नहीं हो पाई है। वहीं नगर निगम की महापौर आरती भंडारी ने कहा कि विगत कुछ दिनों से श्रीनगर जल संकट की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। भारी बारिश के चलते शहर की मुख्य जल आपूर्ति पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिससे नगरवासियों को पेयजल की आपूर्ति में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि जल संस्थान द्वारा आपातकालीन स्थिति में पुराने पंपों को पुनः क्रियाशील कर जल आपूर्ति बहाल करने के प्रयास किए जा रहे हैं, किन्तु अब तक पर्याप्त सफलता नहीं मिल पाई है। कहा कि जनमानस की पेयजल सम्बंधित समस्याओं को देखते हुए उन्होने जल संस्थान और नगर निगम के अधिकारियों को नगर निगम के सभी पानी के टैंकरों को सक्रिय और विभिन्न क्षेत्रों में जल वितरण सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गये है। इधर, जल संस्थान के अधिशासी अभियंता प्रवीन कुमार सैनी ने बताया कि जीवीके बांधत्र परियोजना से जल संस्थान को पहुंच रही लाइन जगह-जगह क्षतिग्रस्त होने के कारण पेयजल समस्या उत्पन्न हुई है। बताया कि अलकनंदा नदी का जलस्तर बढ़ने से पंप भी पूर्ण रूप से ढुब गयी थे। जिसके चलते पेयजलापूर्ति समय पर नहीं हो पाई है। बताया कि शनिवार सांय तक पेयजलापूर्ति बहाल कर दी जायेगी।

## एक नजर .......

### चमोली में 160 प्रधान और 874 ग्राम पंचायत सदस्यों ने ली पद और गोपनीयता की शपथ



**चमोली।** चमोली जनपद में सभी ब्लॉक मुख्यालयों पर राज्य निर्वाचन आयोग के आदेशों के क्रम में प्रधान ग्राम पंचायत और सदस्य ग्राम पंचायतों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। जिसके तहत बुधवार को जनपद के 160 प्रधान ग्राम पंचायतों ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। इसी दौरान जनपद के 874 सदस्य ग्राम पंचायतों ने भी शपथ ली। जिला पंचायती राज अधिकारी रमेश चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि जनपद में कुल 615 प्रधान ग्राम पंचायत के पदों के सापेक्ष 609 ग्राम प्रधान पदों पर निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण की गई थी। जिनमें से जनपद में 167 ग्राम पंचायतें ही संगठित हो पाई हैं। ऐसे में बुधवार को 160 प्रधानों और 874 सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई है। उन्होंने कहा कि जनपद की अन्य 7 संगठित ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों को कतिपय कारणों से शपथ नहीं दिलाई जा सकी है। शीघ्र पुनः कार्यक्रम निर्धारित कर शेष ग्राम प्रधानों को भी पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी। उल्लेखनीय है कि बुधवार को दशोली ब्लॉक के 20, ज्योतिर्मठ के 7, पोखरी के 16, नंदानगर के 4, कर्णप्रयाग के 23, गैरसैंण के 29, नारायणबगड़ के 30, थराली के 19, देवाल के 12 प्रधानों ने शपथ ग्रहण की है।

### गुमराह कर भूमि खरीदने का आरोप, ग्रामीणों ने जताया रोष

**कोटद्वार ।** एक व्यक्ति पर गुमराह कर गांव की भूमि खरीदने का आरोप लगाते हुए द्वारीखाल ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम तोली के ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से उनकी भूमि वापस दिलवाने की मांग उठाई। कहा कि ग्रामीणों से सरकारी दाम से भी कम मूल्यों में भूमि खरीदी गई है। ऐसे में पूरे मामले की जांच होनी चाहिए। वहीं, मौके पर पहुंची प्रशासन की टीम ने ग्रामीणों को भूमि का दाखिल- खारिज नहीं करने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों के विरोध के बाद तहसीलदार साक्षी उपाध्याय मौके पर पहुंची। ग्रामीणों ने उन्हें पूरे मामले से अवगत करवाया। कहा कि एक व्यक्ति ने ग्रामीणों को गुमराह कर गांव की भूमि सरकारी दर से भी कम कीमत में खरीद ली। यही नहीं, व्यक्ति ने सह खाताधारकों की भूमि भी फर्जी तरीके से हड़प ली है। इतना ही नहीं, कई ग्रामीणों के खाली सफेद पेज में हस्ताक्षर भी करवाए गए। बताया कि उक्त व्यक्ति अपने द्वारा खरीदी गई इस भूमि को बाहरी व्यक्ति, कंपनी व एजेंसी को बेचने की तैयारी कर रहा है। कहा कि यदि जल्द से जल्द ग्रामीणों की भूमि को वापस नहीं लौटाया गया तो ग्रामीण आंदोलन को मजबूर होंगे। इस मौके पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख रुचि कैंत्यूरा, विजय सिंह, जितेंद्र सिंह, पंचम सिंह, चंद्रन सिंह, भारत चंद्र, ऊषा देवी, सोहन सिंह आदि मौजूद रहे।

### कोटद्वार में डेंगू ने दी दस्तक,



कोटद्वार । बरसात का मौसम शुरू होने के बाद मच्छरों का खतरा बढ़ जाता है। डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया जैसे मामले आना शुरू हो जाते हैं। सबसे अधिक डेंगू के मामले आते हैं। इस वर्ष भी कुछ दिनों में विभिन्न अस्पतालों में डेंगू के मामले दर्ज हो रहे हैं। वर्तमान समय में विगत तीन दिनों में राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार में डेंगू के दो मरीज भर्ती हैं । हालांकि इस बार अभी तक बीते वर्ष की तुलना में स्थिति नियंत्रण में है। डॉ जेसी ध्यानी ने बताया कि अभी वायरल फीवर चल रहा है । डेंगू में अभी तक स्थिति नियंत्रण में है। इस बार अभी तक अधिक मामले दर्ज नहीं हुए हैं। हालांकि सितंबर और अक्टूबर महीनों में मामले अधिक आते हैं। लेकिन विभाग ने डेंगू से निपटने के लिए तैयारियां की हुई है।

# ढोल और ढोली के सांस्कृतिक महत्व पर विशेषज्ञों ने रखे विचार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार की पहल और संगीत नाटक अकादमी नई दिल्ली के सौजन्य से "आधुनिक युग में ढोल और ढोली का सांस्कृतिक महत्व" विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। टैगोर नेशनल स्कॉलर डॉ. विकास फोंदणी के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने ढोल सागर, ढोल विधा और इसके सामाजिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर विस्तार से चर्चा की।



डायट सभागार में आयोजित इस सेमिनार का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. हेमलता भट्ट ने दीप प्रज्वलित कर किया। सुरगंगा संगीत विद्यालय की सांस्कृतिक टीम की मीनाक्षी सेमवाल और समीक्षा सेमवाल ने मंगलाचरण प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शुरुआत की। संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित प्रो. डीआर पुरोहित ने ढोल को संस्कृति का सबसे महत्वपूर्ण वाद्य बताते हुए इसकी सामाजिक उपयोगिता और परंपरागत महत्व को विस्तार से समझाया।

सेमिनार का मुख्य आकर्षण राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित डॉ. सोहन लाल की प्रस्तुति रही। उन्होंने ढोल के प्रयोगात्मक स्वरूप से श्रोताओं को अवगत कराया और विभिन्न तालों की शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान सुखारु लाल ने उनका बेहतरीन साथ निभाया। संयोजक डॉ. विकास फोंदणी ने ढोल और ढोली पर आधारित अपने परिचयात्मक वृत्तचित्र का प्रदर्शन किया, जिसमें समय के साथ हुए सांस्कृतिक परिवर्तनों को दर्शाया गया।

वरिष्ठ पत्रकार और रंगकर्मी महीपाल सिंह नेगी ने ढोल के संवादात्मक स्वरूप को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समझाते हुए इसे "बिग बैंग थ्योरी" से जोड़ा। वहीं, हेमवती नंदन बहुगुणा केंद्रीय गढ़वाल विश्वविद्यालय के संगीत विभाग के डॉ. राजेश जोशी ने ढोल के शास्त्रीय पक्ष को उजागर करते हुए इसकी तालों का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में अरविंद कोहली ने जागर गायन की भावपूर्ण प्रस्तुति दी, जिनके साथ ढोल और दमाऊ पर सौरभ और दिव्यांश जखमोला ने संगत की।

इस मौके पर आदित्य पांडेय, आयुष डोभाल, डॉ. राज किशोर, दीपक रतूड़ी, डॉ. सुमन नेगी, राजेंद्र बडोनी, अर्जुन चंद्र, डॉ. यूएस नेगी, विनोद बेंजवाल, मोहित नेगी, हरीश बडोनी, बीडी कुनियाल समेत बड़ी संख्या में श्रोता और सांस्कृतिक प्रेमी उपस्थित रहे।

## धारी देवी की सुरक्षा के लिए किए जायेंगे उपाय:डॉ. रावत

**श्रीनगर।** कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने शनिवार को कलियासौड़ पहुंचकर सिद्धपीठ मां धारी देवी के दर्शन कर आर्शीवाद लिया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने मंदिर समिति की बैठक ली। बैठक में पुजारियों ने मंदिर के सुरक्षा को लेकर कडे उपाय करने की मांग की हे। मौके पर कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने सिंचाई विभाग को पुल के किनारे सुरक्षा दीवार का आकलन (आगणन) तैयार करने के निर्देश दिए। जिससे भविष्य में पुल को किसी भी प्रकार की क्षति का सामना न करना पड़े और श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए किसी तरह की असुविधा न हो।

## भुटली गांव में मकान की दीवार गिरी, परिवार के पांच लोग सुरक्षित निकाले गए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** नरेंद्रनगर ब्लॉक की पालकोट पट्टी के ग्राम भुटली में शनिवार तड़के बड़ा हादसा होते-होते टल गया। सुबह करीब चार बजे अरविंद सिंह कैंतुरा के आवासीय भवन की ऊपरी मंजिल की दीवार अचानक भरभराकर गिर गई। हादसे के समय घर में परिवार के पांच सदस्य सो रहे थे, जो मलबे में दब गए।

घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव कार्य शुरू कर दिया। ग्रामीणों की तत्परता से सभी पांचों सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। हादसे की सूचना तुरंत तहसील प्रशासन को दी गई। इसके बाद तहसीलदार तिवारी, राजस्व उपनिरीक्षक नरेंद्र राणा सहित प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची। सभी के प्रयास से अरविंद सिंह, उनकी पत्नी बबीता देवी, पुत्रियां तान्या और अनन्या तथा माता मंगली देवी को सुरक्षित बाहर निकाला गया। मौके पर मौजूद डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी को स्वस्थ बताते हुए छुट्टी दे दी। टूट जाने से परिवार का राशन, कपड़े, बिस्तर और घरेलू सामान मलबे में दबकर नष्ट हो गया। राजस्व प्रशासन ने प्रभावित परिवार को तत्काल मिलन केंद्र भुटली में शिफ्ट किया।

## दुगड्डा ब्लॉक प्रमुख और क्षेत्र पंचायत सदस्यों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित

**कोटद्वार ।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बाद विकासखण्ड दुगड्डा के सभागार में शुक्रवार को ब्लॉक प्रमुख और क्षेत्र पंचायत सदस्यों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस समारोह में निर्वाचित प्रमुख, ज्येष्ठ उप प्रमुख, कनिष्ठ उप्रमुख एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों को शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि यमकेश्वर विधायक रेनू बिष्ट मौजूद रहीं। वहीं निर्वाचित सदस्यों को जिलाधिकारी उद्यान अधिकारी राजेश तिवारी पौड़ी द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कोटद्वार में सरकार व नगर निगम के विरुद्ध प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार ।** बहुद्देश्यीय मोटर नगर बस अड्डा निर्माण में हीला हवाली का आरोप लगाते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शनिवार को मोटर नगर में प्रदेश सरकार व नगर निगम के विरुद्ध धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि बस अड्डा निर्माण सरकार की ढीली कार्यप्रणाली के चलते पूरा नहीं हो पाया है। वक्ताओं ने कहा कि जब कोटद्वार में बहुद्देश्यीय मोटर नगर बस अड्डा निर्माण कार्य आरंभ हुआ था तो जनता में शहर में जाम से निजात मिलने की आस बंधी थी।

कहा कि प्रदेश सरकार के लंबे कार्यकाल के बाद भी इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। सरकार एवं नगर निगम न्यायालय का बहाना बनाकर जिम्मेदारी से बचने का प्रयास कर रहे हैं, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बस अड्डे के निर्माण न होने से नगर क्षेत्र में जगह-जगह वाहनों की पार्किंग हो रही है, जिससे यातायात बाधित हो रहा है और दुर्घटनाओं में वृद्धि हो रही है।

चेतावनी दी कि मोटर अड्डा बस निर्माण कार्य में तजी नहीं लाई गई तो कांग्रेस जन सहयोग से सड़क पर उतरकर आंदोलन करने पर बाध्य होगी। धरना प्रदर्शन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष विनोद डबराल, वरिष्ठ नेत्री रंजना रावत, बलबीर सिंह रावत, प्रेम सिंह पयाल, राजे सिंह आर्य, सुनील सेमवाल, श्रीधर वेदवाल, राकेश कुमार और आलम सिंह रावत सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता शामिल रहे।

## हिमालय और लोकसंस्कृति के प्रहरी पत्रकार क्रांति भट्ट को मिलेगा गिरी गंगा गौरव सम्मान

**■ वरिष्ठ पत्रकार पहाड़ो की संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण एवं जनमानस की आवाज उठाने के लिए होंगे सम्मानित, 36 वर्षों से हिमालय और जनसरोकारों की आवाज बने क्रांति भट्ट**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

आगामी 2 सितम्बर को गोपेश्वर में आयोजित बुग्याल संरक्षण दिवस पर वरिष्ठ पत्रकार एवं हिंदुस्तान दैनिक के चमोली प्रभारी क्रांति भट्ट को गिरी गंगा गौरव सम्मान 2025 से सम्मानित किया जाएगा। बुग्याल संरक्षण समिति ने उनकी 36 वर्षों की उल्लेखनीय पत्रकारिता एवं हिमालय, पर्यावरण और लोकसंस्कृति के संरक्षण को समर्पित लेखनी को देखते हुए यह निर्णय लिया है।

क्रांति भट्ट ने अपनी कलम से हिमालय, नदियों, गाड़-गदेरों, बुग्यालों और लोकसंस्कृति को नयी पहचान दिलाई। जनसरोकारों की समस्याओं को तंत्र तक पहुंचाने से लेकर धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों जैसे नंदा देवी राजजात, हेमकुंड यात्रा, फूलों की घाटी और लोकपर्वों की कवरेज कर उन्होंने पत्रकारिता को जनआंदोलनों और जनभावनाओं से जोड़ा।

अपने 36 वर्षों की पत्रकारिता यात्रा में क्रांति भट्ट ने सदैव पहाड़ में रहकर माटी की सेवा की। वे प्रखर वक्ता, शब्द शिल्पी और सामाजिक सरोकारों के सजग प्रहरी रहे हैं। उनके योगदान से न केवल उत्तराखंड की पत्रकारिता समृद्ध हुई है बल्कि हिमालयी संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण के प्रति नई सोच भी विकसित हुई है।

## अंगदान जागरूकता रैली का किया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार ।** रोटरी क्लब, इनरव्हील क्लब, इनरव्हील पिंक क्लब व इन्ट्रेक्ट क्लब के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को समाज में जागरुकता लाने व अंगदान महादान का सन्देश जन जन तक पहुंचाने के लिए भव्य अंगदान जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में स्कूली बच्चों, रोटरी क्लब व इनरव्हील क्लब के सदस्यों ने भाग लिया।

रैली का आरंभ नजीबाबाद रोड स्थित एक बारातघर से नगर निगम महापौर शैलेन्द्र सिंह रावत ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अंगदान महादान होता है।

अंगदान के लिए अभी समाज को जागरूक करने की जरुरत है। इसके लिए रोटरी क्लब अच्छा कार्य कर रहा है। रोटरी क्लब के अध्यक्ष ऋषि ऐरन ने कहा कि रैली निकालने का उद्देश्य समाज मे अंगदान के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना और अधिक से अधिक लोगों को इस पुण्य कार्य से जोड़ना है। वहीं गिरिराज सिंह रावत ने अंगदान महादान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके परिवार से कई सदस्यो ने अंगदान व नेत्रदान किया है। रैली शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए मालवीय उद्यान पहुंचकर संपन्न हुई।

## दशोली ब्लॉक में नव नियुक्त प्रमुख, सदस्यों, प्रधानों को एसडीएम ने दिलाई शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोपेश्वर।** चमोली जिले के दशोली विकास खंड में उप जिलाधिकारी चमोली आरके पाडेय ने नवनिर्वाचत प्रमुख विनीता देवी, ज्येष्ठ उप प्रमुख विपिन कंडारी, कनिष्ठ उप प्रमुख शालिनी खत्री के साथ ही सदस्यों को शपथ दिलाई गई।इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य सैंजी दीपा राणा ने भोज पत्र के माला पहना कर नव नियुक्त ब्लॉक प्रमुख का स्वागत किया।




इस मौके पर प्रमुख विनीता देवी ने क्षेत्र के विकास के लिए सभी के सहयोग का अपील की। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष गजपाल बर्वाल, डीसीबी के पूर्व चेयरमैन गजेंद्र रावत, नपा अध्यक्ष संदीप रावत, जिला पंचायत सदस्य संतोषी, विपिन फरस्वाण, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सैंजी दीपा राणा, पूर्व प्रधान ब्यारा बृज लाल,मोहन नेगी, नंदन बिष्ट, वीरेंद्र रावत, दीपक पंत सतेंद्र असवाल, भरत राणा,विनोद कनवासी, योगेंद्र सेमवाल के साथ तमाम क्षेत्र पंचायत सदस्य व प्रधान मौजूद रहे।

# एमडीडीए की ऋषिकेश में अवैध निर्माणों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने अवैध निर्माणों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने स्पष्ट कहा कि नियमों को ताक पर रखकर किए जा रहे अनधिकृत निर्माण किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे।

मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) क्षेत्र अतंर्गत ऋषिकेश और आसपास के क्षेत्रों में कई अवैध निर्माणों के विरुद्ध सील की कार्यवाही करते हुए ऋषिकेश शहर में अखण्ड आश्रम गली नं0-4, आवास विकास के समीप श्री पुजारा एंव विस्थापित गली न-10 एंव 11 में बहुमंजिला इमारतों पर कार्यवाही करते हुए निर्माणों को सील किया गया। सीलिंग की कार्यवाही सचिव मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण की ओर से गठित टीम ने संयुक्त सचिव के नेतृत्व में सम्पन्न करायी। विशेष रूप से गली नंबर-10, निर्मल बाग बी, विरशानित, ऋषिकेश में लगभग 20x30 फीट क्षेत्रफल में भू-तल से लेकर तृतीय तल तक बिना स्वीकृति का निर्माण पाया गया। इसमें उत्तराखण्ड नगर एवं ग्राम नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 का स्पष्ट उल्लंघन पाया गया। प्राधिकरण ने पहले ही निर्माणकर्ताओं को नोटिस जारी किया था, लेकिन समयावधि में कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इसके बाद गत 25 अगस्त को अंतिम अवसर दिया गया, फिर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद एमडीडीए ने इस भवन को सील कर दिया। पुलिस बल की मौजूदगी में सीलिंग की कार्रवाई की गई।

**■ मुख्यमंत्री धामी के निर्देश पर 11 बहुमंजिले अवैध निर्माण किए गये सील**



### ऋषिकेश में सीलिंग के प्रमुख मामले

1- निर्मल बाग, गली नंबर 11 में मनीष अग्रवाल द्वारा 30x70 फीट क्षेत्रफल पर प्रथम और द्वितीय तल का निर्माण नियम विरूद्व किया जा रहा था। प्राधिकरण ने पहले ही निमार्णकर्ता को नोटिस जारी किया था, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर अवैध निर्माण को सील कर दिया गया।

2- गली नंबर 11 में रघुन शर्मा द्वारा 30x50 फीट क्षेत्र पर भू-तल और प्रथम तल का अवैध निर्माण नोटिस के बावजूद नियम विरूद्व किया जा रहा था। प्राधिकरण ने पहले ही निमार्णकर्ता को नोटिस जारी किया था, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर अवैध निर्माण को सील कर दिया गया।

3- वीरभद्र रोड पर प्रदीप दुबे द्वारा अवैध निर्माण करने पर पहले अधूरी कार्रवाई हुई थी। पुलिस बल की मदद के साथ नियम विरूद्व अवैध निर्माण को सील कर दिया गया।

4- निर्मल बाग, गली नंबर 10 में रवि द्वारा 30x40 फीट में तीन मंजिला अवैध निर्माण नियम विरूद्व किया जा रहा था। प्राधिकरण ने पहले ही निमार्णकर्ता को नोटिस जारी किया था। लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर अवैध निर्माण को सील कर दिया गया।

5- निर्मल बाग, गली नंबर 11 में विपिन चौधरी द्वारा 30x100 फीट क्षेत्र पर स्कूल और कॉलोनी का निर्माण नियम विरूद्व किया जा रहा था। प्राधिकरण ने पहले ही निमार्णकर्ता को नोटिस जारी किया था। लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर अवैध निर्माण को सील कर दिया गया।

6- हरिद्वार रोड, कोयल ग्रांट में स्वामी दयानंद महाराज द्वारा मानचित्र के विपरीत निर्माण नियम विरूद्व किया जा रहा था। प्राधिकरण ने पहले ही निमार्णकर्ता को नोटिस जारी किया था, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर अवैध निर्माण को सील कर दिया गया।

7- रेड फोर्ट रोड स्कूल के पास सुरेंद्र सिंह बिष्ट द्वारा 25x60 फीट पर तृतीय तल का अवैध निर्माण। नोटिस के बावजूद कोई मानचित्र नहीं। नियम विरूद्व अवैध निर्माण किया जा रहा था। प्राधिकरण ने पहले ही निमार्णकर्ता को नोटिस जारी किया था लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर अवैध निर्माण को सील कर दिया गया।

8- गली नंबर 4, होटल गंगा अशोक के पास अनीता पुजारा द्वारा 26x50 फीट पर नियम विरूद्व अवैध निर्माण किया जा रहा था। प्राधिकरण ने पहले ही निमार्णकर्ता को नोटिस जारी किया था, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर अवैध निर्माण को सील कर दिया गया।

9- निर्मल ब्लॉक बी, गली नंबर 11 में अनुज द्वारा 60x50 फीट क्षेत्र में कॉलम निर्माण नियम विरूद्व किया जा रहा था।

प्राधिकरण ने पहले ही निमार्णकर्ता को नोटिस जारी किया था लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर अवैध निर्माण को सील कर दिया गया।

10- निर्मल बाग, गली नंबर 11 में सागर द्वारा 20x50 फीट क्षेत्र पर नियम विरूद्व अवैध निर्माण किया जा रहा था। प्राधिकरण ने पहले ही निमार्णकर्ता को नोटिस जारी किया था, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर अवैध निर्माण को सील कर दिया गया।

## अनधिकृत निर्माण किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे: तिवारी



देहरादून।एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने स्पष्ट कहा कि नियमों को ताक पर रखकर किए जा रहे अनधिकृत निर्माण किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। प्राधिकरण उपाध्यक्ष तिवारी ने सख्त निर्देश दिये है कि जो भी मानचित्र स्वीकृति के बिना अवैध निर्माण करेगा, उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही प्राधिकरण द्वारा अमल में लायी जायेगी। आगे भी अवैध निर्माणों के खिलाफ कार्यवाही निरन्तर जारी रहेगी। तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर अवैध निर्माणों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। जो लोग बिना अनुमति निर्माण कर रहे हैं, उनके खिलाफ आगे भी इसी तरह की कार्यवाही जारी रहेगी। एमडीडीए क्षेत्र अतंर्गत नियमों का उल्लंघन किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# जोशी ने किया सीवर लाइन निर्माण कार्यस्थल का निरीक्षण



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को मसूरी विधानसभा क्षेत्र के नीलकण्ठ विहार, पथरियापीर में प्रस्तावित सीवर लाइन निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग एवं जल निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सर्वेक्षण सम्बन्धी सभी आवश्यक कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण करते हुए अग्रिम कार्यवाही की जाए ताकि क्षेत्र की जनता को शीघ्र योजना का लाभ मिल सके।

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने अधिकारियों को चक्खूवाला एवं इन्दिरा कॉलोनी में भी सीवर लाइन बिछाने के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जनता की मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

विदित हो कि वर्ष 2022 में मुख्यमंत्री घोषणा के तहत पेयजल निगम द्वारा पथरियापीर, नीलकण्ठ विहार, इन्दिरा कालोनी चुक्खुवाला क्षेत्र में सीवर लाइन के निर्माण एवं तत्सम्बंधी कार्य किये जाने थे। जिसके बाद पेयजल निगम द्वारा लगभग 13 करोड़ का आगणन बनाया गया किन्तु ऐलिवेटेड रोड़ निर्माण के संरेक्षण को लेकर सीव. रेज योजना के संरेक्षण को पुर्नरीक्षित किया जाना है। जिसके लिए कार्यवाही गतिमान है।

**■ देहरादून में नीलकण्ठ विहार पथरियापीर पहुंचे कैबिनेट मंत्री**

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रदीप रावत, भावना चौधरी, डा0 बबीता सहौत्रा, दिनेश चमन, जलनिगम की अधीक्षण अभियंता मिशा सिन्हा, लोनिवि के ईई जितेंद्र त्रिपाठी, जलनिगम के ईई जीतमणि बेलवाल सहित अन्य सम्बंधित विभाग के अधिकारीगण और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# कबड्डीः- नेशनल चैंपियन जौनसार के पांच खिलाड़ी सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर देवभूमि एकेडमी व क्रीड़ा भारती की ओर से कबड्डी में नेशनल चौंपियन जौनसार के पांच खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। देवभूमि एकेडमी से प्रशिक्षित छह खिलाड़ियों को खेल कोटे से सरकारी नौकरी मिली है। इन दिनों एकेडमी की ओर से जेल पुलिस के 12 खिलाड़ियों को कबड्डी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

देश के महान खिलाड़ी एवं हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्मोत्सव पर राष्ट्रीय खेल दिवस पर आयोजन किया गया। देवभूमि एकेडमी व क्रीड़ा भारती की ओर से पछवादून के तेलपुर-बुलाकीवाला में चल रहे कबड्डी प्रशिक्षण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पछवादून प्रेस क्लब अध्यक्ष चंदराम राजगुरु, विशिष्ट अतिथि पूर्व सूचना अधिकारी भारत चौहान, क्रीड़ा भारती के प्रांतीय उपाध्यक्ष रणवीर सिंह तोमर व एकेडमी के अध्यक्ष धन सिंह चौहान ने संयुक्त रूप से राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर महान खिलाड़ी एवं पद्म भूषण मेजर ध्यानचंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

राष्ट्रीय खेल दिवस पर देवभूमि एकेडमी व क्रीड़ा भारती की ओर से खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एवं एकेडमी से प्रशिक्षित राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी यशवीर तोमर ग्राम किसोऊ, राहुल कुमार बाईथा, नीरज कुमार बाघना, अजय बिष्ट भंजरा व गोविंद सिंह निछिया समेत पांच खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस मौके पर एकेडमी के सचिव भरत सिंह तोमर, कबड्डी कोच कुंवर सिंह राय, कोच वीर सिंह, कलसिंह चौहान, पूर्व प्रधान दिनेश तोमर आदि मौजूद रहे।

# आपदा से प्रभावित परिवारों को राहत राशि के चेक वितरित

**■ शीघ्र राहत राशि देने के मुख्यमंत्री के निर्देशों पर हुआ अमल पूर्ण मकान क्षति एवं मृतकों के परिजनों 5-5 लाख की सहायता**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** जनपद पौड़ी गढ़वाल में आपदा से प्रभावित परिवारों के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा घोषित राहत राशि बाँट दी गयी है। प्रभावितों ने इस निर्णय के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए इसे संकट की घड़ी में बड़ी राहत बताया है। मुख्यमंत्री धामी ने 26 अगस्त की शाम को घोषणा की थी कि धराली और थराली के अतिरिक्त पौड़ी में भी आपदा से पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त आवासीय भवनों के स्वामियों तथा मृतकों के परिजनों को ₹5-5 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। इसमें से एक हिस्सा एसडीआरएफ मद से तथा शेष राशि मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से उपलब्ध करायी जा रही है।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए थे कि राहत राशि शीघ्रता एवं पारदर्शिता के साथ लाभार्थियों तक पहुंचाई जाए। उन्होंने कहा कि सरकार इस कठिन समय में प्रभावित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है। शनिवार को जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया के त्वरित निर्देशन पर कार्यवाही करते हुए तहसीलदार पौड़ी दीवान सिंह राणा के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने प्रभावित क्षेत्रों में जाकर राहत राशि के चेक वितरित किये। उन्होंने बताया कि आपदा से आवासीय भवन ध्वस्त होने से प्रभावित ग्रामीणों और मृतकों के वारिसों को राहत राशि के चेक सौंपे गये हैं।

### प्रभावितों ने मुख्यमंत्री का किया धन्यवाद

गौरतलब है कि भारी बारिश और भूस्खलन से तहसील पौड़ी के ग्राम सैंजी, बुराँसी, रैदुल, फलद्वाड़ी, क्यार्द, कलूण एवं मणकोली में कुल 22 आवासीय भवन पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गए थे, जबकि 6 लोगों की मृत्यु हुई थी। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने 7 अगस्त को स्वयं आपदा प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया था तथा प्रशासन को त्वरित राहत पहुं. चने के निर्देश दिए थे। प्रभावितों ने राहत राशि मिलने पर कहा कि यह सहायता उन्हें नए सिरे से जीवन स्थापित करने में मददगार साबित होगी।

उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का धन्यवाद देते हुए कहा कि सरकार ने कठिन परिस्थिति में त्वरित कार्रवाई कर हर स्तर पर सहयोग सुनिश्चित किया।

# तनाव से मुक्ति के लिए प्राकृतिक चिकित्सा जरूरीः स्वरूप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रशासन आनंद स्वरूप ने कहा कि आजकल की व्यस्त जीवनशैली और बढ़ते तनाव के कारण कर्मचारियों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

ऐसे में आयुर्वेदिक चिकित्सा और प्राकृतिक उपचार स्वस्थ रहने में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। यह बात उन्होंने उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण में आयोजित मासिक प्राकृतिक चिकित्सा शिविर के उद्घाटन के अवसर पर कही।

**■ यूएसडीएमए में आयुर्वेद पर मासिक स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ, आपदा प्रबंधन के एसीईओ आनंद स्वरूप हुए शामिल**

आनंद स्वरूप ने कहा कि प्राकृतिक चिकित्सा पद्धतियों के माध्यम से कर्मचारीगण न सिर्फ विप. रीत परिस्थितियों में तनाव मुक्त रहते हुए प्रेशर को अच्छे से हैंडल कर सकते हैं बल्कि स्वस्थ जीवन की ओर भी अग्रसर हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि शिविर में कर्मचारियों को योग, प्राणायाम और सही दिनचर्या की जानकारी प्रदान की गई।



उन्होंने कहा कि यूएसडीएमए तथा आपदा प्रबंधन विभाग के कर्मचारी हर समय एलर्ट मोड पर रहते हैं और दिन-हो या रात, आवश्यकता पड़ने पर तुरंत ही कार्यालय पहुंचकर कार्य करते हैं। हमारे कर्मचारी निरोगी और स्वस्थ रहें, इसी उद्देश्य से यह शिविर आयोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि हर महीने एक दिवसीय शिविर आयोजित किया जाएगा।

संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी मो0 ओबैदुल्लाह अंसारी ने बताया कि शिविर में 86 अधिकारियों और कर्मचारियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

साथ ही सभी को निशुल्क आयुर्वेदिक औषधियां भी वितरित की गईं। शिविर में योग, प्राणायाम, संतु. लित दिनचर्या और ऋतु अनुसार जीवन शैली (ऋतुचर्या) पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन दिया गया।

शिविर का संचालन डॉ. मिथिलेश कुमार, जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, देहरादून के नेतृत्व में किया गया।

इस अवसर पर डॉ. रत्ना त्रिपाठी (प्रभारी चिकित्साधिकारी), मनेश कुमार (फार्मेसी अधिकारी, चिड़ियामंडी), नितिन कपरवाण (फार्मेसी अधिकारी) तथा राजेश कुमार (सेवक) ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। डॉ. मिथिलेश कुमार ने बताया कि आयुर्वेदिक एवं यूनानी सेवाएं विभाग प्राकृतिक चिकित्सा विभाग द्वारा लगातार इस तरह के शिविरों का आयोजन किया जाता है, ताकि कर्मचारी तनावमुक्त व स्वस्थ जीवनशैली अपना सकें। आयुर्वेद संपूर्ण स्वास्थ्य संवर्द्धन का माध्यमः सुमन सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन का कहना है कि आयुर्वेद न केवल रोग निवारण, बल्कि संपूर्ण स्वास्थ्य संवर्धन का माध्यम बन सकता है। इस शिविर के माध्यम से हम अपने अधिकारियों व कर्मचारियों को प्राकृतिक चिकित्सा के लाभों से परिचित कराना चाहते हैं, जिससे वे कार्यस्थल पर अधिक सकारात्मकता और उत्पादकता के साथ योगदान दे सकें। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह शिविर न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक कल्याण की दिशा में भी अहम योगदान प्रदान करेगा।

# ब्राइट एंजेल्स स्कूल के छात्रों ने विज्ञान प्रदर्शनी में अपने मॉडलों को किया प्रस्तुत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** ब्राइट एंजेल्स स्कूल जीवनगढ़ विकासनगर में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में कक्षा 6 से कक्षा 12 तक के छात्रों ने अपनी बौद्धिक क्षमता और रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन करते हुए वैज्ञानिक मॉडलों और परियोजनाओं को प्रस्तुत किया है। प्रदर्शनी का शुभारंभ राजकीय इंटर कालेज बाड़वाला के प्रधानाध्यापक शैलेश कुमार श्रीवास्तव व विक. ासनगर ब्लाक के बीआरसी सतेंद्र कुमार रावत ने किया। छात्रों ने अतिथियों के स्वागत पर समूह गान किया और अतिथियों ने पौधारोपण किया। अतिथियों ने प्रदर्शनी में सभी छात्रों के मॉडलों की सराहना की और उनको विज्ञान से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

इस मौके पर स्कूल के निदेशक मेजर कादिर हुसैन, प्रधानाध्यापिका राणा अलमास, अरीबा हुसैन, डा. बिना अरोड़ा, दिव्या अग्रवाल, निष्ठा, सुरूचित, नवदिता, अर्चना, अर्चना, जावेद, शीतल रावत, अनुप्रिया, पंजाब सिंह, विनय गुप्ता, राकेश उनियाल, वंशिता चंबेल, प्रशांत गुप्ता, आशीष वर्मा, नाजिया, अभिमन्यु, जितेंद्र बंसल, खुशीराम जौशी, लतिका, प्रदीप, प्रियंका आदि मौजूद रहे।

# जच्चा बच्चा से संबंधित सेवाओं व इलाज में कोई लापरवाही ना बरतें : सीएमओ

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जनपद में वर्तमान वर्ष में हुई 10 मातृ मृत्यु एवं 12 शिशु मृत्यु के प्रकरणों की समीक्षा की गयी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय देहरादून में आयोजित मातृ एवं शिशु मृत्यु की मासिक समीक्षा बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि संस्थागत प्रसव से लेकर जच्चा बच्चा के पोषण, टीकाकरण एव सम्पूर्ण उपचार की सुविधाएं जनपद के प्रत्येक चिकित्सालय में उपलब्ध हैं।

विभागीय स्तर पर जच्चा बच्चा के लिए विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं का संचालन किया जा रहा है। ऐसे में मातृ एवं शिशु मृत्यु का होना एक विचारणीय एवं गंभीर विषय है। प्रत्येक चिकित्सालय, चिकित्साधिकारी एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता यह सुनिश्चित करें की जच्चा बच्चा से संबंधित सेवाओं एवं उपचार में किसी प्रकार की लाप. रवाही ना बरतें। डॉ शर्मा ने निर्देशित किया कि स्वास्थ्य केन्द्र से लेकर ब्लॉक चिकित्सा इकाई तथा संबंधित जच्चा बच्चा के उपचार में सम्मिलित समस्त चिकित्सालय यह सुनिश्चित करें कि मृत्यु के प्रकरणों की गहन एवं समयबद्ध जांच करते हुए जिला स्तर पर साक्ष्य सहित प्रस्तुत करें। किसी भी स्तर पर लापरवाही एवं सेवाओं में कमी पाये जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जा सकती है।



**■ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज शर्मा की अध्यक्षता में हुई मातृ एवं शिशु मृत्यु की मासिक समीक्षा बैठक**

सुरक्षित संस्थागत प्रसव एवं मातृ-शिशु का सुरक्षित जीवन सुनिश्चित करना हमारा प्रथम और अहम लक्ष्य है।बैठक में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वन्दना सेमवाल, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ दिनेश चौहान, प्रोग्राम ऑफिसर एम.सी.एच. प्रखर गुप्ता, जिला डाटा प्रबंधक बिमल मौर्य, जिला आशा समन्वयक दिनेश पांडे, सहित सरक. ारी एवं निजी चिकित्सालयों से स्त्री रोग विशेषज्ञों, बाल रोग विशेषज्ञों, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधकों तथा संबंधित क्षेत्र की आशा कार्यकत्रियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## स्वास्थ्य सुरक्षा संबंधी सेवाओं की जानक. ारी समुदाय तक पहुंचाएं : डॉ निधि रावत

**देहरादून।** अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एन.एच.एम. डॉ निधि रावत ने कहा कि सुरक्षित मातृत्व आश्वासन के अंतर्गत प्राथमिक, द्वितीयक एवं तृतीयक स्तर की चिकित्सा इकाईयों में गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशु के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा संबंधी सेवाओं की जानकारी समुदाय तक पहुंचाएं। प्रत्येक माह की 9 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत उच्च जोखिम गर्भावस्था सहित सामान्य गर्भावस्था की नियमित जांच के लिए लाभार्थियों को प्रेरित करें।

# ड्रीमर्स एड्यू हब की सफलता, 1 महीने में 35 व 1 दिन में 6 रिकमेंडेशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून** द्य ड्रीमर्स एड्यू हब में "गौरव गाथा ड्रीमर्स एड्यू हब" कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस मौके पर संस्थान के द्वारा भारी तादात में हुए बच्चों के सिलेक्शन को लेकर जानक. ारी दी गई। प्रेस वार्ता के दौरान ड्रीमर्स एड्यू हब के संस्थापक हरिओम चौधरी ने बताया कि सिर्फ एक महीने में 35 रिकमेंडेशन और सिर्फ एक ही दिन में 6 रिकमेंडेशन प्राप्त कर ड्रीमर्स परिवार ने सफलता की नई ऊँचाइयों को छू लिया है। इस उपलब्धि ने न केवल संस्थान का नाम रोशन किया है, बल्कि देहरादून शहर और पूरे देश को भी गौरवान्वित किया है। गया, वहीं उनके माता-पिता को भी पगड़ी बांधकर और ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच स्वागत किया गया। यह पल छात्रों और अभिभावकों दोनों के लिए अविस्मरणीय बन गया।संस्थान के संस्थापक हरिओम चौधरी और सह-संस्थापिका अंकिता तनेजा ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह सफलता सिर्फ ड्रीमर्स की नहीं बल्कि हर उस परिवार की है, जिसने अपने बच्चों को सपनों की उड़ान भरने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम में गूंजते नगाड़े, छात्रों की मुस्कान और माता-पिता की आँखों की चमक ने इस गौरव गाथा को और भी भव्य बना दिया। इस दौरान संस्था के टीचर्स एवं स्टाफगंन मौजूद रहा।



# चकराता अस्पताल स्थानांतरण का विरोध, विधयक ने दिया आश्वासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को बाजार क्षेत्र से हटाकर अन्य स्थान पर स्थानांतरित किए जाने की प्रक्रिया का विरोध तेज हो गया है। आर्य समाज मंदिर में आयोजित एक बैठक में व्यापार मंडल और ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से इस फैसले का विरोध करते हुए विधायक प्रीतम सिंह को ज्ञापन सौंपा।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि चकराता बाजार पूरे क्षेत्र का केंद्र है, जहां रोजाना सैकड़ों लोग अपनी आवश्यकताओं के लिए आते हैं। ऐसे में अस्पताल भी लोगों की आसानी से पहुंच में है। उन्होंने तर्क दिया कि अस्पताल को बाजार से हटाने का कोई औचित्य नहीं है, क्योंकि जिस स्थान (ग्वासा पुल) पर स्थानांतरण की चर्चा है वहां न तो परिवहन की सुविधा है और न ही अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं मौजूद हैं। ग्रामीणों ने कहा कि यह अस्पताल वर्ष 1925 से यहीं संचालित हो रहा है और आज भी यही स्थानीय जनता की जीवनरेखा है।विधायक प्रीतम सिंह ने कहा कि अस्पताल को बाजार से हटाना जनता के साथ अन्याय होगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि "जब तक मैं विधायक हूं, अस्पताल चकराता बाजार से नहीं हटेगा। जरूरत पड़ी तो आंदोलन का रास्ता भी अपनाया जाएगा।" बैठक का संचालन छावनी परिषद सदस्य अनिल चांदना ने किया। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष केशर सिंह उपाध्यक्ष दिनेश चांदना, सह सचिव अंकित मोहल, कोषाध्यक्ष अनिल जोशी, पूर्व सदस्य कमल रावत, सुनील जैन, श्याम वोरा, बारुदत्त शर्मा, अनिरुद्ध, हरचरण सिंह, प्रदीप जोशी सहित बड़ी संख्या में व्यापारी और ग्रामीण मौजूद रहे।

# भय उत्पन्न करने के बजाय, पीड़ितों के दख पर मरहम लगाने का वक्तः चौहान

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने विपक्ष पर आपदा को लेकर गैर जिम्मेदाराना बयानबाजी का आरोप लगाते हुए कहा कि इस समय पीड़ितों के बीच उनके दुखों पर मरहम लगाने का वक्त है भय का वातावरण उत्पन्न करने का नही। पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस और विशेषकर हरीश रावत जैसे वरिष्ठ नेता द्वारा आपदा को लेकर सरकार और विधायकों पर लगाए आरोप, असंवेदनशील और गैरजिम्मेदाराना हैं। क्योंकि ग्राउंड जीरो पर पहुंचे मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में सरकार समूची ताकत से आपदा का सामना कर रही है। यह सच है कि प्राकृतिक आपदा को हम नहीं रोक सकते, लेकिन उसे कम किया जा सकता है।

**■ आपदाग्रस्त क्षेत्रों मे राहत कार्यों मे जुटे है भाजपा कार्यकर्ता, कांग्रेस के आरोप गैर जिम्मेदाराना**

मुख्यमंत्री धामी ऐसे पहले मुख्यमंत्री बने हैं जिन्होंने तीन दिन आपदाग्रस्त, ग्राउंड जीरो पर रहकर जनता की तकलीफों को दूर करने का प्रयास किया है। धराली, थराली, स्याना चट्टी, रुद्रप्रयाग, टिहरी प्रत्येक प्रभावित क्षेत्र का उन्होंने स्थलीय निरीक्षण किया और लगातार रात रात तक रेस्क्यू अभियान को मॉनिटर कर रहे हैं। यही वजह है कि प्रदेश की जनता को अपने मुख्यमंत्री और सरकार पर पूर्णतया भरोसा है।



### कहा -आपदा से निपटने के लिए होती है सभी राजनैतिक दलों की सामूहिक जिम्मेदारी

चौहान ने कहा कि आपदा से निपटने के लिए सभी राजनैतिक दलों की सामूहिक जिम्मेदारी होती है। भाजपा संगठन आपदा राहत कार्यों मे जुटा है और सरकार के साथ कंधा से कंधा मिलाकर कार्य कर रहा है। हमारे कार्यकर्ता पदाधिकारी विधायक और स्वयं प्रदेश अध्यक्ष भी प्रभावित क्षेत्रों में हैं। लेकिन कांग्रेस एक जिम्मेदार राजनीतिक दल होने के नाते संकट के समय में सकारात्मक रुख नही अपना पायी।

### आपदा के बुरे समय में जनता करेगी राहत कार्यों का मूल्यांकन

भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि आपदा के बुरे समय मे राहत कार्यों का मूल्यांकन जनता करेगी और फिर कांग्रेस भी जवाबदेही से नही बच सकती है। सरकार पूरी ईमानदारी से कार्य कर रही है तथा रेस्क्यू एजेंसिया जान की बाजी लगाकर जीवन बचाने मे जुटी है। ऐसे मे कांग्रेस सहयोग की अपेक्षा आरोप प्रत्यारोप पर जुटी है जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है।

# पत्नी से अवैध संबंध के शक में दोस्त के सिर पर हथौड़ा मार कर की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** पत्नी से अवैध संबंध के शक में पति ने हथौड़े से सिर पर वार कर दोस्त की हत्या कर दी। मकान मालिक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना कोतवाली सिडकुल अंतर्गत रावली महदूद की है। शनिवार सवेरे रावली महदूद निवासी सुखबीर सिंह ने पुलिस को सूचना दी कि उनके मकान में रह रहे किराएदार धर्मेन्द्र पुत्र करन सिंह निवासी ग्राम नौगांव थाना स्योहारा जिला बिजनौर उत्तर प्रदेश ने पत्नी के साथ नाजायज संबंध के शक में रात में सोये हुए अपने साथी ललित के सिर पर हथौड़े से वार कर और फिर दुपट्टे से गला घोंटकर हत्या कर दी है। सूचना पर कोतवाली



प्रभारी मनोहर सिंह भंडारी, एसआई मीनाक्षी बिष्ट, हेड कांस्टेबल मुजफ्फर बेग, कास्टेबल सुंदर सिंह के साथ मौके पर पहुंचे और धर्मेन्द्र को गिरफ्तार कर लिया तथा हत्या में प्रयुक्त हथौड़ा, कपड़े आदि बरामद करने के साथ शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मकान मालिक सुखबीर सिंह की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने हत्यारोपी धर्मेन्द्र को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### एनजीटी के विशेषज्ञ सदस्य डा. अफरोज अहमद ने की जिला पर्यावरण प्रबंधन योजना की समीक्षा बैठक

# गंगा को पवित्र एवं स्वच्छ रखने के लिए विशेष प्रबंधन एवं कार्ययोजना तैयार करने के दिए निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** हरिद्वार आए एनजीटी नई दिल्ली के विशेषज्ञ सदस्य डा. अफरोज अहमद ने जिला पर्यावरण प्रबंधन योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की। राज्य अतिथी गृह डामकोठी में आयोजित समीक्षा बैठक में पर्यावरण संरक्षण, संवर्द्धन के लिए किए जा रहे कार्यो के संबंध बैठक में उपस्थित अधिकारियों से जानकारी ली। बैठक में डा. अफरोज अहमद ने जनपद में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, प्लास्टिक उन्मूलन, सीवरेज प्रबंधन, औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाले ठोस अपशिष्ट, प्रदूषण एवं अवैध खनन प्रबन्धन के लिए किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए जनपद हरिद्वार के धार्मिक स्वरूप और यहां आयोजित होने वाले कुंभ, कांवड़ मेला एवं विशेष धार्मिक पर्वो को देखते हुए गंगा को पवित्र एवं स्वच्छ रखने के



लिए विशेष प्रबंधन एवं कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कूड़ा निस्तारण एवं सीवरेज ट्रीटमेंट प्लान के प्रबंधन के लिए बेहतर कार्य योजना तैयार करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने जनपद में स्वीकृत खनन पट्टों द्वारा नियमानुसार खनन कराने तथा अवैध खनन पर निगरानी रखने के निर्देश भी दिए। डा. अफरोज अहमद ने कहा कि औद्योगिक इकाईयों से निकलने वाले ठोस अपशिष्ट एवं प्रदूषण पर विशेष निगरानी रखते हुए सभी औद्योगिक इकाईयों से नियमों का अनुपालन कराया जाए तथा नियमों का पालन न करने वाले के विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई भी अमल में लाई जाए। समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के लिए किए जा रहे कार्यों के लिए हौसला अफजाई एवं सराहना करते हुए बधाई दी। जनपद आगमन पर जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने डा. अफरोज अहमद को पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया तथा आश्वस्त किया कि बैठक में दिए गए दिशा निर्देशों एवं सुझावों पर संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाएगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोण्डे, मुख्य नगर आयुक्त नंदन कुमार, डीएफओ स्वप्निल, एचआरडीए सचिव मनीष सिंह, प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के आरओ राजेंद्र सिंह कठैत, रमनकांत त्यागी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी गंभीर तालियांन आदि मौजूद रहे।

# ग्रामीण विकास योजनाओं की प्रगति पर समीक्षा बैठक आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जिला मुख्यालय रोशनाबाद स्थित विकास भवन में शनिवार को ग्राम्य विकास विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोण्डे ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना और आगामी लक्ष्यों को लेकर ठोस रणनीति बनाना था। बैठक में सबसे पहले ग्रामोत्थान (रीप) परियोजना के अंतर्गत संचालित गतिविधियों और उद्यमों की समीक्षा की गई। सीडीओ ने सभी खंड विकास अधिकारियों (बीडीओ) को निर्देश दिया कि वे इन उद्यमों का व्यक्तिगत रूप से स्थलीय निरीक्षण करें और वास्तविक स्थिति पर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने विशेष रूप से महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए कहा कि महिलाओं को अधिकतम लाभ पहुंचाने वाले उद्यमों का चयन किया जाए। बैठक में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) जैसी प्रमुख योजनाओं पर भी चर्चा हुई। सीडीओ ने मनरेगा योजना के तहत अन्य विभागों के साथ तालमेल (कन्वर्जेंस) की संभावनाओं पर बल दिया। एनआरएलएम की




प्रगति की समीक्षा करते हुए सीडीओ ने सभी बीडीओ को निर्देश दिए कि वे बने हुए पीजी ग्रुपों का निरीक्षण करें। साथ ही ब्लॉक मिशन प्रबंधकों (बीएमएम) को 15 सितंबर तक सीसीएल और 'लखपति दीदी' सत्यापन का लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में परियोजना निदेशक डीआरडीए कैलाश नाथ तिवारी, जिला विकास अधिकारी वेदप्रकाश, जिला पंचायत राज अधिकारी अतुल प्रताप सिंह, जिला परियोजना प्रबंधक संजय सक्सेना, ग्रामोत्थान परियोजना के सहायक प्रबंधक, सभी खंड विकास अधिकारी और ब्लॉक मिशन प्रबंधक उपस्थित रहे।

# दबंगों ने युवक को बेरहमी से लाठी डंडों से पीटा

**पूर्व में भी युवके के घर में घुसकर दबंगों ने की थी मारपीट**

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र में जुमे की नमाज पढ़कर लौट रहे युवक पर दबंगई लोगो ने लाठी-डंडों और लोहे की सरियों से बेरहमी से पीटा है। युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक को अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है और हालत नाजुक बताई जा रही है।पीड़ित युवक के साथ पूर्व में भी घर में घुसकर पीटा गया था।जब जिम्मेदार लोगों ने फैसला कर दिया था।आरोपियों ने युवक को जान से मारने की धमकी दी है। युवक को दबंगों से अपने परिवार सहित जान का खतरा है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज तो कर लिया है। क्या पुलिस दबंगों को गिरफ्तार जेल भेजेगी। उस्मान निवासी मोहल्ला पांवधोई ने लिखित तहरीर देकर बताया कि उनका भाई फरमान शुक्रवार दोपहर मस्जिद से घर लौट रहा था। तभी हाजी इसरार, उसके बेटे अजरुद्दीन, आजम, मोनीष, भतीजे अयान और रिहान, भांजे वसीम, अरशद, आदिल, शोकीन, प्रवेज, कल्लू और उसका बेटा सुहैल, इकराम और उसका बेटा शाहरुख ने मिलकर हमला कर दिया। आरोप है कि सभी हथियारों से लैस होकर आए थे। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह फरमान को बचाया। जाते-जाते हमलावर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। उस्मान ने कहा कि तीन महीने पहले भी इसी परिवार ने मारपीट की थी। तब मोहल्ले के जिम्मेदार लोगों ने समझौता कराया था, लेकिन इसके बावजूद दोबारा हमला कर दिया गया। कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह ने बताया कि 15 नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# वन विभाग और पुलिस ने पकड़ी अवैधा लकड़ी

**टनकपुर।** वन विभाग और पुलिस ने संयुक्त रूप से अवैध लकड़ी बरामद की है। बताया गया की शारदा रेंज के वन क्षेत्राधिकारी सुनील शर्मा एवं पुलिस उप निरीक्षक तेज कुमार चौकी प्रभारी मनिहार गोठ के नेतृत्व में शारदा घाट में बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए छापा मार करवाई कर अवैध लकड़ी और सामग्री बरामद की है। संयुक्त रूप से की गई छापामार कार्रवाई के दौरान चार बोरों में एक कुंतल से अधिक बहुमूल्य चीड प्रजाति की गुलिया चिप्स बरामद की है। जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लाखों रुपये बताई जा रही है। उप निरीक्षक तेज कुमार ने बताया कि बरामद की गई चीड प्रजाति की गुलिया को वन विभाग द्वारा कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

# डीएम ने जलभराव वाले क्षेत्रा में त्वरित जल निकासी व कीटनाशक छिड़काव करने के दिए निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** भारी बारिश के कारण जनपद हरिद्वार के विभिन्न क्षेत्रों में हुए जलभराव को लेकर जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जल निकासी के लिए तत्परता से कार्य करने और स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत, जिला पंचायत व ग्राम पंचायतों को जलभराव वाले क्षेत्रों में आज से ही कीटनाशक दवाओं का छिड़काव शुरू करने के आदेश दिए। यह कदम डेंगू के लार्वा को पनपने से रोकने के लिए उठाया गया है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को गंभीरता से कार्य करने और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने की चेतावनी दी। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में कीटनाशक छिड़काव की निगरानी करने और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस पहल का उद्देश्य जलभराव से उत्पन्न होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं, विशेष रूप से डेंगू जैसे रोगों को नियंत्रित करना है। जिला प्रशासन की इस त्वरित कार्रवाई से स्थानीय निवासियों को राहत मिलने की उम्मीद है।



# प्रधनाचार्य परिषद ने सेवानिवृत्ति पर मुख्य शिक्षा अधिकारी को दी विदाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** उत्तरांचल प्रधानाचार्य परिषद के संरक्षक डा. घनश्याम गुप्ता एवं प्रधान डा.विजय कुमार के नेतृत्व में परिषद के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्य शिक्षा अधिकारी कमलेश कुमार गुप्ता की सेवानिवृत्ति के अवसर पर शनिवार को विदाई सम्मान पत्र भेंट कर उनके सुखद भविष्य की कामना की। प्रतिनिधि मंडल में उत्तरांचल प्रधानाचार्य परिषद के जिला अध्यक्ष डा.दीपक कुमार शर्मा, जिला मंत्री डा.अरविंद शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष डा.ओम सिंह सैनी, ओपी गौनियाल, सुनील कटारिया, डा.लक्ष्मी देवी, विजेंद्र सैनी, सत्यपाल सिंह ने सामूहिक रूप से मुख्य शिक्षा अधिकारी कमलेश कुमार गुप्ता को पगड़ी व पटका पहनाकर, गंगाजली तथा बुके भेंट किया। प्रतिनिधि मंडल ने उनके



सम्मान में उनकी लंबी उत्कृष्ट व उल्लेखनीय सेवाओं का उल्लेख करते हुए विदाई सम्मान पत्र भी भेंट किया। इस अवसर पर परिषद के संरक्षक डा.घनश्याम गुप्ता ने कहा कि कमलेश कुमार गुप्ता योग्य, विद्वान, कर्मठ, सरल हृदय, व्यवहार कुशल और सकारात्मकता के साथ शिक्षकों के प्रकरणों का निस्तारण करने वाले लोकप्रिय अधिकारी रहे हैं। उनके कार्यकाल में कभी किसी प्रबंध तंत्र, प्रधानाचार्य अथवा शिक्षक को किसी पीड़ा का सामना नहीं करना पड़ा। डा.विजय कुमार तथा जिला अध्यक्ष डा.दीपक कुमार शर्मा ने मुख्य शिक्षा अधिकारी के सर्वाधिक लंबे एवं स्वर्णिम कार्यकाल की मुक्त कंठ से सराहना की। जिला मंत्री डा.अरविंद शर्मा एवं जिला कोषाध्यक्ष डा.ओमसिंह सैनी ने कहा कि रिटायरमेंट के बाद उनके अनुभव का लाभ शिक्षा विभाग को मिलता रहेगा।

# स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान शिविर का किया आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** वी केयर डायग्नोस्टिक एवं कमलेश मेमोरियल हास्पिटल व मां गंगे ब्लड बैंक जगजीतपुर द्वारा भूपतवाला स्थित चेतन ज्योति आश्रम में निःशुल्क स्वास्थ्य एवं स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आश्रम के महंत शिवम् महाराज ने शिविर के बिषय में जानकारी देते हुए बताया कि संस्था पिछले कई बर्षो से हरिद्वार के नागरिकों के लिए चिकित्सा के क्षेत्र मे सेवा देने का प्रयास कर रहीं है। इसी क्रम मे इलाज कराने में असमर्थ लोगों के लिए चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कैम्प में पैथलौजी, कैल्शियम, युरिक एसिड, हिमोग्लोबिन, शुगर, कॉलेस्ट्रॉल, बल्ड ग्रुप, हडिड्यों में कैल्शियम की मात्रा, की जांच करने वाला बीएमडी टेस्ट आदि निःशुल्क किया गया।



उन्होंने बताया कि शिविर में सीमा डेंटल कालेज, ऋषिकेश के चिकित्सकों द्वारा निशुल्क दंत जांच एवं चिकित्सा मोबाइल यूनिट द्वारा की गयी। इस अवसर पर ऋषभ बषिष्ठ, वार्ड 3 के पार्षद सूरज शर्मा, वार्ड 4 के पार्षद महावीर बशिष्ठ, नितिन यादव, शिवम् गिरी, चण्डी प्रसाद सहित सैकड़ो लोगो ने स्वास्थ्य परिक्षण का लाभ प्राप्त किया। चिकित्सा शिविर का आयोजन डा.सुभाषचंद्र की देख रेख में किया गया।

# अनुष्ठान के प्रभाव से दूर होती है नकारात्मक ऊर्जाः डा. गायत्री गिरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत व विधायक मदन कौशिक ने सन्यास रोड़ कनखल स्थित स्वरूपानंद सन्यास आश्रम पहुंचकर उत्तराखंड में आ रही आपदाओं को दूर करने व विश्व शांति के लिए आयोजित अनुष्ठान में भाग लिया। त्रिवेंद्र सिंह रावत व मदन कौशिक ने भगवान बद्रीनाथ व भगवान केदारनाथ की पूजा अर्चना की और उत्तराखंड की शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की और आश्रम की परमाध्यक्ष स्वामी डा.गायत्री गिरी व स्वामी शरद गिरी से आशीर्वाद लिया। स्वरूपानंद सन्यास आश्रम की परमाध्यक्ष स्वामी डा.गायत्री गिरी ने शॉल ओढ़ाकर व रूद्राक्ष की माला भेंटकर त्रिवेंद्र सिंह रावत व मदन कौशिक का स्वागत किया। स्वामी डा.गायत्री गिरी ने कहा कि उत्तराखंड संत महापुरूषों की तपस्थली है। निर्मल जल के समान जीवन व्यतीत करने वाले संत सदैव समाज कल्याण के लिए प्रयत्नशील रहते हैं। उन्होंने कहा कि संतों के सानिध्य में आयोजित अनुष्ठान समाज के कल्याण के लिए होते हैं। नकारात्मक ऊर्जा की सक्रियता के चलते उत्तराखंड को प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पड़ रहा है। अनुष्ठान के प्रभाव से नकारात्मक ऊर्जा समाप्त होगी और सकारात्मक वातावरण बनेगा।

सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि वर्तमान में उत्तराखंड प्राकृतिक आपदाओं से जूझ रहा है। संत महापुरूषों द्वारा किए जा रहे अनुष्ठान के प्रभाव से राज्य को आपदाओं से राहत मिलेगी और राज्य में सुख समृद्धि का वातावरण बनेगा। विधायक मदन कौशिक ने कहा कि डा.गायत्री गिरी युवा और विद्वान संत हैं। उनके सानिध्य में आयोजित अनुष्ठान से उत्पन्न सकरात्मक ऊर्जा से राज्य का कल्याण होगा। स्वामी डा.गायत्री गिरी ने कहा कि उत्तराखंड संत महापुरूषों की तपस्थली है। संतों के सानिध्य में आयोजित अनुष्ठान सदैव कल्याणकारी होते हैं।

# उत्तराखंड में संभावनाएं देख रही लोजपा, 15 सीटों पर लड़ेगी विधानसभा चुनाव : पवन वर्मा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** उत्तराखंड में अपने लिए संभावनाएं देख रही लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने 15 सीटों पर विधानसभा चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। प्रदेश प्रभारी पवन वर्मा ने कहा कि पार्टी 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में प्रदेश की 15 सीटों पर प्रत्याशी उतारने की तैयारी कर रही हैं।

प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए पवन वर्मा ने कहा कि पार्टी उत्तराखंड में अपने लिए काफी संभावनाएं देख रही है। प्रदेश में कोई ठोस तीसरा विकल्प मौजूद नहीं है। प्रदेश की जनता पलायन, आपदा, बेरोजगारी, महिला सुरक्षा, भ्रष्टाचार, अपराध और भू-माफिया जैसी गंभीर समस्याओं




से जूझ रही है। लेकिन वर्तमान सरकार इन मुद्दों पर ठोस कदम उठाने में असफल रही है। कोई नीतियों बनीं भी हैं तो वे धरातल पर लागू नहीं हो पा रही हैं। जिससे जनता में असंतोष एवं वर्तमान सरकार के प्रति नाराजगी है।

उन्होंने कहा कि पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान के मार्गदर्शन में वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी है। सभी कार्यकर्ताओं को जमीनी स्तर पर सक्रिय करने के साथ सभी जिलों में संगठन का विस्तार किया जा रहा है। कहा कि लोजपा का एनडीए के साथ केंद्र व बिहार को छोड़कर अन्य प्रदेशों में कोई गठबंधन नहीं है। इसलिए पार्टी ने उत्तराखंड की 15 व पश्चिमी उत्तर प्रदेश की 20 विधानसभा सीटों चुनाव लड़ने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि यदि गठबंधन होता है तो गठबंधन में जो सीटें मिलेंगी। उन पर चुनाव लड़ा जाएगा। लोजपा प्रदेश अध्यक्ष केदारनाथ पंडित ने कहा कि पार्टी मिशन 2027 के लिए पूरी तरह तैयार है। संगठन को मजबूत किया जा रहा है। आने वाले समय में इसका असर पूरे प्रदेश में दिखाई देगा। प्रैसवार्ता में उपाध्यक्ष संजीव शर्मा प्रधान महासचिव उमेश कुमार, गोविंद कुमार, विशाल ठाकुर, संजय कुमार, विनेश, मोनिका, विरेंद्र सिह रावत, मो.नसीम अंसारी, श्रवण कुमार, राजपाल सिंह, कार्यवाहक जिलाध्यक्ष ऋषिपाल आदि मौजूद रहे।

# श्रीचंद्र जयंती के उपलक्ष्य में उदासीन अखाड़ों ने निकाली शोभायात्रा

## भगवान श्रीचंद्र ने कुरीतियों को दूर कर समाज में समरसता का वातावरण बनाया : रामदेव

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** उदासीनाचार्य भगवान श्रीचंद्र की 531वीं जयंती के उपलक्ष्य में श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन व श्री पंचायती अखाड़ा नया उदासीन के संयोजन में भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। चंद्राचार्य चौक से शुरू हुई शोभायात्रा का शुभारंभ योगगुरू स्वामी रामदेव ने नारियल फोड़कर किया। बैण्ड बाजों व सुंदर झांकियों से सुसज्जित शोभायात्रा नगर भ्रमण के पश्चात राजघाट कनखल स्थित श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन पहुंचकर संपन्न हुई। श्रद्धालु भक्तों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत, विधायक मदन कौशिक, श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी के सचिव



श्रीमहंत रविंद्र पुरी, महामंडलेश्वर रूपेंद्र प्रकाश, ललितानंद्र गिरी, मुखिया महंत भगत राम, महंत गोविंद दास, महंत राघवेंद्र दास, महंत धूनी दास, महंत मंगल दास, महंत जगतार मुनि, महंत गोपाल दास, महंत नारायण दास, महंत आकाश मुनि, महंत त्रिवेणी दास, महंत सुतीक्ष्ण मुनि, स्वामी सुरेश मुनि, स्वामी सूर्यांश मुनि, रविदेव शास्त्री, संत जगजीत सिंह शास्त्री, महंत खेम सिंह, कोठारी जसविंदर सिंह, स्वामी नागेंद्र महाराज, स्वामी विपनानंद, पूर्व विधायक संजय गुप्ता, पार्षद सुनील कुमार, भूपेंद्र कुमार सहित सभी तेरह अखाड़ों के संत महंत शामिल रहे। शोभायात्रा का शुभारंभ करते हुए स्वामी रामदेव ने कहा कि संत महापुरूषों ने समाज को हमेशा कल्याण का मार्ग दिखाया है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीचंद्र ने पूरे देश का भ्रमण कर तत्कालीन समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर कर समरसता का वातावरण बनाया। सभी को भगवान श्रीचंद्र के दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए। सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि संत परंपरा सनातन धर्म संस्कृति की वाहक है। जन-जन के आराध्य भगवान श्रीचंद्र ने समाज अध्यात्म और भक्ति का मार्ग दिखाया। श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन के कोठारी महंत राघवेंद्र दास व कारोबारी महंत गोविंददास ने सभी संत महापुरूषों व अतिथीयों का आभार व्यक्त किया और श्रीचंद्र जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान श्रीचंद्र संत समाज के आदर्श हैं। उनके उपदेश और शिक्षाओं का अनुसरण करते हुए संत समाज सनातन धर्म संस्कृति और अध्यात्म का प्रसार पूरे विश्व में कर रहा है। श्री पंचायती अखाड़ा नया उदासीन के मुखिया महंत भगतराम महाराज ने कहा कि समाज को धर्म और अध्यात्म का ज्ञान देकर कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने वाले भगवान श्रीचंद्र का जीवन दर्शन सदैव समाज को प्रेरणा देता रहेगा। विधायक मदन कौशिक ने कहा कि संत महापुरूषों के सानिध्य में प्राप्त ज्ञान से ही कल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है। हरिद्वार के संतों की वाणी से प्रसारित होने वाले आध्यात्मिक संदेशों से पूरे विश्व को मार्गदर्शन मिलता है।

# जलाराम सदावृत्त सेवा ट्रस्ट की अध्यक्ष ने फिर लगाए कब्जे के आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** गायत्री विहार कालोनी भूपतवाला स्थित जलाराम सदावृत्त सेवा ट्रस्ट की अध्यक्ष गीता बेन व साध्वी सरोजनी गिरी ने शनिवार को एक बार फिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों पर भूमाफिया से मिलकर आश्रम पर कब्जा करने का आरोप लगाया। उन्होंने मामले में कुछ भाजपा पार्षदों पर भी शामिल होने का आरोप लगाया। प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए गीता बेन व सरोजनी गिरी ने आरोप लगाया कि आश्रम पर जबरन कब्जा कर उन्हें बाहर कर दिया गया है। दर दर भटकने को मजबूर है। सरोजनी गिरी ने कहा कि गीता बेन ने अपने धन से पूरी संपत्ति का निर्माण किया। बैंक ट्रांजेक्शन और रजिस्ट्री के दस्तावेज पेश करते हुए कहा कि पुलिस भी कब्जा करने वालों का




साथ दे रही है। सभी कागजात होने के बावजूद उन्हे न्याय नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यदि पुलिस प्रशासन उन्हे न्याय नहीं दिलाता है तो वह जूना अखाड़े सहित प्रदेश के मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री से मिलकर न्याय की गुहार लगाएंगी। गौरतलब है कि धर्मनगरी हरिद्वार में जलाराम सदावृत्त सेवा ट्रस्ट का यह विवाद अब तूल पकड़ चुका है। आश्रम से जुड़े दोनों पक्ष स्वयं को सही बताते हुए एक दूसरे पर आश्रम की संपत्ति को खुर्दबुर्द करने का आरोप लगा रहे हैं।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
सिटी कार्यालय दैनिक
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कमरा न. 103, द्वितीय तल, भगवती कॉम्पलेक्स, रानीपुर मोड, हरिद्वार
**ब्यूरो चीफ/जिला प्रभारी**
**डी. एस. वर्मा**
मो.: 9411100741

# 'गणपति बप्पा मोरिया' से गूंजा पंडाल

## ललित वाल्मिकी गांधी नगर की टीम ने फोड़ी दही हांडी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** वैश्य महासभा हल्द्वानी द्वारा आयोजित 22वें श्री गणेश महोत्सव-2025 के चौथे दिन श्री रामलीला मैदान में भगवान श्री गणेश जी की पूजा-अर्चना का आयोजन हुआ। शनिवार सुबह पंडित विवेक शर्मा और गिरीश कांडपाल द्वारा संपूर्ण विधि-विधान से पूजा की गई। इस अवसर पर मुख्य यजमान के रूप में निश्चल अग्रवाल, अंजन अग्रवाल और दिनेश गुप्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में महामंत्री तनुज गुप्ता, बद्री प्रसाद गुप्ता, राम किशोर अग्रवाल, किशन लाल गुप्ता, बसंत अग्रवाल, अतुल जायसवाल, वैभव गुप्ता सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने श्रद्धा भाव से पूजा में भाग लिया। पूजा के दौरान पूरा पंडाल गणपति बप्पा मोरया का उद्घोष से गूंज उठा। दोपहर में दही हांडी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें नगर की विभिन्न टीमों ने प्रतिभाग लिया। इस प्रतियोगिता में ललित वाल्मिकी गांधी नगर की टीम विजयी रही और उन्हें 21,000 रुपये का इनाम प्राप्त हुआ। सायं कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ प्रसिद्ध विद्वान पंडित गोपालदत्त शास्त्री द्वारा श्री गणेश महिमा के गुणगान से हुआ। इसके बाद सनातन धर्म पर आधारित एक प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में नूपुर कला केंद्र और श्री राधा कृष्ण संगीत संस्थान द्वारा नंदा सुनंदा राजजात यात्रा, कृष्ण स्तुति रासलीला, राजमणि डांस अकैडमी द्वारा आस्था और चमत्कार, डी एण्ड डांस स्टूडियो की प्रस्तुति एकदत्ताय वक्रतुण्डाय, सुर साधना द्वारा गणपति मेषप और उत्तराखंडी जागर डांस प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा, मां सरस्वती नृत्य कला केंद्र की प्रस्तुति राधा कृष्ण डांस और गंगा अवतरण, साधना डांस सिटी तथा तराना संगीत संस्थान द्वारा रामकृष्ण आगमन उत्सव आधारित नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में रामबाबू जायसवाल, तनुज गुप्ता, राजेंद्र अग्रवाल, सुभाष गुप्ता, दामोदर अगरहरि, मदन अगरहरि, सुनील अगरहरि, राजीव भगवान सहाय, बद्री प्रसाद गुप्ता, भोलानाथ केसरवानी, अशोक वाष्णेय, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, सुशील अग्रवाल, सुरेश केसरवानी, भुवनेश गुप्ता, प्रेम गुप्ता, हरीश गुप्ता, नीरज गुप्ता, अरविंद जायसवाल, राजेंद्र जायसवाल, मुकेश गुप्ता, राजीव जायसवाल, पंकज जयसवाल, यश गुप्ता, वैभव गुप्ता, अतुल जायसवाल, कपिल अग्रहरि, मंजू वार्ष्णेय, स्नेह लता गुप्ता, अमिता अग्रवाल, सुचित्रा जायसवाल रहे।



## गणेश महोत्सव में विशाल रक्तदान शिविर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्राचीन श्री शिव सेवा समिति की ओर से आयोजित गणेश महोत्सव में शनिवार को रक्तदान शिविर लगाया गया, जिसमें 127 लोगों ने रक्तदान कर मानव जीवन बचाने में योगदान दिया। रक्तदान शिविर थैलेसीमिया बीमारी एवं डेंगू के बीमार पीड़ितों को समर्पित किया गया। इससे पहले शिविर का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विधायक बंशीधर भगत, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट व पार्षद प्रीति आर्य ने किया। वहीं रात्रि में खाटू श्याम बाबा दरबार विपिन साहू परिवार के सहयोग से सजाया गया। अध्यक्ष धर्मेंद्र गुप्ता व मीडिया प्रभारी हेमन्त साहू ने बताया कि रविवार को पूजा अर्चना के बाद भगवान गणेश जी की प्रतिमा चित्रशिला घाट रानीबाग में विसर्जित की जायेगी। इस मौके पर हरिमोहन अरोड़ा, विपिन साहू, लाला जायसवाल, प्रदीप कक्कड़, हेमन्त साहू, रूपेन्द्र नागर, पदम पाल, शिव कपूर, अमित अश्विनी, दिनेश अग्रवाल, अशोक सिंधी, राजू जायसवाल, पूरन सागर, अनिल अग्रवाल, दीपांशु शर्मा, धर्मेन्द्र साहू, रामरूप गुप्ता सहित कई लोग मौजूद रहे।

# मतदेय स्थलों का पुनर्गठन

## एडीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक, 56 स्थलों में परिवर्तन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत शनिवार को तहसील हल्द्वानी स्थित एनआईसी सभागार में जनपद नैनीताल के मतदेय स्थलों के पुनर्गठन, परिवर्तन और नए मतदेय स्थलों के प्रस्ताव पर विचार के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर जिला. धिकारी/उपजिला निर्वाचन अधिक. ारी विवेक रॉय ने की। बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ जनपद के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में मतदेय स्थलों की स्थिति की समीक्षा की गई। साथ ही 25 अगस्त को प्रकाशित प्रस्तावित मतदेय स्थलों के पुनर्गठन संबंधी विवरण पर भी विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि जिले में कुल 56 मतदेय स्थलों में परिवर्तन और पुनर्गठन किया गया है। इस दौरान यह भी स्पष्ट किया गया कि 2 किलोमीटर से अधिक पैदल दूरी पर स्थित 6 प्रस्तावित मतदेय स्थलों का पुनर्गठन किया गया है, जबकि 1150 से अधिक मतदाताओं वाले 50 नए मध्य स्थलों के प्रस्ताव पर भी विचार किया गया। इन नए स्थलों पर व्यवस्थाओं और सुविधाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। अपर जिलाधिकारी विवेक रॉय ने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता और मतदाताओं की सुविधा प्रशासन की प्राथमिकता है। हम राजनीतिक दलों से उम्मीद करते हैं कि वें समय पर अपने सुझाव और आपत्तियाँ उपलब्ध कराएं। बैठक में सहायक निर्वाचन अधिकारी एचडी पाण्डे, प्रशासनिक अधिकारी नीरज साह, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि जगदीश कुमार टम्टा (बसपा), संजू उप्रेती (कांग्रेस), मनोज कुमार शर्मा (कांग्रेस), हरीश चन्द्र (बसपा) प्रमोद कुमार (कांग्रेस) मौजूद रहे।

## पवन कुमार दिल्ली में मानद उपाधि से सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**हल्द्वानी।** राजधानी दिल्ली में आयोजित आइकानिक पीस अवार्ड काउंसिल के भव्य समारोह में न्यूमेरोलॉजी विशेषज्ञ पवन कुमार को उनके विशेष योगदान और समाज सेवा के लिए डॉक्टरेट की मानद उपा. धि से नवाजा गया। यह सम्मान उन्हें अंक ज्योतिष के क्षेत्र में किए गए उनके व्यापक शोध और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के प्रयासों के लिए प्रदान किया गया। समारोह में देशभर से आए विद्वानों, समाजसे. वियों और विभिन्न क्षेत्रों की प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति रही। पवन कुमार की सेवाओं की सराहना करते हुए वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने न्यूमेरोलॉजी के माध्यम से न केवल जीवन की दिशा दिखाने में मदद की, बल्कि लोगों में सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास को भी प्रोत्साहित किया। उनके मार्गदर्शन से अनेक व्यक्तियों ने जीवन में नई राह पाई और समस्याओं का समाधान पाया। सम्मान ग्रहण करते हुए पवन कुमार ने आइकॉनिक पीस अवार्ड काउंसिल का आभार व्यक्त किया और कहा, यह मेरे लिए केवल सम्मान ही नहीं बल्कि एक जिम्मेदारी भी है। मैं अपने ज्ञान और अनुभव का उपयोग आगे भी समाज की सेवा और जनकल्याण के लिए करता रहूँगा।

## 12 दिवसीय मोमबत्ती प्रशिक्षण का समापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एनआरएलएम नैनीताल के सहयोग से आरसेटी हल्द्वानी द्वारा कराये जा रहे 12 दिवसीय मोमबत्ती बनाने के प्रशिक्षण कार्यक्रम का मूल्यांकन एवं समापन कार्यक्रम शनिवार को आर सेटी कार्यालय हल्द्वानी में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी अनामिका ने प्रशिक्षणार्थियों द्वारा सोया, जैल तथा पैरानिफन वैक्स से बनाए गए विभिन्न प्रकार की मोमबत्तियों की सराहना करते हुए उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण के दौरान सीखी गई जानक. ारी व कौशल से मोमबतियों में अपनी रचनात्मकता व कलात्मकता का उपयोग कर बाजार मांग के अनुसार क्वालिटी प्रॉडक्ट बनाएँगी तो उनकी आय सृजन गतिविधियों में बढ़ोत्तरी होगी। जिला प्रबंधक अमित कुमार बाजपेई ने सरकार द्वारा बैंकों के माध्यम से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए प्रशिक्षणार्थियों को समूह तथा बैंक वित्त के माध्यम से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। आरसेटी के निद. ेशक अतुल कुमार पाण्डेय ने बताया कि संस्थान द्वारा दो वर्षों तक लगातार फॉलोअप किया जाएगा, यदि उन्हें स्वरोजगार करने में कोई भी परेशानी होती है तो आरसेटी द्वारा यथासंभव सहायता की जाएगी। प्रशिक्षण स्किल ट्रेनर भावना जोशी तथा आरसेटी के फैकल्टी हेम कृष्ण सिंह द्वारा दिया गया। इस अवसर पर भीमताल विकासखंड से पीआरपी शकुंतला नेगी मौजूद रही।

# छात्रसंघ चुनाव में हिंसा हुई तो नपेंगे थानेदार: आईजी

## कुमाऊं के सभी जिलों को निर्देश जारी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** छात्रसंघ चुनाव की तारीख के एलान के साथ ही महाविद्यालयों में चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। छात्रसंघ चुनावों के दौरान अक्सर बवाल और हिंसा की घटनाएं सामने आती रही हैं, और इस बार पुलिस पर इन घटनाओं को पहले से ही रोकने की जिम्मेदारी डाली गई है। कुमाऊं रेंज के आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने सभी जिलों के पुलिस कप्तानों को कड़े निर्देश जारी किए हैं, ताकि चुनावी माहौल में कोई भी अशांति न हो। आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने विशेष रूप से थानाध्यक्षों व चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया है कि वें चुनाव से पहले से ही सक्रिय हो जाएं और पिछले वर्षों में जो हुड़दंगी सामने आए हैं, उन्हें चिह्नित करके उन पर नजर रखें। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि पुलिस अधिकारी चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने में विफल रहते हैं, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। आईजी ने यह भी कहा कि हल्द्वानी के एमबीप. ीजी महाविद्यालय, नैनीताल में डीएसबी, रामनगर के पीएनजी डिग्री कॉलेज, हल्दूचौड़ कॉलेज और अल्मोड़ा के कॉलेजों में हर बार चुनाव के दौरान हिंसा या हंगामे की घटनाएं होती रही हैं। इस बार इन घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस को पहले से ही सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि छात्रसंघ चुनाव किसी भी स्थिति में हिंसक न हों, और चुनावी प्रक्रिया शांतिपूर्वक संपन्न हो। आईजी ने कहा कि यदि फिर भी बवाल हुआ तो जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

**नाबालिगों ने दुकानदार को बेरहमी से पीटा-हल्द्वानी।** मुखानी थाना क्षेत्र में नाबालिगों ने एक दुकानदार को बुरी तरह पीट दिया। दुकानदार ने आरोप लगाया कि नाबालिगों ने यह हमला कुछ लोगों के उकसाने पर किया है। कठघरिया निवासी राजवीर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 28 अगस्त को उन पर और उनकी दुकान पर हमला किया गया। राजवीर के अनुसार हमलावर नशे की हालत में थे और उनके उकसाने पर कई नाबालिगों ने भी इस हमले में भाग लिया। पूरी घटना मौके पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें हमलावरों की पहचान की जा सकती है। राजवीर सिंह ने पुलिस को तहरीर में कई आरोपियों के नाम भी बताए हैं। इस मामले को लेकर मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश जोशी ने कहा कि घटना की जांच की जा रही है।

## उच्च शिक्षा आपके द्वार कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के कंप्यूटर विज्ञान विभाग द्वारा उच्च शिक्षा आपके द्वार के तहत शनिवार को हल्द्वानी क्षेत्र में प्रचार-प्रसार कार्यक्रम आयोजित किए गए। यह कार्यक्रम एमआईटी कुमाऊं हल्द्वानी, क्वीन्स पब्लिक स्कूल हल्द्वानी और सुमित पब्लिक स्कूल हल्द्वानी में आयोजित किए गए, जिसमें छात्रों और शिक्षकों को विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों और प्रवेश प्रक्रिया के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर डा. आशुतोष कुमार भट्ट ने दूरस्थ शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और छात्रों को इसके लाभों के बारे में बताया। वहीं डा. बालम सिंह दफौटी ने विश्वविद्यालय की प्रवेश प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। आशीष जोशी ने एसआईएलएम और सत्रीय कार्य के बारे में छात्रों को समझाया। कंप्यूटर विज्ञान विभाग द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न यूजी, पीजी, पीजी डिप्लोमा, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों के बारे में भी छात्रों को जागरूक किया गया, ताकि वे अपनी शिक्षा को और बेहतर बना सकें और प्रवेश प्रक्रिया के बारे में सही जानकारी प्राप्त कर सकें।



## भाविप ने कराई राष्ट्रीय गान प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भारत विकास परिषद द्वारा शनिवार को सेंट लॉरेंस स्कूल देवलचौड़ में राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि मेयर गजराज सिंह बिष्ट, विशिष्ट अतिथि एवं प्रांतीय पर्यवेक्षक कमल किशोर सिंघल, क्षेत्रीय वित्त सचिव आरके गुप्ता, क्षेत्रीय सचिव महिला सहभागिता पाला मेहता, प्रांतीय संरक्षक भगवान सहाय अग्रवाल, प्रांतीय संयोजक रक्तदान भवानी शंकर नीरज, प्रांतीय संयोजक संस्कार उपमा सेठी, और प्रांतीय संयोजक चिकित्सा अतुल राजपाल द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया। शाखा अध्यक्ष दीपक बख्शी ने बताया कि प्रतियोगिता में समस्त टीमों द्वारा हिंदी और संस्कृत में दो राउंडों में गायन की प्रस्तुति दी जाएगी। हल्द्वानी नगर के विभिन्न विद्यालयों की 20 टीमों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। निर्णायक मंडल में डा. शर्मिष्ठा बिष्ट, डा. गुंजन जोशी, हेमंत जोशी शामिल थे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान केवीएम पब्लिक स्कूल, द्वितीय स्थान बीएलएम अकैडमी और तीसरे स्थान गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल रहा। इस मौके पर सिटी कोऑर्डिनेटर जितेंद्र साहनी, अमित अग्रवाल, डा. निधि गुप्ता, शिखा अग्रवाल एकता अग्रवाल, डा. अभिषेक मित्तल, हेमा बिष्ट, विनीत शर्मा, गिरीश केसरवानी, मीनू गुप्ता, गीतू केसरवानी, पूनम साहनी, पंकज अग्रवाल, गुंजन राजपाल, सुमन जैन, साधना जैन, बबीता केसरवानी, रीता साहनी, नरेंद्र साहनी, सौरभ अग्रवाल, नवीन सिंघल, सीमा बख्शी, अमित राजपाल मौजूद रहे।



# बागजाला में निकली विशाल वाहन रैली

## ग्रामीणों का अनिश्चितकालीन धरना 13 वें दिन भी जारी रहा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मालिकाना अधिकार समेत आठ मांगों पर कोई सकारात्मक कार्यवाही न होने के चलते बागजाला गांव में अनिश्चितकालीन धरना आंदोलन 13 वें दिन भी जारी रहा। अपने पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत धरना स्थल से बागजाला गांव के विभिन्न मार्गो से होते हुए विशाल वाहन रैली के माध्यम से मालिकाना अधिकार ले के रहेंगे, राजस्व गांव घोषित करो, निर्माण कार्यों पर लगी रोक हटाओ, पंचायत चुनावों का अधिकार बहाल करो नारों के साथ वाहन रैली निकाली गई। जो विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस धरनास्थल आकर संपन्न हुई।



धरनास्थल पर हुई सभा में वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि यदि आठ सूत्रीय मांग का जल्द ही निस्तारण नहीं हुआ तो वह मजबूर होकर अनिश्चितकालीन आंदोलन को प्रशासनिक अधिकारियों के कार्यालय के बाहर बैठने को बाध्य होना पड़ेगा। वाहन रैली व धरनास्थल पर आनंद सिंह नेगी, हीराधर, योगेश जोशी, पवन भट्ट, पुष्पा, ललित मटियाली, पंकज चौहान, उत्तम दास, धीरज कुमार, ललित जोशी, अंबादत्त बचखेती, शरीफ, अनीस, सलमान, कमल नेगी, प्रकाश, विमला, हेमा, किरन प्रजा. पति, चन्दन सिंह मटियाली, नन्दी, चंद्रा, गोपाल सिंह बिष्ट, दौलत सिंह कुंजवाल, दीवान सिंह बर्गली, अनीता अन्ना, डा. कैलाश पाण्डेय, धनी लाल आर्य, दीपिका तिवारी, दुर्गा मटियाली, दीवान राम, करन कोहली, मोहन चंद्र, इन्द्रपाल मसीह, भगवती गोस्वामी, सविता नेगी, हेमंती, रेखा, श्याम सिंह, रेनू मौर्य, उमा, आशा सहित कई लोग मौजूद रहे।

## समस्याएं लेकर आयुक्त से मिले पार्षद मनोज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** तल्ली हल्द्वानी क्षेत्र में स्मार्ट मीटर और सड़क निर्माण की मांग को लेकर शनिवार को तल्ली हल्द्वानी पार्षद मनोज जोशी ने कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और शीघ्र ही समस्याओं का निस्तारण करने की मांग की।

पार्षद मनोज जोशी ने आयुक्त दीपक रावत को सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि क्षेत्रों में लगे स्मार्ट मीटर के कारण हर माह बिल नहीं आ रहे है और जो भी बिल आ रहे वह बढ़कर आ रहे है। जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने बताया कि मुख्य अभियंता से मुलाकात के दौरान उन्होंने 10 दिन का समय लिया गया था लेकिन उसके बावजूद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। इसके साथ ही पार्षद मनोज जोशी ने डी-क्लास, खन्ना फार्म और केशव पुरम की सड़क निर्माण की भी मांग करते हुए कहा कि सड़क निर्माण ना होने के कारण क्षेत्र की जनता को काफी परेशानियों का सामाना करना पड़ रहा है। इस दौरान कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने शीघ्र ही समस्याओं का निस्तारण करने का आश्वासन दिया।

## अधिक उपज प्राप्त करने के बताए उपाय

**अल्मोड़ा।** एकीकृत कृषि कलस्टर धामस हवालबाग में दो दिवसीय एकीकृत कृषि पर आधारित प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य विकास अधिकारी रामजी शरण शर्मा द्वारा मौजूद महिलाओं को संबोधित किया। प्रशिक्षण के दौरान गोविंद बल्लभ पंत संस्थान से वैज्ञानिक डा. शैलजा पुनेठा द्वारा एकीकृत कृषि के विभिन्न विषयों पर प्रकाश डाला गया। उद्यान विभाग से रिचा जोशी ने उद्यान विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में किसानों को जानकारी दी गई। योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने का कहा गया।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद्, मसूरी।

दूरभाष नं0:-0135-2632251 फैक्स स0 0135-2632039 E-mail:- nppmussoorie@gmail.com

पत्रांक: 1814(ii)अधि0अधि0/2025-26 दिनांक:- 30/08/2025

**निविदा सूचना (ई-टैण्डर)**

नगर पालिका परिषद मसूरी द्वारा वित्तीय वर्ष में निम्न कार्य हेतु दिनांक 17-09-2025 को सांय 3:00 बजे तक ई-टैण्डरिंग (डबल बीड सिस्टम) के अन्तर्गत निविदा आमन्त्रित की जाती है निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना www.uktenders.gov.in पर दिनांक 02/09/2025 से उपलब्ध रहेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित आगणन धनराशि (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र राशि GST अतिरिक्त | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पालिका द्वारा शहर क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न स्थानों पर अस्थाई वैण्डिग जोन का निर्माण कार्य। | 70.41 | 1.41 | 4000 | 2 माह | 60 दिन |

अधिशासी अधिकारी,
नगर पालिका परिषद् मसूरी।

## कार्यालय मुख्य कृषि अधिकारी, रूद्रप्रयाग

पत्रांक : 517/मु0कृ0अ0-भण्डार/निविदा/2025-26/ दिनांक : 28/08/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

अधोहस्ताक्षरी कार्यालय की ओर से विकासखण्ड अगस्त्यमुनी मे राजकीय कृषि प्रक्षेत्र पंवालिंया में जिला योजना 2025-26 के भूमि संरक्षण कार्य मद के अन्तर्गत, मोहरबन्द अल्पकालीन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से दिनांक-01.09.2025 से दिनांक-10.09.2025 तक अपराहन 05:00 बजे तक नकद निर्धारित मूल्य जमा कर प्राप्त किए जा सकते हैं, तथा 11.09.2025 को अपरान्ह 01:00 बजे तक मुख्य कृषि अधिकारी, रूद्रप्रयाग कार्यालय में रखे निविदा बॉक्स में सीलबंद लिफाफे में जमा किए जाऐंगे व उसी दिन दिनांक-11.09.2025 अपरान्ह 2:00 बजे अपरान्ह उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष इस निविदा हेतु गठित समिति द्वारा खोली जाएगी। निविदादाता स्वयं अथवा अपने एक प्रतिनिधि के माध्यम से निविदा खोलने के समय उपस्थित रह सकते है। उक्त परियोजनाओं की निविदाएं सीलबन्द लिफाफे में जमा की जाएंगी व सभी निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का सर्वाधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

| क0 सं0 | कार्य का नाम | परियोजना की अनुमानित लागत | धरोहर राशि (रू0) 3 % | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की श्रेणी | निविदा वैद्यता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राजकीय कृषि प्रक्षेत्र पंवालिंया में चेन लिंक फेन्सिंग का कार्य | 5.00 लाख | 0.15 लाख | 500+18% GST | 45 दिन | डी | 45 दिन |

**नियम व शर्तें**

1. सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी।
2. कार्यालय कृषि एव भूमि संरक्षण अधिकारी अगस्त्यमुनी में डी श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार ही निविदा क्रय के पात्र होंगें।
3. डाक, तार, फैक्स, व इलेक्ट्रानिक माध्यम से कोई निविदा मान्य नहीं होगी।
4. परियोजना क्षेत्र के उन निविदादाताओं को प्रथम प्राथमिकता दी जाएगी, जो निविदा की सभी सेवा शर्तें पूर्ण करता हो।
5. निविदाओं के विस्तृत नियम/शर्ते निविदा फार्म के साथ संलग्न है, जो कि मुख्य कृषि अधिकारी, रूद्रप्रयाग कार्यालय के कैशियर से निर्धारित शुल्क जमा कर विभागीय प्राप्ति रसीद के साथ प्राप्त कर सकते है।
6. परियोजना स्थल एवं आगणन, शर्त/नियम आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में उपरोक्त अवधि के भीतर किसी भी कार्यदिवस में आकर प्राप्त कर सकते है।
7. समस्त निविदायें या किसी एक निविदा को बिना किसी कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकारी गठित समिति के अध्यक्ष का होगा। इस सम्बन्ध में किसी प्रकार के प्रार्थना-पत्र/आवेदन पर विचार नही किया जाएगा एवं आवेदक /निविदादाता द्वारा किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार्य नही होगी।
8. निविदा प्रपत्र के साथ निविदादाता को 100 रूपये के नान ज्यूडिषियल स्टाम्प पेपर पर 1 रूपये का रसीदी टिकट लगाकर वैधता की शर्तो के साथ ठेकेदार द्वारा हस्ताक्षर करना अनिवार्य है।
9. किसी भी लिपिकीय/छपाई त्रुटि के लिए अधोहस्ताक्षरी उत्तरदायी नही है।

मुख्य कृषि अधिकारी
रूद्रप्रयाग।

# सपा कार्यालय में 125 लोगों ने किया रक्तदान

## जश्न-ए-ईद मिलाद-उल-नबी के उपलक्ष्य में अब्दुल मतीन सिद्दीकी ने लगवाया शिविर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जश्न-ए-ईद मिलाद-उल-नबी के उपलक्ष्य में समाजवादी पार्टी के प्रदेश प्रभारी हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीकी के लाइन नंबर 17 स्थित कार्यालय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। श्री सिद्दीकी ने सभी कार्यकर्ताओं एवं रक्तदाताओं की हौसला अफज़ाई करते हुए कहा कि आज आप लोगों का रक्तदान न जाने कितने लोगों के जीवन बचाने में मददगार साबित होगा। उन्होंने कहा हमारे प्यारे नबी की यौमी पैदाइश इसी महीने में मनाई जाती है और इस मौके पर रक्तदान से अच्छा दूसरा काम क्या हो सकता है। श्री सिद्दीक़ी ने कहा कि हज़रत मुहम्मद साहब ने हमेशा आपसी भाईचारे, लोगों की मदद करने और




साफ सफाई का संदेश देने के साथ साथ अपने दोर के लोगों से उस पर अमल भी कराया। रक्त दान के विषय में जानकारी देते हुए श्री सिद्दीकी ने बताया कि उनके छोटे भाई पूर्व नैनीताल बहेड़ी लोकसभा सपा प्रत्याशी शहीद अब्दुल रऊफ सिद्दीकी ने 1993 में रक्तदान का कार्य शुरू किया था। उस समय हल्द्वानी में ब्लड बैंक भी नहीं था। उस समय भी रक्तदान करने के लिए उनके पास लगभग एक हज़ार युवाओं की फौज थी। आधी रात को भी यदि किसी को रक्त की आवश्यकता होती थी तो वह उसे उसी समय रक्त उपलब्ध करा देते थे। उस समय उन्होंने ब्लड बैंक के लिए भी काफी आंदोलन किए और उन्हें उसमें कामयाबी भी मिली। शिविर में सुशीला तिवारी मेडिकल कालेज के ब्लड बैंक को लगभग 125 यूनिट ब्लड प्राप्त हुआ। ब्लड बैंक की इंचार्ज डा. सलोनी उपाधयाय और उनकी टीम ने इतने बड़े शिविर के लिए अब्दुल मतीन सिद्दीकी और उनकी टीम का आभार व्यक्त किया। रक्तदान तथा शिवर को सफल बनाने में मुख्य रूप से जावेद सिद्दीकी, उमैर मतीन सिद्दीकी, विक्की ख़ान, डा. संजीव प्रकाश, डा. पवलीन खुराना, इस्लाम मिकरानी, मुकेश चंद सनवाल, जावेद मिकरानी, संजय नायक, अरशद अय्यूब, जमील मिक. रानी, भूपेन्द्र कुमार, रेहान मलिक, अलीम अंसारी, उस्मान अंसारी, मोहम्मद अनस, अभिषेक गोस्वामी, राहिल पठान, आमिर हमज़ा, उवेस सिद्दीकी, डा. इमरान सिद्दीकी, डा. सरताज उस्मानी, एडवोकेट मोहम्मद जावेद, मोहम्मद ज़ुबैर, आकिब जावेद की भूमिका रही।

# बिजली कटौती से शहर में हाहाकार

## लाइनमैन 'लापता' होने से कई क्षेत्रों में 8 घंटे कटौती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शनिवार को हल्द्वानी में सुबह दस बजे से दोपहर तीन बजे तक की बिजली कटौती ने हाहाकार मचा दिया। वैसे बिजली कटौती का समय दस बजे से 2 बजे तक निर्धारित था लेकिन एक घंटे बिजली आपूर्ति देर से सुचारू हो पाई। लेकिन वहीं अजीब बात यह है कि शहर के कई क्षेत्रों में यह बिजली कटौती चार-पांच घंटे से बढ़कर 7 घंटे तक पहुंच गयी।

इसके पीछे वजह यह थी कि बिजली विभाग का लाइनमैन मोबा. इल स्विच ऑफ कर 'लापता' हो गया था और जब तक उसकी कोई सूचना विभाग को नहीं मिली बिजली सुचारू नहीं हो पाई। शनिवार को हल्द्वानी में वैसे तो बाजार बंदी का दिन होता है, लेकिन फिर भी सुबह दस बजे गुल हुई बिजली ने भीषण गर्मी में लोगों को पसीने से तर कर दिया। घरों में इन्वर्टरों ने भी साथ छोड़ दिया और लोग गर्मी में उबल पड़े। लोगों के ज़रूरी कामकाज और बैंकों का लेनदेन ठप पड़ गया। दो बजे तक भी बिजली आपूर्ति सुचारू नहीं हो पाई।

तीन बजे शहर के कई हिस्सों में लाइट ऑन कर दी गयी लेकिन बनभूलपुरा के कई इलाकों जैसे उत्तर उजाला, गौजाजाली, इंदिरानगर छोटी-बड़ी रोड में बिजली आपूर्ति शाम 6 बजे तक सुचारू हो सकी। वार्ड 30 के पार्षद प्रतिनिधि ज़करिया पठान ने जब इस सम्बंध में विभाग के अधीक्षण अभियंता प्रदीप कुमार से बात की तो उन्होने जो बताया वो हैरान करने वाला था। प्रदीप कुमार ने अवगत कराया कि उस इलाके के लाइनमैन से सम्पर्क नहीं हो पा रहा है। उसका मोबाइल भी बंद है। जैसे ही उससे सम्पर्क होता है तो लाइट सुचारू कर दी जाएगी। ज़करिया पठान ने विभाग की इस लापरवाही पर रोष जताया है, जिसकी वजह से कई क्षेत्रों के लोगों को घंटों की लाइट कटौती की वजह से परेशानी का सामना करना पड़ा।

# मलबे में जिन्दगी की तलाश

## आपदा: आंखों में आंसू हाथ में कुदाल, अपनों को ढूंढने में लगे रहे परिजन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** गुरुवार रात पौसारी के खाईजर तोक में बादल फटने की घटना के बाद भूस्खलन हुआ, जिससे दो मकान मलबे में दब गए। इस भीषण आपदा में दो परिवारों के छह लोग प्रभावित हुए।

एक बालक को सुरक्षित निकाल लिया गया है, जबकि तीन लोगों की मृत्यु हो चुकी है। शुक्रवार को रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान बसंती देवी और बचुली देवी के शव बरामद किए गए। वहीं शनिवार को जिला प्रशासन, पुलिस एवं आपदा राहत दल एनडीआरएफ, एसडीआरएफ के संयुक्त अभियान में बड़ी मशक्कत से तीसरे व्यक्ति रमेश जोशी का शव भी मलबे से निकाला गया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अन्य दो लोगों की खोजबीन जारी है। रेस्क्यू ऑपरेशन की निगरानी जिला. धिकारी आशीष भटगाई, पुलिस अधीक्षक चंद्र शेखर घोड़के तथा



कपकोट विधायक सुरेश गड़िया, मुख्य विकास अधिकारी आर सी तिवारी द्वारा की जा रही है। इस घटना में जान-माल, पशुधन और कृषि भूमि को भारी नुकसान हुआ है। जिला प्रशासन द्वारा आपदा से प्रभावित अन्य परिवारों को अहेतुक राशि और राशन किट वितरित किए जा रहे। वहीं जिन घरों में मलबा घुस गया था। पीडब्ल्यूडी द्वारा उसको हटाया जा रहा है। पैदल रास्तों को सुचारू किया जा रहा है। वहीं अन्य विभागों द्वारा क्षति का आंकलन किया जा रहा है। वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों का इलाज किया जा रहा है। शनिवार को सुबह होने के बाद एक बार फिर आपदा ग्रस्त क्षेत्र में लापता हुए लोगों की तलाश शुरू की गई। एसडीआरएफ, एनडीआरएफ की टीमों के साथ पीड़ित परिवार के परिजन हाथों में कुदाल, आंखों में आंसू लिए खोजबीन में जुटे रहे। हालांकि लापता लोगों के अब बचने की उम्मीद परिजन भी खो चुके हैं। बैसानी विद्यालय में बनाए गए आपदा राहत केंद्र से जिलाधिकारी आशीष भटगाई कपकोट विधायक लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन सहित राहत कार्यों की निगरानी कर रहे हैं। आपदा राहत केंद्र में आपदा प्रभावितों को रहने और भोजन की व्यवस्था की गई है। जिला. धिकारी आपदा के दिन से रेस्क्यू सेंटर बैसानी में बने हुए हैं वहीं से रेस्क्यू ऑपरेशन की मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

# महत्वपूर्ण दो प्रतियोगी परीक्षाएं आज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में रविवार को दो महत्वपूर्ण प्रतियोगी परीक्षाएं होगी, जिसके सफल संचालन के लिए अपर जिला. धिकारी ने सभी जोनल मजिस्ट्रेट और केंद्र व्यवस्थापकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। दोनों परीक्षाओं को शांतिपूर्ण व नकल विहीन संपन्न कराने के लिए शनिवार को सर्किट हाउस काठगोदाम में अपर जिला. धिकारी शैलेन्द्र सिंह नेगी की अध्यक्षता में बैठक हुई। उन्होंने बताया कि पहली परीक्षा उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की दो पालियों में परीक्षा होगी। परीक्षा के लिए जिले में 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए है जिनमें कुल 4298 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। वही दूसरी परीक्षा उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक न्यायिक सेवा सिविल न्यायाधीश (कनिष्ठ श्रेणी) प्रारंभिक परीक्षा सुबह 10 बजे से 1 बजे तक होगी। परीक्षा के लिए गुरु तेग बहादुर स्कूल और हिमालया विद्या मंदिर दो परीक्षा केंद्र बनाए गए है, जिसमें कुल 1752 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। अपर जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों पर जैमर, सीसीटीवी कैमरे लगाने के साथ ही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी जोनल मजिस्ट्रेट, केन्द्राध्यक्ष एवं पर्यवेक्षक मिलकर व्यवस्थाओं को समय से पूर्ण करें ताकि परीक्षाएं शांतिपूर्ण व निष्पक्ष रूप से सम्पन्न हो सकें। बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल चौहान, उप जिलाधिकारी रेखा को. हली, सीओ सिटी दीपशिखा, लो. कसेवा आयोग हरिद्वार के पर्यवेक्षक सहित सभी परीक्षा केंद्रों के प्रधानाचार्य एवं आब्जर्वर मौजूद रहे।

# 64 की उम्र में जज्बा 24 का



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** प्रभु का आशीर्वाद हो और हौंसले बुलंद हों तो आदमी सब कुछ कर कर सकता है। जी हां, ऐसे ही बुलंद हौंसले रखते हुए 64 वर्षीय बलवीर सिंह ने साइकिल से छह हजार किलोमीटर की धार्मिक यात्रा पूर्ण की है। सफलता पूर्वक अपनी यात्रा पूरी कर लौटे काशीपुर के मौहल्ला पक्काकोट निवासी बलवीर सिंह ने बताया कि इस वर्ष 22 फरवरी को वह गुरुद्वारा श्री ननकाना साहिब, काशीपुर में मत्था टेकने के पश्चात साइकिल से गंतव्य को रवाना हुए और बिजनौर, हरिद्वार, सहारनपुर, चंडीगढ़, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू, जम्मू एवं कश्मीर आदि विभिन्न प्रदेशों के शहरों में स्थित मां वैष्णो देवी मंदिर, श्री खाटू श्याम मंदिर, श्री कालका जी मंदिर, बागेश्वर धाम, सीताकुंड, तिरुपति बालाजी मंदिर आदि 101 धार्मिक स्थलों (करीब छह हजार) की यात्रा कर छह माह छह दिन बाद 28 अगस्त को काशीपुर लौटे हैं। बलवीर सिंह ने बताया कि साइकिल द्वारा की गई यह उनकी 21वीं यात्रा थी।

# प्रशिक्षण से दक्ष हुए वन क्षेत्राधिकारी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** 37 नवनियुक्त वन क्षेत्राधिकारियों के 18 माह का प्रशिक्षण पूर्ण होने पर शनिवार को उत्तराखंड वानिकी प्रशिक्षण अकादमी (एफटीआई) में दीक्षांत समारोह का आयोजन हुआ। प्रशिक्षण के दौरान शानदार प्रदर्शन करने वाले वन क्षेत्राधिकारियों को सम्मानित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अक्षय सिंह को स्वर्ण पदक, अनीता सूर्यवंशी को रजत पदक और मनीष शर्मा को कांस्य पदक प्रदान किया गया। वही अनीता सूर्यवंशी को सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षार्थी और सर्वश्रेष्ठ परेड कमांडर और विभिन्न विषयों में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले पांच अन्य प्रशिक्षुओं को भी ट्राफी से सम्मानित किया गया। इससे पहले दीक्षांत समारोह की शुरुआत पासिंग आउट परेड से हुई। इसमें एफटीआई में प्रशिक्षण ले रहे मध्य प्रदेश के 37 प्रशिक्षु वन क्षेत्राधिकारियों ने कदमताल करते हुए मुख्य अतिथि अपर प्रमुख वन संरक्षक डा. विवेक पांडे को सलामी दी। इसके बाद पंडित नैन सिंह ऑडिटोरियम में दीक्षांत समारोह का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि डा. पाण्डे ने प्रशिक्षुओं से कहा कि वन क्षेत्राधिकारी प्रकृति के संरक्षक हैं। उनका कर्तव्य केवल वनों की रक्षा करना ही नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि भावी पीढ़ियां इस अमूल्य धरोहर का आनंद ले सकें। इस मौके पर मुख्य वन संरक्षक डा. तेजस्विनी अरविंद पाटिल, उप वन संरक्षक डा. अभिलाषा सिंह, डीएफओ हिमांशु बांगरी, कुंदन कुमार, उप निदेशक मयंक मेहता, सूरज तिवारी, आशीर्वाद कटियार, सहायक वन संरक्षक सुधीर कुमार, रेंजर अंजनी आदि मौजूद रहे।


**न्यायालय श्रीमान सिविल जज महोदय कीर्तिनगर टिहरी गढ़वाल।**

वाद संख्या-06 सन-2025

**वादी**- सरोजनी देवी पत्नी नत्थीराम ग्राम-गवाणा, पट्टी-डागर, तहसील-कीर्तिनगर, जिला टि०ग०।

**प्रतिवादी**- 1. आशीष गोदियाल पुत्र नत्थीराम गोदियाल ग्राम-गवाणा, पट्टी-डागर, तहसील-कीर्तिनगर, जिला-टिहरी गढ़वाल।

2. मोहन लाल पुत्र सदानन्द ग्राम-गवाणा, पट्टी-डागर, तहसील-कीर्तिनगर, जिला-टिहरी गढ़वाल।

3. ग्राम पंचायत गवाणा, जरिये प्रशासक/प्रधान ग्राम पंचायत गवाणा विकासखण्ड कीर्तिनगर जिला टिहरी गढ़वाल।

4. सरकार उत्तराखण्ड जरिये श्रीमान कलेक्टर महोदय टिहरी गढ़वाल नई टिहरी।

5. समस्त रिश्तेदार एवं आम जनता।

**नोटिस बनाम हर आम व खास को**

चूंकि वादनी सरोजनी देवी गोदियाल पत्नी नत्थीराम गोदियाल उपरोक्त ने मेरे न्यायालय में एक वाद अपने पति नत्थीराम गोदियाल पुत्र सदानन्द गोदियाल की दीवानी मृत्यु की उपधारणा की घोषणा हेतु अन्तर्गत धारा-34 विशिष्ट अनुतोष अधिनियम सपठित धारा-11 भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रस्तुत किया है। जिसमें सुनवाई की तिथि दिनांक 18-09-2025 नियत है।

अतः हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि यदि किसी भी व्यक्ति को इस मामले में कोई आपत्ति प्रस्तुत करनी हो, तो वे नियत तिथि पर ठीक 10 बजे स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा न्यायालय द्वारा वाद की सुनवाई एक पक्षीय रूप से की जायेगी। सूचना जानें।

आज दिनांक 28-08-2025 को इस न्यायालय की मुद्रा व हस्ताक्षर से जारी।

आदेशानुसार
प्रबन्धक/रीडर
सिविल जज
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी
कीर्तिनगर



**कार्यालय सहायक अभियन्ता-III**
**पी०एम०जी०एस०वाई०, सिंचाई खण्ड, देहरादून**
email: eepmgsydehradun@rediffmail.com

पत्रांक: 191/स०अ०-III/पी.एम.जी.एस.वाई./सिं०ख०-दे०दून/वाहन, दिनांक: 30/08/2025

**"अल्पकालीन निविदा सूचना सं0-02/2025-26"**

सहायक अभियन्ता, पी०एम०जी०एस०वाई०, सिचांई खण्ड, देहरादून के उपयोगार्थ दिनांक **01.09.2025** से **31.03.2026** तक (07 माह) निम्नलिखित वाहनों की आवश्यकता है। राजकीय उपयोग हेतु चालक सहित ईधन रहित मासिक किराये पर रखने हेतु दिनांक **10.09.2025** तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सांय 3:00 बजे तक निविदा आमंत्रित किये जाते है। जो कि उसी दिन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में 3:30 बजे खोली जायेगी।

| क्र०सं० | वाहन का प्रकार | वाहनों की संख्या | उपयोगार्थ अधिकारी | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बुलैरो (व्यवसायिक रजिस्ट्रेशन | 01 | सहायक अभियन्ता, पी.एम.जी.एस.वाई. सिंचाई खण्ड, देहरादून। | |

शर्तेः-
1 वाहन का रजिस्ट्रेशन 03 वर्ष से पूर्व का न हो। (अर्थात 2022 या उसके पश्चात् का रजिस्ट्रेशन होना चाहिये।)
2 वाहन का पंजीकरण टैक्सी परमिट में होना चाहिये।
3 वाहन से सम्बन्धित अभिलेख जैसे पंजीकरण, फिटनेस, इंश्योरेंस आदि पूर्ण होना चाहिये।
4 वाहन से सम्बन्धित अभिलेख अनुबन्ध के समय संलग्न करना आवश्यक है।
5 वाहन के चालक का कमर्शियल ड्राइविंग लाइसेंस पर्वतीय एवं मैदानी होना चाहिये।
6 वाहन स्वामी को चालक का पारिश्रमिक व वाहन के रख-रखाव का व्यय स्वंय वहन करना होगा।
7 प्राप्त निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सहायक अभियन्ता प्रथम, पी.एम. जी.एस.वाई., सिंचाई खण्ड, देहरादून को होगा।
8 वाहन के किराये की दरें स्वीकृत होने की दशा में वाहन स्वामी को 100/-रू0 के स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध-पत्र भरना होगा।
9 वाहन के मरम्मत की अवधि में वाहन स्वामी द्वारा अन्य समकक्ष वाहन उपलब्ध कराना होगा।

सहायक अभियन्ता-तृतीय
पी0एम0जी0एस0वाई0 सिंचाई खण्ड,
6-इन्दिरा नगर, देहरादून



**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय "उज्जवल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाष संख्या: 0135-2763808, फैक्स नं0 0135-2763508
CIN No. U4101UR2001SGC025866 Website: www.ujvnl.com

पत्रांक: 651 **ई-निविदा सूचना** दिनांक 30.08.2025

कार्यालय (अधिशासी अभियन्ता (वि0 एवं या0-द्वितीय), लखवाड़ एम0पी0पी0 (300 मे0वा0) डाकपत्थर द्वारा इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:
ई निविदा सं0 03/अ0अभि0 (वि0 एवं या0.-द्वितीय)/एल0पी/2025-26
कार्य /पूर्ति/सेवायें का नाम -लखवाड बहुउद्देशिय परियोजना के कार्यालय भवनो अथिति गृह ट्राजिट कैप एव आवासीय भवनो के वार्षिक अनुरक्षण का कार्य
अनुमानित लागत - 44,09676.00 (जी0एस0टी0 अतिरिक्त)
वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि : 01.09.2025 16:00 बजे से
निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि : 22.09.2025 15:00 बजे तक
अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाईट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट "www.ujvnl.com" से डाउनलोड किये जा सकते हैं।

अधि0 अभि0 (वि0 एवं यां0-द्वितीय)
"बिजली के दुरूपयोग से बचें"



**।। कार्यालय नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार (पौड़ी गढ़वाल) ।।**

पत्रांक: 2753/स्वा0अनु0/ नीलामी सूचना/2025-26 दिनांक: 28/08/2025

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम कोटद्वार के विभिन्न अनुभागों में निष्प्रयोज्य/ अनुपयोगी सामाग्री जहाँ है जैसी है तथा जिस अवस्था में है के आधार पर नीलामी करायी जानी है। इच्छुक बोलीदाता दिनांक 10/09/25 को समय सायं 03 बजे नीलामी में प्रतिभाग कर सकते है। जिसमें प्रतिभाग करने हेतु इच्छुक फर्म/व्यक्ति को रू0 12000/- की धनराशि नीलामी की जमानत राशि के रूप में जमा कराया जायेगा। जिसे बाद में वापस कर दिया जायेगा। साथ ही रू0 1000/- की धनराशि नीलामी में सम्मिलित होने हेतु नगर निगम कार्यालय में जमा करानी होगी। जो कि वापस नहीं की जायेगी।

अत: इच्छुक फर्म/व्यक्ति द्वारा निष्प्रयोज्य नीलामी की सूची एवं शर्त कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है। बोली को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार नगर आयुक्त महोदय में निहित होगा।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार।



**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि पतंजलि आयुर्वेद लि० कारपोरेट आफिस पतंजलि फूड एन्ड हर्बल पार्क ग्राम पदार्था लकसर रोड हरिद्वार (उत्तराखन्ड)-249404, द्वारा निम्नविवर्णित सम्पत्ति **पंजाब नेशनल बैंक, एक्स्ट्रा लार्ज शाखा ई ब्लॉक हर्षा भवन, मिडिल सर्कल, कनॉट प्लेस नई दिल्ली ईमेल: bo2164@pnb.co.in के पास गिरवी रखने का इरादा है।**

1. मूल पंजीकृत दस्तावेज दानपत्र दस्तावेज संख्या 8563 दिनाँक 25.11.2009, कार्यालय उप-निबन्धक हरिद्वार, निष्पादक नूरअली व शौकत अली व शराफत अली पुत्रगण अल्लाबन्दा समस्त निवासीगण ग्राम मुस्तफाबाद तहसील व जिला हरिद्वार बहक मौहम्मद अली पुत्र अल्लाबन्दा समस्त निवासी ग्राम मुस्तफाबाद तहसील व जिला हरिद्वार सम्बन्धित सम्पत्ति खसरा नम्बर 16/2 क्षेत्रफल 0.2660 हैक्टेयर व खसरा नम्बर 18 क्षेत्रफल 1.9770 हैक्टेयर कुल क्षेत्रफल 2.2430 हैक्टेयर भागानुसार क्षेत्रफल 1.1295 हैक्टयर व खसरा नम्बर 169/2 कुल क्षेत्रफल 2.1820 हैक्टेयर भागानुसार क्षेत्रफल 0. 5455 हैक्टेयर व खसरा नम्बर 167 क्षेत्रफल 0.2560 हैक्टेयर व खसरा नम्बर 168/2 क्षेत्रफल 0.6150 हैक्टेयर कुल क्षेत्रफल 0.8710 हैक्टेयर व खसरा नम्बर 212/2 क्षेत्रफल 0.7070 हैक्टेयर भागानुसार क्षेत्रफल 0.3414 हैक्टेयर, कुल क्षेत्रफल 2.8874 हैक्टेयर अर्थात 28874 वर्गमीटर, स्थित ग्राम मुस्तफाबाद परगना ज्वालापुर तहसील व जिला हरिद्वार.

2. मूल पंजीकृत दस्तावेज विक्रय पत्र दस्तावेज संख्या 6469 दिनांक 27.08.2012. कार्यालय उप-निबन्धक हरिद्वार, निष्पादक श्री सुरेश चन्द पुत्र श्री धर्मपाल निवासी ग्राम फेरूपुर रामखेडा तहसील व जिला हरिद्वार बहक श्रीमति नफीसा पत्नि इस्लामुद्दीन निवासी ग्राम मुस्तफाबाद तहसील व जिला हरिद्वार सम्बन्धित सम्पत्ति खसरा नम्बर 16/2 क्षेत्रफल 0.2660 हैक्टेयर व खसरा नम्बर 18 क्षेत्रफल 1.9770 हैक्टेयर कुल क्षेत्रफल 2.2430 हैक्टेयर भागानुसार क्षेत्रफल 1.1295 हैक्टयर व खसरा नम्बर 169/2 कुल क्षेत्रफल 2.1820 हैक्टेयर भागानुसार क्षेत्रफल 0.5455 हैक्टयर व खसरा नम्बर 167 क्षेत्रफल 0. 2560 हैक्टेयर व खसरा नम्बर 168/2 क्षेत्रफल 0.6150 हैक्टेयर कुल क्षेत्रफल 0.8710 हैक्टेयर व खसरा नम्बर 212/2 क्षेत्रफल 0.7070 हैक्टेयर भागानुसार क्षेत्रफल 0.3414 हैक्टेयर, कुल क्षेत्रफल 2.8874 हैक्टेयर अर्थात 28874 वर्गमीटर, स्थित ग्राम मुस्तफाबाद परगना ज्वालापुर तहसील व जिला हरिद्वार,

3. मूल पंजीकृत दस्तावेज मुख्तारनामा आम दस्तावेज संख्या 386 दिनाँक 21.11.2020, कार्यालय उप-निबन्धक हरिद्वार, निष्पादक चन्द्र प्रभा पुत्री श्री पदम प्रसाद निवासी 132, नैना निकेतन ऋषिकुल बस्ती हरिद्वार तहसील व जिला हरिद्वार बहक श्री विजय शर्मा पुत्र श्री पदम प्रसाद निवासी 132, नैना निकेतन ऋषिकुल बस्ती हरिद्वार तहसील व जिला हरिद्वार सम्बन्धित सम्पत्ति खसरा नम्बर 16/2 क्षेत्रफल 0.2660 हैक्टेयर व खसरा नम्बर 18 क्षेत्रफल 1.9770 हैक्टेयर कुल क्षेत्रफल 2.2430 हैक्टेयर भागानुसार क्षेत्रफल 1.1295 हैक्टयर व खसरा नम्बर 169/2 कुल क्षेत्रफल 2.1820 हैक्टेयर भागानुसार क्षेत्रफल 0. 5455 हैक्टयर व खसरा नम्बर 167 क्षेत्रफल 0.2560 हैक्टेयर व खसरा नम्बर 168/2 क्षेत्रफल 0.6150 हैक्टेयर कुल क्षेत्रफल 0.8710 हैक्टेयर व खसरा नम्बर 212/2 क्षेत्रफल 0.7070 हैक्टेयर भागानुसार क्षेत्रफल 0.3414 हैक्टयर, कुल क्षेत्रफल 2.8874 हैक्टयर अर्थात 28874 वर्गमीटर, स्थित ग्राम मुस्तफाबाद परगना ज्वालापुर तहसील व जिला हरिद्वार,

4. मूल पंजीकृत दस्तावेज विक्रय पत्र दस्तावेज संख्या 7477 दिनोंक 18.11.2011 कार्यालय उप-निबन्धक हरिद्वार, निष्पादक मौहम्मद राशिद पुत्र शरीफ अहमद निवासी मौहल्ला सती रूडकी तहसील रूडकी जिला हरिद्वार बहक श्री ताहिर हसन पुत्र मीर हसन निवासी ग्राम पदार्था उर्फ धनपुरा तहसील व जिला हरिद्वार सम्बन्धित सम्पत्ति खसरा नम्बर 222/2 क्षेत्रफल 0.9440 हैक्टेयर भागानुसार क्षेत्रफल 0.2670 हैक्टयर व खसरा नम्बर 206 कुल क्षेत्रफल 0. 4000 हैक्टेयर भागानुसार क्षेत्रफल 0.1020 हैक्टेयर व खसरा नम्बर 16/2 क्षेत्रफल 0.2660 हैक्टेयर व खसरा नम्बर 18 क्षेत्रफल 1.9770 हैक्टेयर कुल क्षेत्रफल 2.2430 हैक्टेयर भागानुसार क्षेत्रफल 0.5607 हैक्टेयर, कुल क्षेत्रफल 0.9297 हैक्टेयर अर्थात 9297 वर्गमीटर, स्थित ग्राम मुस्तफाबाद परगना ज्वालापुर तहसील व जिला हरिद्वार।

5. मूल पंजीकृत दस्तावेज विक्रय पत्र दस्तावेज संख्या 380 दिनोंक 19.01.2011 कार्यालय उप निबन्धक हरिद्वार, निष्पादक शाहिद पुत्र शरीफ निवासी ग्राम मुस्तफाबाद परगना ज्वालापुर तहसील व जिला हरिद्वार बहक श्री शिवानन्द मिश्रा पुत्र श्री राम आश्रय निवासी ग्राम थालन तहसील भटवाडी जिला उत्तरकाशी सम्बन्धित सम्पत्ति खसरा नम्बर 226 क्षेत्रफल 0.2838 हैक्टेयर, स्थित ग्राम मुस्तफाबाद परगना ज्वालापुर तहसील व जिला हरिद्वार।

उपरोक्त सम्पत्ति स्वामी पतंजलि आयुर्वेद लि० द्वारा यह अवगत कराया गया है कि उपरोक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित मूल स्वत्व दस्तावेज वास्तव में कही गुम हो गये है और तलाश के बाद भी नहीं मिल सके है तथा सम्पत्ति स्वामी द्वारा इनको कही भी किसी के भी के पक्ष या किसी भी प्रकार से बन्धक अथवा प्रभारित आदि नहीं किया है।

यदि उपरोक्त सम्पत्ति स्वामी के अतिरिक्त किसी व्यक्ति या वित्तीय संस्थान का कोई अधिकार या दावा या स्वत्व या हित उपरोक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध मे या गुमशुदा मूल दस्तावेजो के सम्बन्ध में विक्रय, बन्धक, उपहार, प्रभार या किसी अन्य प्रकार से है तो वह व्यक्ति या वित्तीय संस्थान इस नोटिस के प्रकाशन की तिथि से 7 (सात) दिवस की अवधि के अन्दर समुचित दस्तावेज साक्ष्य के साथ अधोहस्ताक्षरी से सम्पर्क या लिखित रूप से सूचित कर सकता है अन्यथा पंजाब नेशनल बैंक सम्बन्धित प्रस्तावित बन्धक की कार्यवाही को पूर्ण कर लेगा और उसके पश्चात किसी का कोई दावा किसी प्रकार का पंजाब नेशनल बैंक एक्स्ट्रा लार्ज शाखा नई दिल्ली पर बाध्यकारी नहीं होगा।

ज्ञानेश्वर ठकराल (एडवोकेट)
गोकुल लेन, तहसील परिसर के सामने,
ज्वालापुर, हरिद्वार - 249407
मो.नं. 9219156533
Email- advocate.thakral1st@gmail.com

स्थान-हरिद्वार
दिनांक 28.08.2025



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

सम्पादकः
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक
चेतन गुरूंग
देहरादून कार्यालय 63/9
ई-राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



**यूजेवीएन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मुख्य कार्यालय "उज्जवल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006, सिन नं: U40101UR2001SGC025866
दूरभाष सं0 0135-2763508, 2763808, फैक्स: 0135-2763507 वेबसाइट: www.ujvnl.com

सं0 647 अल्प कालीन निविदा सूचना दिनांक 30.08.2025

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (अनु0 एवं उत्पा0), मौहम्मदपुर विद्युत गृह, गुरुकुल नारसन, हरिद्वार इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित करता हैं। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है।
1. निविदा सं0: 10/अधि.अभि./मौ0वि0गृह/2025-26 - मौहम्मदपुर विद्युत गृह के 3 नग टिलटींग गेटस की मरम्मत, का कार्य।
2. निविदा सं0: 11/अधि.अभि./मौ0वि0गृह/2025-26 - मौहम्मदपुर विद्युत गृह पर स्थापित Overhead Cooling Water Tanks की मरम्मत, पेन्टिंग एवं सिल्ट हटाने एवं सम्बन्धित आपूर्ति करनें का कार्य।
3. निविदा सं0: 12/अधि.अभि./मौ0वि0गृह/2025-26 - मौहम्मदपुर विद्युत गृह की ईन्टेक गेटस जालीयों की मरम्मत एवं पेन्टिंग का कार्य।
4. निविदा सं0: 13/अधि.अभि./मौ0वि0गृह/2025-26 - मौहम्मदपुर विद्युत गृह के अप-स्ट्रीम, डाउन-स्ट्रीम, एवं फोर-बे से कूड़ा इत्यादि हटाने का कार्य।
5. निविदा सं0: 14/अधि.अभि./मौ0वि0गृह/2025-26 - मौहम्मदपुर विद्युत गृह के मशीन नं0 3 के इन्टेक गेटों पर पॉलीपॉक्सी प्रोटेक्टिव कोटिंग का कार्य।
अनुमानित लागतः ₹ 3,15,630.00 (जीएसटी रहित), ₹ 3,02,925.00 (जीएसटी रहित) ₹ 3,42,720.00 (जीएसटी रहित) ₹ 2,15,040.00 (जीएसटी रहित) एवं ₹ 9,89,303.70 (जीएसटी रहित) क्रमशः।
वेबसाइट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि : 31.08.2025
निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि : 16.09.2025, 11:00 बजे तक।
अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट "www.ujvnl.com" से डाउनलोड किये जा सकते है।

अधिशासी अभियन्ता (अनु0एवंउत्पा0)
" बिजली के दुरूपयोग से बचें"



**उत्तराखण्ड पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपकम)
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड ज्वालापुर हरिद्वार। मोबाईल नं0. 9412073716

पत्रांकः- 6123/वि0.वि0.ख0ज्वा0/ह0/शट डाउन/ई0ई0/ दिनांक- 30.08.2025

**विद्युत बन्दी सूचना**

खण्ड के अन्तर्गत आने वाले सम्मानित उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि निम्न तालिका में वर्णित तिथि व समय में 33/11 के०वी० विद्युत उपसंस्थान, आर्यनगर में अनुरक्षण कार्य एवं 33/11 के०वी० विद्युत उपसंस्थान, पुल जटवाडा पर तार बदलने का कार्य किया जाना प्रस्तावित है। अतः तालिका में वर्णित क्षेत्रों से सम्बन्धित सम्मानित उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति उल्लेखित तिथि व समय पर आंशिक /पूर्ण रूप से बाधित रहेगी।

| कम स0 | उपसंस्थान का नाम | पोषक का नाम | दिनांक व दिन | समय | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 33/11 के०वी० विद्युत उपसंस्थान, आर्यनगर। | उक्त उपसंस्थान से पोषित होने वाले समस्त पोषक । | 03.09.2025/ बुधवार। | 10:00 बजे से 14:00 बजे तक। | आर्य नगर, नन्दपुरी, शारदा नगर, रेलवे फाटक रोड तथा उक्त उपसंस्थान से पोषित होने वाले समस्त घरेलू, अघरेलू एवं औद्योगिक उपभोक्ता। |
| 02 | 33/11 के0वी0 विद्युत उपसंस्थान, पुल जटवाडा। | 11 के०वी० पीठ बाजार। | 01.09.2025/ सोमवार; 03.09.2025/ बुधवार; 06.09.2025/ शनिवार | 09:00 बजे से 14:00 बजे तक। | पीठ बाजार तथा उक्त पोषक से पोषित होने वाले समस्त घरेलू, अघरेलू एवं औद्योगिक उपभोक्ता। |

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त समय में विद्युत एवं पानी की वैकल्पिक व्यवस्था अपने स्तर से करने की कृपा करें। विद्युत बन्दी के समय सम्मानित उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की जाती है।

अधिशासी अभियन्ता
'विद्युत बिलो के 24X7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं*
Toll free No- 1800-419-0405
"राष्ट्रहित में विद्युत बचायें"

# मां नंदा सुनंदा की सुंदर मूर्तियों का निर्माण

## आज ब्रह्म मुर्हूत में प्राण प्रतिष्ठा के बाद भक्तजनों के दर्शन के लिए स्थापित किया जाएगा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर की प्रतिष्ठित धार्मिक संस्था श्रीराम सेवक सभा के तत्वावधान में आयोजित 123वें नौ दिवसीय श्री मां नंदा देवी महोत्सव के तहत शनिवार को कदली वृक्षों से लोक पारंपरिक कलाकार चंद्र प्रकाश साह तथा उनकी टीम की ओर से मां नंदा व सुनंदा की मूर्तियों का निर्माण किया। दूसरी ओर अब इन मूर्तियों की रविवार (आज) ब्रह्म मुर्हूत में प्राण प्रतिष्ठा करने के बाद उन्हें भक्तजनों के दर्शन के लिए स्थापित कर दिया जाएगा। दूसरी ओर शनिवार को दिनभर कार्यक्रमों को सफल बनाने में सभा के अध्यक्ष मनोज साह तथा महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी समेत बिमल चौधरी, विमल साह, हरीश राणा, डा. मोहित सनवाल, देवेंद्र लाल साह, मुकेश जोशी, राजेंद्र लाल साह, आनंद बिष्ट, भुवन बिष्ट, मोहित लाल साह, ललित साह, भावना रावत, कमलेश ढौंडियाल आदि लोग जुटे रहे।



### लोकगीत प्रतियोगिता में हर्षिता प्रथम

**नैनीताल।** मां नंदा महोत्सव के तहत शनिवार को सभा भवन में विद्यार्थियों की लोक गीत प्रतियोगिता तथा क्विज की प्रतियोगिता आयोजित की गई। लोक गीत में प्रथम हर्षिता गुसाई मोहन लाल सह बाल विद्या मंदिर, द्वितीय रिदिमा मोहन लाल सह बाल विद्या मंदिर व तृतीय रोशनी भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय तथा सांत्वना वर्षा सेंट जोन्स स्कूल व नैना आर्य जीजीआईसी व यश कुमार सीआरएसटी इंटर कॉलेज रहे जबकि क्विज में प्रथम बीएसएसबी की सुनैना व काव्य जोशी, द्वितीय सेंट जोंस कालेज के करण व अर्पित तथा तृतीय नैनी पबलिक स्कूल मीनाक्षी तथा भूमिका रहे।

निर्णायक वंदना पांडे, कैलाश जोशी तथा ज्योति कांडपाल रही। कार्यक्रम का संचालन प्रो. ललित तिवारी, मीनाक्षी कीर्ति, नवीन पांडे व मृणाल नेगी ने किया। पुरस्कार वितरण पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल व मेलाधिकारी तथा एसडीएम केएन गोस्वामी ने किए। आज के विजेताओं को आशीर्वाद क्लब ने पारितोषिक पुरस्कार दिए गए। इस अवसर पर युवा अधिकारी अंशुल भट्ट को चुन्नी पहनाकर तथा मां का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया, जबकि रेखा त्रिवेदी ने आशीर्वाद क्लब की तरफ से सभी का धन्यवाद दिया।





### गणेश महोत्सव में पूर्णाहुति

**नैनीताल।** जिले के भीमताल विकासखंड के ज्योलीकोट में गणेश महोत्सव कमेटी द्वारा आयोजित पांच दिवसीय गणेश महोत्सव के चतुर्थ दिवस मुख्य यजमान गोपाल जोशी, गीता जोशी, जगदीश पाठक व बीना पाठक, आचार्य देवेश जोशी, कार्तिक भट्ट द्वारा विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान के साथ पूर्णाहुति दी गई। भंडारे और प्रसाद वितरण में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इलाके के अनेक विद्यालयों के छात्र छात्राओं व मेहमान कलाकार दलों, प्रसिद्द कुमाऊंनी गायक अल्मोड़ा के पूरन दा पहाड़ी ने अपने कार्यक्रमों को दर्शकों को बांधे रखा। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवकी बिष्ट, सदस्य जिशांत कुमार समेत अनेक ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्य, जनप्रति. निधि तथा बड़ी संखया में लोग शामिल हुए।

### महोत्सव में पुलिस की कड़ी चौकसी

**नैनीताल।** नैनीताल में श्री मां नंदा देवी महोत्सव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए जिले के पुलिस कप्तान प्रह्लाद नारायण मीणा के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। डॉग स्वाईड और बम डिस्पोजल स्क्वॉड टीमों की टीमें पूरे नैनीताल शहर में लगातार चेकिंग कर रही हैं। इतना ही नहीं ड्रोन के माध्यम से भी सतत निगरानी की जा रही है। टीमों द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों से भी पूछताछ और चेकिंग जारी है तथा स्थानीय लोगों, यात्रियों अथवा दुकानदारों को लगातार सूचित किया जा रहा है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि तथा आपातकालीन स्थिति पर तत्काल व मेला कंट्रोल तथा पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दें।



## महोत्सव में दुकानों का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर पालिका नैनीताल की ओर से नैनीताल में आयोजित नंदा देवी के मेले व दुकानों का उद्घाटन शनिवार को राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शहीद सैनिक स्कूल के पूर्व अध्यापक जगदीश चंद्र लोहनी किया। इसके साथ ही मेले को प्लास्टिक मुक्त बनाने का संकल्प लिया। शनिवार को पालिकाध्यक्ष सरस्वती खेतवाल ने बताया कि मेले में सफाई व्यवस्था बनाने, प्लास्टिक मुक्त रखने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। इस मौके पर विधायक सरिता आर्य, मेला अधिकारी एसडीएम धारी केएन गोस्वामी, ईओ रोहिताश शर्मा, सभासद मुकेश जोशी, अंकित चंद्रा, जीनू पांडे, भागवत रावत, रमेश प्रसाद, शीतल कटियार, लता दफोटी, मनोज जगाती, पूरन बिष्ट, कमलेश ढौंडियाल, नितिन कार्की, मोहित समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## डस्टबिन भेंट किए

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** होटल एसोसिएशन नैनीताल ने नगर की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए शनिवार को नगरपालिका नैनीताल को नंदा देवी महोत्सव के लिए 151 डस्टबिन भेंट किए। यह डस्टबिन आगामी महोत्सव के दौरान मेला परिसर में लगाए जाएंगे, जिससे श्रद्धालुओं व पर्यटकों को स्वच्छ वातावरण मिल सके। इस दौरान पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल एवं ईओ रोहिताश शर्मा ने होटल एसोसिएशन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि होटल व्यवसायियों का यह योगदान नगर की स्वच्छता व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाएगा। उन्होंने होटल एसोसिएशन को महोत्सव की शुभकामनाएं भी दीं। इस दौरान सीएसआई सुनीत कुमार, सफाई निरीक्षक कमल चौहान, सभासद मुकेश जोशी, भगवत रावत, जीतेन्द्र पांडे जीनू सहित होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट, महासचिव वेद साह, सीपी भट्ट, कमल जगाती, प्रवीण शर्मा, चंद्र विजय सिंह बिष्ट, गौरव जेटी, प्रदीप जेटी, रमनजीत सिंह बिट्टू, हितेश साह, पान सिंह, स्नेह छावड़ा, जितिन जेटी, हारून खान पम्मी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।




## विज्ञान में दुनिया आगे बढ़ाने की शक्ति

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिले के भीमताल विकास खंड के ज्योलीकोट स्थित नैंसी कॉन्वेंट स्कूल में शनिवार को इंटर स्कूल साइंस क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में नैनीताल एवं हल्द्वानी क्षेत्र के 9 प्रमुख विद्यालयों की चार-चार सदस्यीय टीमों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रो. सुची बिष्ट (विभागाध्यक्ष भौतिकी विभाग डीएसबी परिसर) रहीं जबकि विशिष्ट अतिथि डा. संजय कुमार सिंह निदेशक नैंसी कॉन्वेंट स्कूल ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से समारोह की शोभा बढ़ाई। अतिथियों का स्वागत विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती हिना एवं डीन अशोक शर्मा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया।क्विज की शुरुआत स्क्रीनिंग राउंड से हुई जिसमें से चार विद्यालयों ने फाइनल में स्थान बनाया। रोमांचक मुकाबले में छात्रों ने विज्ञानए प्रौद्योगिकी और समसामयिक विषयों पर अपनी अद्भुत जानकारी का प्रदर्शन किया। फाइनल राउंड में शानदार प्रदर्शन के बाद परिणाम इस प्रकार घोषित किए गए जिसमें प्रथम स्थान सैनिक स्कूल घोड़ाखाल (अदित्य, लक्ष्य, यश, अवनीत) जबकि द्वितीय स्थान नैंसी कॉन्वेंट स्कूल ज्योलीकोट (सौरभ, आदित्य, विभु व संपूर्णा) तथा तृतीय स्थान सरस्वती एकेडमी हल्द्वानी (नीरज, श्रेयस, प्रथमेश व अक्षता) ने हासिल किया। विज. ता टीमों को ट्राफी व प्रमाणपत्र एवं आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए। सभी प्रतिभागी छात्रों को भी प्रमाणपत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। मुख्य अतिथि प्रो. सुची बिष्ट ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विज्ञान की महत्ता पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि डा. संजय कुमार सिंह ने सभी टीमों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ बच्चों में तर्कशक्ति व आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धात्मक भावना विकसित करती हैं। अंत में विद्यालय के प्रबंध निदेशक इंजीनियर आईपी सिंह एवं अध्यक्षा मंजू सिंह ने विजेताओं को बधाई दी।



## एक नजर

### बीएड/एमएड की आवेदन तिथि बढ़ी

**नैनीताल।** उत्तराखंड राज्य संयुक्त बीएड एवं एमएड प्रवेश परीक्षा सत्र 2025-27 हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि अब 7 सितंबर तक बढ़ा दी गई है। कुविवि के कुल सचिव डा. मंगल सिंह मंद्रवाल ने बताया कि अभ्यर्थी संशोधित तिथि तक समार्थ पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी कुमाऊँ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध दिशा निर्देश देख सकते हैं।

### सड़कों के लिए सांसद को सौंपा ज्ञापन

**धारी।** ब्लॉक के दूरस्थ क्षेत्र बबियाड-दुदुली-अमदो के ग्रामीण भीमताल विधानसभा के वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज शर्मा के नेतृत्व में क्षेत्र की बदहाल व जानलेवा हो चुकी सड़कों को तत्काल ठीक कराने की मांग को लेकर सांसद अजय भट्ट से उनके हल्द्वानी आवास में मिले व ज्ञापन प्रेषित किया। मनोज शर्मा ने कहा कि धारी ब्लॉक के ग्राम सभा बबियाड़ में गैराखाड़ से लेकर कैलाश द्वार तक मोटर मार्ग विगत 15 वर्षो से बदहाल हैं। बबियाड़-टपुवा-दुदुली मोटरमार्ग 8 साल से जर्जर स्थिति में हैं। सांसद ने गंभीरता से आश्वासन दिया कि अति शीघ्र कार्यवाही की जाएगी।

### जापान और भारत-जापान संबंधों पर व्याख्यान

**नैनीताल।** कुमाऊँ विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर के इतिहास विभाग द्वारा शनिवार को जापान: ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य तथा भारत-जापान संबंधों के 1500 वर्ष विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह व्याख्यान हावर्ड और कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय से जुड़े प्रख्यात विद्वान प्रो. पवन कमलेश ने दिया। प्रो. कमलेश ने जापान की भौगोलिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जापान की सभ्यता पर भारतीय संस्कृति का गहरा प्रभाव है, जैसे कि जापानी काना लिपि में संस्कृत की छाप और भारतीय अंक पद्धति का प्रभाव। सातवीं शताब्दी में भारतीय भिक्षु बोधिसेन ने जापान में बौद्ध धर्म फैलाया, जिसके परिणामस्वरूप जापान के कई मंदिर भारतीय वास्तुकला से प्रभावित हुए हैं। प्रो. कमलेश ने जापानी समाज की परंपराओं, शाकाहारी भोजन की आदतों और वहां के धार्मिक प्रथाओं पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने भारत और जापान के बीच प्राचीन और गहरे संबंधों का उल्लेख किया। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष प्रो. संजय घिल्डियाल और अन्य प्रमुख शिक्षकों की उपस्थिति रही, और डा. शिवानी रावत ने कार्यक्रम का संचालन किया।

### ड्रेस वितरण कार्यक्रम 6 सितंबर को

**नैनीताल।** सामाजिक व सांस्कृतिक सरोकारों से जुड़ी लेक सिटी वेलफेयर क्लब की बैठक अध्यक्ष आभा शाह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में तय किया गया कि 6 सितंबर शनिवार को समाजसेवी चमन लाल बजाज की स्मृति में कुंदन लाल साह ट्रस्ट नगर पालिका बालिका इंटर कालेज (एशडेल) में ड्रेस वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। बैठक में कार्यक्रम की कामयाबी के लिए प्रेमा अधिकारी को संयोजक बनाया गया। अधिकारी में बताया कि कार्यक्रम 6 सितंबर शनिवार को अपराह्न 10 बजे से शुरु होगा जिसमें स्कूल के 50 विद्यार्थियों को ड्रेस वितरित की जाएगी। कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे। कार्यक्रम के प्रायोजक भाजपा मंडल महामंत्री आशीष बजाज ने कहा कि उनके द्वारा हर वर्ष अपने स्वर्गीय पिताजी चमन लाल बजाज की स्मृति में यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी यह कार्यक्रम पिछले वर्ष की तरह आयोजित किया जाएगा।

### नैनीताल: दोपहर बाद बदरा बरसे

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में शनिवार को दोपहर बाद बदरा बरसे। इससे पूर्व मौसम सुहावना बना हुआ था। धूप छांव का खेल चल रहा था। लोगों ने मौसम का भरपूर लुत्फ उठाया। दोपहर बाद हल्की बारिश शुरू हो गई। इधर वीकेंड के चलते नगर में सैलानियों की आमद होने से नगर में रंगत बनी रही। सैलानियों ने नगर के आंतरिक पर्यटन स्थलों का आनंद उठाया। अब नंदा देवी महोत्सव शुरू हो चुका है तो सैलानियों की आमद अगले कुछ दिन जारी रहेगी। इधर मौसम विभाग ने अगले कुछ दिन मौसम खराब रहने का पूर्वानुमान जताया है। तीन सितंबर तक कुछ स्थानों में भारी वर्षा होगी। जबकि अधिकांश हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी रहेगा। पर्वतीय क्षेत्रों में भ्रमण पर आने सैलानियों से मौसम का पूर्वानुमान के साथ यात्रा करने का संदेश दिया है। इधर जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 26 न्यूनतम 20 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। आद्रता अधिकतम अधिकतम 90 व न्यूनतम 60 प्रतिशत रही। वर्षा दो मिमी रिकार्ड की गई।

### भवाली में नंदा देवी महोत्सव की धूम

**नैनीताल।** जिले के भवाली नगर में श्री मां नंदा देवी महोत्सव की धूम मची हुई है। शनिवार को कलश यात्रा का भव्य व दिव्य आयोजन किया गया। उसके बाद विधायक सरिता आर्या की ओर से सांस्कृतिक मंच का उद्घाटन किया गया। इस दौरान महिलाओं व स्कूली बच्चों की गणेश वंदना समेत कई सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए। कार्यक्रम में तरुण जोशी, नरेश पांडे, कंचन सुयाल, चुगल मठपाल ,पूर्व दर्जा राज्य मंत्री खष्टी बिष्ट, ज्योति शाह, सुनीता साही, उषा तिवारी, सुमन आर्य, आरती भगत, ममता पांडे, गीता जोशी, भारती तिवारी, पवन भाकुनी, भावना तिवारी, लीला जोशी, गीता लो. हनी, समेत विभिन्न विद्यालय के छात्र छात्राएं मौजूद रही। इससे पूर्व महिलाओं ने मुख्य अतिथि विधायक नैनीताल सरिता आर्या का शाल ओढाकर व पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया।

### अखिल ब्राह्मण उत्थान महासभा ने शोक जताया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** अखिल ब्राह्मण उत्थान महासभा महानगर काशीपुर की एक शोकसभा समिति के सभागार स्वर्गीय सत्येंद्र चंद्र गुड़िया मार्ग पर स्थित श्री जगदीश प्रेरणा भवन में संपन्न हुई, जिसमें हर्षवर्धन गौड़ एडवोकेट के सगे भाई प्रभाकर गौड़ के आकस्मिक निधन पर शोक प्रकट किया गया और ईश्वर से प्रार्थना की गई कि उनके परिजनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। शोक सभा में वरिष्ठ अधिवक्ता तथा समिति के महानगर अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार मिश्रा, उमेश जोशी, भास्कर त्यागी एडवोकेट, देवांग मिश्रा एडवोकेट, कर्तव्य मिश्रा एडवोकेट, विवेक मिश्रा एडवोकेट आदि उपस्थित रहे।

## अभियुक्त की उम्र पर संदेह हो तो सत्यापन अनिवार्य

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण आदेश पारित करते हुए कहा है कि यदि

### उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय का महत्वपूर्ण आदेश

किसी अभियुक्त की उम्र को लेकर संदेह हो तो मजिस्ट्रेट अथवा संबंधित न्यायालय को सबसे पहले उसकी आयु का सत्यापन करना अनिवार्य होगा। यह आदेश न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की एकलपीठ ने उस समय पारित किया, जब हरिद्वार के एक हत्या मामले में सजा काट रहे व्यक्ति को घटना के समय नाबालिग पाया गया। न्यायालय ने कहा कि अपराध के समय अभियुक्त की आयु मात्र 14 वर्ष 7 माह 8 दिन थी। अत: वह किशोर माना जाएगा। उच्च न्यायालय ने निर्देश दिया कि अभियुक्त का मामला किशोर न्याय बोर्ड को भेजा जाए ताकि वहां विधि अनुसार पुन: विचार किया जा सके। साथ हीए याची की सजा पर लगी पूर्ववर्ती स्थगन और जमानत आदेश यथावत रहेंगे। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि भविष्य में यदि किसी अभियुक्त की उम्र पर संदेह हो तो जन्म प्रमाणपत्र तथा विद्यालय के प्रवेश रजिस्टर अथवा अन्य दस्तावेजों के आधार पर उम्र की जांच की जाए। यदि यह उपलबध न हो तो चिकित्सीय परीक्षण द्वारा आयु निर्धारण किया जा सकता है। अदालत ने उच्च न्यायालय की रजिस्ट्री को निर्देशित किया कि इस आदेश की प्रति सभी ट्रायल कोर्ट, मजिस्ट्रेट कोर्ट व मुखय न्यायिक मजिस्ट्रेट तथा सत्र न्यायालय तथा विशेष न्यायालयों को प्रेषित की जाएए ताकि आदेश का अनुपालन सुनिश्चित हो। न्यायालय ने यह भी कहा कि किसी भी अभियुक्त को प्रथम रिमांड पर लेते समय संबंधित न्यायधीश अथवा मजिस्ट्रेट को उसकी आयु का सत्यापन करना होगा।

### गैर इरादतन हत्या के आरोप में चालक दोषमुक्त

**नैनीताल।** न्यायिक मजिस्ट्रेट नैनीताल स्नेहा नारंग की अदालत ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने से एक व्यक्ति की मौत होने के मामले में आरोपी जैंती अल्मोड़ा निवासी विवेकानंद भट्ट को दोषमुक्त कर दिया। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपी के खिलाफ धारा लापरवाही से वाहन चलाने तथा गैर इरादतन हत्या के आरोपों को संदेह से परे साबित करने में असफल रहा। मामले के अनुसार 29 नवंबर 2023 को शिवराज सिंह की मोटरसाइकिल को एक पिकअप (यूके-01सीए-1510) ने गलत दिशा से आकर पहाड़पानी में टक्कर मार दी थी। इस दुर्घटना में शिवराज सिंह की मौत हो गई थी। पुलिस ने पिकअप चालक विवे. कानंद भट्ट के खिलाफ मामला दर्ज कर कोर्ट में चार्जशीट पेश की। कोर्ट ने पाया कि अभियोजन पक्ष द्वारा पेश किए गए मुख्य गवाह दुर्घटना का प्रत्यक्षदर्शी नहीं था। सभी ने घटना के बाद की जानकारी सुनी-सुनाई बातों पर आधारित बताई। कोर्ट ने इसे अनुश्रुति साक्ष्य मानते हुए उसकी प्रामाणिकता को अस्वीकार कर दिया। जांच अधिकारी विजय कुमार ने कहा कि उन्होंने नक्शा-नजरी चश्मदीद गवाह प्रकाश जोशी की निशानदेही पर बनाया था। हालांकि खुद प्रकाश जोशी ने कोर्ट में स्वीकार किया कि उन्होंने दुर्घटना होते हुए नहीं देखी थी। इस विरोधाभास के कारण कोर्ट ने नक्शा-नजरी की विश्वसनीयता पर भी संदेह व्यक्त किया। मेडिकल रिपोर्ट में पुलिस द्वारा प्रस्तुत की गई रिपोर्ट के अनुसार आरोपी ने शराब का सेवन किया था। लेकिन अभियोजन पक्ष ने न तो वह ब्लड रिपोर्ट कोर्ट में पेश की और न ही उस डाक्टर को पेश किया जिसने वह रिपोर्ट बनाई थी। इस वजह से शराब के प्रभाव में होने का आरोप भी साबित नहीं हो सका। कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि अभियोजन पक्ष यह साबित करने में पूरी तरह किल रहा कि दुर्घटना के समय पिकअप गाड़ी को विवेकानंद भट्ट ही चला रहा था और उन्होंने ही लापरवाही से गाड़ी चलाकर शिवराज सिंह की मृत्यु का कारण बने। इन सभी सबूतों के अभाव को देखते हुएए न्यायालय ने अभियुक्त विवेकानंद भट्ट निवासी जैंती को आरोपों से बरी कर दिया।

### युवक का चालान

**नैनीताल।** मल्लीताल में एक युवक पर सार्वजनिक स्थान पर अभद्रता करना महंगा पड़। पुलिस ने युवक के खिलाफ चालानी कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार मल्लीताल रिकशा स्टैंड में एक युवक आते जाते लोगों पर छींटाकसी कर रहा था साथ ही अभद्रपूर्ण भाषा का प्रयोग कर रहा था। इस दौरान वहां से गुजर रहे पर्यटको के साथ महिलाएं होने के चलते उन्होंने विरोध जताया। इस दौरान युवक उनसे भी अभद्रता करने लगा। जिसके चलते लोगों ने पुलिस से शिकायत कर दी।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड द्वारा अजय वर्मा, अनुज वर्मा पुत्रगण वीरेन्द्र कुमार वर्मा, निवासी-मंदाकनीपुरम, भगवानपुर रोड, हिम्मतपुर मल्ला, हरिपुर नायक, तहसील हल्द्वानी, जिला नैनीताल वालो को लोन स्वीकृत किया जा रहा है जिसकी प्रतिभूति मे ऋणी द्वारा अपनी ग्राम बच्चीनगर नं. 2 तहसील हल्द्वानी, जिला नैनीताल स्थित सम्पत्ति खसरा नं. 84मि. कुल रकवा 326.76 वर्ग मीटर भूमि रजिस्ट्री बैनामा संख्या 1502/2020, प्रतिभूति के रूप में बंधक हेतु प्रस्तावित किया गया है उपरोक्त सम्पत्ति से सम्बंधित पूर्ववर्ती बैनामा संख्या 5234/2011 जो कि डॉ. बंशीधर जोशी पुत्र शंकर दत्त जोशी के नाम पर सब-रजिस्ट्रार कार्यालय द्वितीय हल्द्वानी में बही संख्या 1, जिल्द 218, पेज 97-112 में क्रम संख्या 5234 पर दिनांक 19-10-2011 को दर्ज है। जो वास्तव में कहीं खो गयी है। जो काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिल पा रही है। उनके दुरुपयोग की आशंका है जिस कारण से प्रार्थी सूचना दर्ज करा रहा है। किसी भी व्यक्ति द्वारा उक्त रजिस्ट्री का उपयोग अवैध होगा।

**अजय वर्मा, अनुज वर्मा पुत्रगण वीरेन्द्र कुमार वर्मा, निवासी-मंदाकनीपुरम, भगवानपुर रोड, हिम्मतपुर मल्ला, हरिपुर नायक, तहसील हल्द्वानी, जिला नैनीताल उत्तराखंड** 263139
**मोबाइल नंबर** 9536202422

## ऐरीज में मोहित जोशी रजिस्ट्रार नियुक्त

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान एवं शोध संस्थान (एरीज) नैनीताल में मोहित जोशी को रजिस्ट्रार नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति संस्थान की गवर्निंग काउंसिल के अध्यक्ष एवं इसरो के पूर्व चेयरमैन एएस किरन कुमार के अनुमोदन से हुई है। निवर्तमान रजिस्ट्रार रजनीश मिश्र ने उन्हें कार्यभार सौंप दिया है। बता दें कि मोर्हि. हत जोशी वर्ष 2008 से एरीज की कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं से जुड़े रहे हैं। इनमें देवस्थल में स्थापित देश की सबसे बड़ी 3.6 मीटर की दूरबीन परियोजना भी शामिल है। उनकी तकनीकी दक्षता और प्रशासनिक क्षमता को देखते हुए उन्हें रजिस्ट्रार पद के लिए चुना गया है। संस्थान में वे पबलिक आउटरीच, ज्ञान संसाधन केंद्र, आरटीआई तथा सिविल कार्यो और राजभाषा जैसी विभिन्न समितियों की जिमेदारी भी संभाल रहे हैं। एरीज का प्रतिनिधित्व वे कई प्रतिष्ठित मंचों पर कर चुके हैं। खास बात यह है कि वे कौन बनेगा करोड़पति की हॉट सीट पर अमिताभ बच्चन के समक्ष भी वह बैठ चुके हैं। वर्ष 2024 में उन्हें सप्तऋषि पुरस्कार श्रृंखला के तहत राष्ट्रीय स्तर पर आर्यभट्ट पुरस्कार से सममानित किया गया था। एरीज के निदेशक डा. मनीष नजा ने कहा कि यह संस्थान के लिए एक महत्वपूर्ण नियुक्ति है। उन्होंने विश्वास जताया कि मोहित जोशी का अनुभव संस्थान को और ऊंचाइयों तक ले जाने में सहायक होगा।



## नैनी स्कूल में जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** इंडियन ऑयल के सहयोग से कुमाऊं मंडल विकास निगम की ओर से शनिवार को मल्लीताल स्थित नैनी पब्लिक स्कूल में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस मौके पर आयोज. कों ने छात्र-छात्राओं व शिक्षकों और अभिभावकों को घरेलू गैस सिलेंडर के सुरक्षित उपयोग संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। बच्चों को गैस के प्रयोग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने छात्रों को ऊर्जा संरक्षणए स्वच्छ ईंधन के महत्व और पर्यावरण संतुलन से जुड़ी जानकारियां भी साझा कीं। साथ ही उन्हें यह भी बताया गया कि छोटे-छोटे सतर्क कदम हमारे जीवन को सुरक्षित और पर्यावरण को बेहतर बनाने में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य गिरीश सनवाल ने आयोजकों का आभार जताते हुए कहा कि पठन.पाठन के साथ.साथ जीवनोपयोगी वस्तुओं की जानकारी भी बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में समय.समय पर इस तरह की गतिविधियां आयोजित की जाती हैं, जिनसे बच्चों में जागरूकता के साथ आत्मविश्वास भी बढ़ता है। अभिभावकों और शिक्षकों ने भी इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे अभियानों से बच्चों में जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिलते हैं।

### प्लास्टिक मुक्त रहेगा महोत्सव

**नैनीताल।** नगर पालिका की पहल पर इस वर्ष नंदा देवी महोत्सव प्लास्टिक मुक्त रहेगा। किसी भी दुकानदार की ओर से प्लास्टिक का प्रयोग करते पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि मेले में दुकान लगाने वालों की ओर से प्लास्टिक का उपयोग करने से मेला परिसर में कूड़ा व कचरा फैल जाता है लेकिन इस वर्ष पालिका की ओर से नंदा देवी महोत्सव को प्लास्टिक मुक्त बनाने का संकल्प लिया है। इसे लेकर पालि. का की ओर से एक टीम का गठन कर दिया गया हैए जो मेला परिसर में घूमकर महोत्सव में प्लासिक के उपयोग पर नजर रखेंगे। साथ ही इसकी सूचना उच्च अधिकारियों को देंगे। पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल व ईओ रोहिताश शर्मा की ओर से बताया गया कि नंदा देवी महोत्सव को इस बार प्लास्टिक मुक्त रखा जाएगा। हर दुकान का निरीक्षण किया जाएगा। कहीं भी प्लास्टिक का उपयोग होता पाया गया तो कार्रवाई की जाएगी।

### शराब परोसने पर रेस्टोरेंट संचालक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** टीपीनगर चौकी क्षेत्र में पुलिस ने शुक्रवार को एक रेस्टोरेंट में छापा मारकर शराब पीते हुए कई लोग मिले। पकड़े जाने के डर से वह पुलिस के आगे गिड़गिड़ाने लगे और माफी मांगी। पुलिस ने रेस्टोरेंट से शराब बरामद कर संचालक को गिरफ्तार कर लिया। बता दे कि अधिकारी फास्ट फूड रेस्टोरेंट, जो शराब ठेके के पास स्थित था, को संचालक ने एक बार में तब्दील कर दिया था। शनिवार को टीपीनगर चौकी प्रभारी मनोज कुमार ने अपनी टीम के साथ फायर स्टेशन के पास स्थित इस रेस्टोरेंट पर छापा मारा। पुलिस के रेस्टोरेंट में घुसते ही अंदर भगदड़ मच गई। रेस्टोरेंट के अंदर शराब पी रहे कई लोग पकड़े गए, जबकि टेबलों पर शराब की खाली और भरी बोतलें पड़ी हुई थीं। पुलिस ने रेस्टोरेंट संचालक शंकर सिंह अधिकारी पुत्र दीवान सिंह अधिकारी पदमपुर देवलिया गोरापड़ाव का निवासी को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने मौके से शराब की बोतलें भी बरामद की।

### टोल न देने पर तीन पर्यटकों का चालान

**नैनीताल।** गुजरात के पर्यटकों की कार से टोल शुल्क नहीं देने पर चुंगी में हंगामा हो गया। शिकायत पर पुलिस ने तीन पर्यटकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की है। जानकारी के शनिवार को अनुसार गुजरात से चार पर्यटक नैनीताल घूमने के लिए आये हुए थे। इस दौरान लेक ब्रिज चुंगी पर पर कर्मियों ने टोल शुल्क मांगा तो उन्होंने देने से मना कर दिया। जिसको लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। विवाद बढ़ा तो बात हाथापाई तक जा पहुंची। जिसके बाद पर्यटक बिना शुल्क दिए मल्लीताल आ गए। उनका पीछा कर टोलकर्मी भी मल्लीताल आ गए। एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि सड़क पर वाहन खड़ा कर जाम लगाने पर गुजरात निवासी अजय के खिलाफ एमवी एक्ट व मारपीट करने पर योगेश चौहान व कृष के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है।

## विकास कार्यो के टेंडरों को लेकर नगर निगम में जमकर हंगामा

# पार्षदों की मेयर प्रतिनिधि के साथ नोकझोंक

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** चुनाव के बाद से ही रूडकी नगर निगम कई तरह से चर्चाओं में है। कभी भ्रष्टाचार को लेकर सुर्खियां बटोरी तो कभी और मुद्दों पर लगातार हंगामा चल रहा है। कभी कर्मचारी हंगामा करते हैं तो कभी पार्षद हंगामा करते हैं तो कभी आमजन भी निगम की कार्यशैली से नाराज होकर धरना प्रदर्शन करने लग जाते है।

शनिवार को पार्षदों ने विकास कार्यों के टेंडरों में भेदभाव को लेकर मेयर प्रतिनिधि ललित अग्रवाल के साथ हंगामा करते हुए जमकर नोकझोंक भी हुई। आरोप है कि वार्डों में विकास कार्यों को लेकर जो टेंडर किये जा रहे हैं उनमें खुले तौर पर कुछ वार्डों की अपेक्षा की जा रही है। किसी वार्ड में लाखों के कार्य कराये जा रहे हैं तो कुछ वार्डों में हजार के भी नहीं हैं। मेयर प्रतिनिधि मनमर्जी से वार्डों में विकास कार्य कराना चाहते हैं। पार्षदों का कहना है कि वह चुनकर आये हैं और क्षेत्र की जनता उनसे जवाब मांग रही है कि उनके क्षेत्र में विकास कार्य क्यों नहीं हो रहे हैं। नगर निगम के बजट का क्या हो रहा है। चुनाव से पहले या दौरान जो वादे किये थे आखिर उनका क्या होगा। पार्षदों का आज भी टेंडर प्रक्रिया के दौरान कुछ पार्षदों ने नगर आयुक्त व मेयर प्रतिनिधि



पर आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया और काफी वार्डों में विकास कार्यों में भेदभाव का आरोप लगाया। बाकायदा पार्षदों ने टेंडरों की लिस्ट को मीडिया के सामने पढ़कर सुनाते हुए बताया कि कुछ वार्डों में जहां दस से 15, 20 लाख तक के विकास कार्य किये जा रहे हैं तो कुछ में बिल्कुल जीरो हैं कुछ में दो चार लाख के हैं यह मनमानी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि शहर की जनता ने

**❖विकास कार्यो को लेकर वार्डो मे भेदभाव का आरोप, किसी वार्ड में लाखों के काम तो किसी में हजार के भी नहीं**

उन्हें चुनकर बतौर प्रतिनिधि भेजा है तो उनकी भी जनता के प्रति जवाबदेही है। और जनता उनसे विकास कार्यो को लेकर जवाब मांग रही है।

गौरतलब है कि नगर निकाय चुनाव के बाद से ही नगर निगम रूड़की पूरी सुर्खियों में है। कर्मचारियों की कार्यशैली से लगातार निगम की छवि खराब होती रही तो कई मामलों में कर्मचारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे तो हाल ही में कमीशनखोरी को लेकर दो कर्मचारियों का वीडियो वायरल हुआ जिसमें एक मीडियाकर्मी को जेल भी जाना पड़ा। वहीं विकास कार्यो को लेकर पार्षद हंगामा करते रहते है। शनिवार को भी पार्षदों ने हंगामा करते हुए मेयर प्रतिनिधि के साथ नोकझोंक भी हुई। लगातार नगर निगम सुर्खियों में है। हाल ही में हुई बरसात से शहर में हुए भारी जलभराव की वजह से भी निगम चर्चाओं में रहा।

## ट्रक की टक्कर से मंदिर की दीवार गिरी

# एक युवक की मौत दो की हालत गंभीर

शाह टाइम्स संवाददाता

**झबरेड़ा।** कस्बे से कुछ ही दूरी सहारनपुर मार्ग ग्राम भक्तों वाली में सड़क किनारे बने मंदिर की दीवार में अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मारदी जिससे अहाते की दीवार टूट गई वही वहां पर बैठे तीन दोस्त युवाओं में से एक की मौके पर ही मौत हो गई तथा दो युवक गंभीर घायल होने से गुस्साये ग्राम भक्तों वाली के दर्जनों लोगों द्वारा आधी रात से सड़क पर बैठकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। जिससे झबरेड़ा सहारनपुर मार्ग पर जाम लग गया। जाम लगने से वहां से आने जाने वाले वाहन चालक दूसरे वैकल्पिक मार्ग से अपने गंतव्य तक पहुंचे। शनिवार सुबह होते ही घटना स्थल पर लोगों की भीड़ बढ़नी शुरू हो गई। भीड़ बढ़ने से दूसरे थाने से भी पुलिस बुलानी पड़ी धरना दे रहे लोगों की मांग थी कि ट्रक चालक तथा ट्रक मलिक को मौके पर बुलाया जाए। तथा मृतक व घायलों के परिजनों को 50 लाख रुपएका मुआवजा दिए जाने की मांग की गई। बाद में थाना निरीक्षक अजय सिंह व धरने पर बैठे लोगों की काफी देर तक वार्ता होने पर पुलिस द्वारा ट्रक चालक के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया। तथा ट्रक चालक व ट्रक मलिक को शनिवार शाम तक थाने में लाने का भरोसा देने पर शनिवार सुबह 11:00 बजे धरना समाप्त किया गया। मौके पर क्षेत्रीय विधायक वीरेंद्र जाती तथा आजाद समाज पार्टी प्रदेश अध्यक्ष महक सिंह भी पहुंचे तथा उन्होंने भी अपने स्तर से मृतक व घायलों के परिजनों को हर संभव मदद का भरोसा दिया।

# चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** सिविल लाइन कोतवाली पुलिस ने एक युवक को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। अभियुक्त को न्यायालय पेश किया जा रहा है।

कोतवाली सिविल लाइन लोकपाल परमार ने बताया कि राकेश कुमार पुत्र लालचंद निवासी मौ0 हजरत बिलाल कस्बा लढौरा कोतवाली मंगलौर जनपद हरिद्वार द्वारा सिविल लाइन द्वारा मोटरसाइकिल .चोरी होने के संबंध में कोतवाली रुड़की पर मुकदमा अपराध संख्या 308/ 25 धारा 303 (2) पंजीकृत कराया गया। जिसकी विवेचना उपनिरीक्षक नरेंद्र राठी के सुपुर्द की गई प्रभारी निरीक्षक रुड़की द्वारा मोटरसाइकिल अनावरण हेतु टीम गठित की गई पुलिस टीम के द्वारा पता रसी सुरागरसी व सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मोटरसाइकिल नंबर न्ज 17श्र9507 को बरामद कर अभियुक्त प्रिंस वर्मा पुत्र स्वर्गीय सुंदरलाल वर्मा निवासी 16 कृष्णा नगर थाना गंगनगर जिला हरिद्वार को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को न्यायालय पेश किया जा रहा है। पुलिस टीम' उपनिरीक्षक नरेंद्र राठी कांस्टेबल 14 19 प्रदीप डगवाल शामिल रहे।

# अवैध तमंचे के साथ एक आरोपी को दबोचा

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** लक्सर पुलिस के द्वारा मुखबिर की सूचना पर एक युवक को गिरफ्तार किया गया है उससे एक अवैध तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा अपराधों की रोकथाम व अपराधिक गतिविधियों में सालिप्त व्यक्तियों व असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाये जाने के लिए पुलिस को चेकिंग के लिए निर्देशित किया था उच्च अधिकारियों के आदेश अनुसार पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा 29 अगस्त 2025 को थाना क्षेत्र से चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया उसके कब्जे से 315 बोर का तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ पूछताछ करने पर उस युवक ने अपना नाम सौरभ उर्फ आनंद निवासी ग्राम मुंडा खेड़ा कला थाना कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार उम्र 19 वर्ष बताया उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक दीपक चौधरी कांस्टेबल अरविंद चंदेल प्रकाश चंद्र शामिल रहे पकड़े गए युवक के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पकड़े गए युवक को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# अवैध चाकू के साथ एक युवक गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** लक्सर पुलिस के द्वारा एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया है उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद हुआ है। राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद में अपराधिक गतिविधियों में सलीप्त अपराधियों संदिग्ध व्यक्तियों व असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाए जाने के लिए पुलिस को निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई। एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में घूमते हुए पकड़ा गया उसकी तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद हुआ पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम आशु पुत्र प्रदीप निवासी भूरनी खतिरपुर कोतवाली लक्सर उम्र 27 वर्ष बताया। उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में हेड कांस्टेबल शूरवीर तोमर कांस्टेबल रविंद्र चौहान शामिल रहे। पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# प्रधानाचार्य परिषद ने दी सीईओ को विदाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** उत्तरांचल प्रधानाचार्य परिषद जनपद हरिद्वार के संरक्षक डॉक्टर घनश्याम गुप्ता एवं प्रधान डॉक्टर विजय कुमार के नेतृत्व में परिषद के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्य शिक्षा अधिकारी कमलेश कुमार गुप्ता की सेवानिवृत्ति के अवसर पर शनिवार को विदाई सम्मान पत्र भेंट कर उनके सुखद भविष्य की कामना की।

परिषद के जिला अध्यक्ष डॉ दीपक कुमार शर्मा, जिला मंत्री डॉक्टर अरविंद शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष डॉ ओम सिंह सैनी, ओ पी गौनियाल, सुनील कटारिया, डॉक्टर लक्ष्मी देवी, विजेंद्र सैनी, सत्यपाल सिंह ने सामूहिक रूप से मुख्य शिक्षा अधिकारी कमलेश कुमार गुप्ता को पगड़ी व पटका पहनाकर, गंगाजली तथा बुके भेंट किया स प्रतिनिधि मंडल ने उनके सम्मान में उनकी लंबी उत्कृष्ट व उल्लेखनीय सेवाओं का उल्लेख करते हुए विदाई सम्मान पत्र भी भेंट किया। इस अवसर पर घनश्याम गुप्ता व डॉक्टर विजय कुमार तथा जिला अध्यक्ष डॉक्टर दीपक कुमार शर्मा ने मुख्य शिक्षा अधिकारी के सर्वाधिक लंबे एवं स्वर्णिम कार्यकाल की मुक्त कंठ से सराहना की स जिला मंत्री डॉ अरविंद शर्मा एवं जिला कोषाध्यक्ष डॉ ओम सिंह सैनी ने विचार रखें।



## बंदरजूड़ में मदरसा बंद होने के विवाद में

# संचालक व प्रधान पति पर हमले से बढ़ा तनाव

शाह टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर/बुग्गावाला।** बंदरजुड़ गांव में सरकार द्वारा मदरसा बंद किए जाने के बाद शिक्षा को लेकर शुरू हुआ विवाद अब साजिश और दबंगई की भेंट चढ़ता दिखाई दे रहा है। शुक्रवार को हुए बवाल में मदरसा संचालक व ग्राम प्रधान पति के पक्ष पर न केवल हमला हुआ बल्कि उनकी जान तक को खतरा पैदा हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यह विवाद केवल पढ़ाई को लेकर नहीं, बल्कि कुछ शरारती तत्वों द्वारा जानबूझकर माहौल बिगाड़ने और प्रधान पति की छवि खराब करने की कोशिश है।

जानकारी के अनुसार, सुबह कुछ ग्रामीण मदरसे की निगरानी के बहाने परिसर में पहुंचे। लेकिन वहां पढ़ाई-लिखाई की जगह विवाद खड़ा कर दिया। आरोप है कि उन्होंने मदरसा संचालक और शिक्षक से न केवल अभद्रता की, बल्कि गाली-गलौज और धमकी तक दी। शाम होते-होते विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। इसमें प्रधान पति व मदरसा संचालक पक्ष के ताहिर अनवर, व 2 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि दूसरे पक्ष का एक व्यक्ति घायल हुआ। इससे साफ है कि हमला योजनाबद्ध तरीके से प्रधान पति के पक्ष पर ही किया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि दूसरे पक्ष ने जानबूझकर प्रधान पति और उनके सहयोगियों को निशाना बनाया ताकि उनकी सामाजिक स्थिति कमजोर की जा सके। घटना के बाद से ही ग्राम प्रधान पति दहशत में हैं। ग्रामीणों ने खुलासा किया है कि कुछ बाहरी गुंडा किस्म के लोग बंदरजूड़ गांव में घूमते देखे जा रहे हैं। ये लोग प्रधान पति के घर के आसपास डेरा डाले हुए हैं और किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। इससे गांव का माहौल और अधिक तनावपूर्ण हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि पुलिस ने सख्ती न दिखाई तो स्थिति कभी भी बेकाबू हो सकती है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो ने भी पूरे मामले को और स्पष्ट कर दिया है। वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि विवाद का मूल कारण शिक्षा या मदरसा बंद होना नहीं था, बल्कि कुछ लोग आपसी रंजिश का फायदा उठाकर मदरसा संचालक को घेरने की कोशिश कर रहे थे। वीडियो में दूसरे पक्ष के लोग मदरसा परिसर में गाली-गलौज करते हुए और माहौल बिगाड़ने की कोशिश करते दिख रहे हैं। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने गांव में फोर्स तैनात कर दी है। फिलहाल हालात नियंत्रण में हैं, लेकिन गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। संचालक पक्ष के लोग डरे और सहमे हुए हैं, वहीं प्रधान पति ने प्रशासन से सुरक्षा की मांग की है। ग्रामीणों ने साफ कहा कि मदरसा बंद होने का दर्द अलग है, लेकिन बाहरी तत्वों द्वारा गांव में शांति भंग करना और प्रधान पति के परिवार को निशाना बनाना किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# प्रदेश स्तरीय शूटिंग चैंपियनशिप में रुड़की के खिलाड़ियों ने जीते 26 मैडल

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** उत्तराखंड शूटिंग चैंपियनशिप में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए रुड़की के खिलाड़ियों ने 26 मेडल हासिल किए हैं। मैडल जीतने वाले खिलाड़ियों का स्वागत किया गया।

बीएसएम तिराहा स्थित तपस्या शूटिंग रेंज के कोच दीपक सैनी के ने बताया कि 21 से 27 अगस्त तक देहरादून की जशपाल राणा शूटिंग रेंज में प्रदेश स्तरीय शूटिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था। जिसमें दीपांशु सैनी ने दो स्वर्ण,दो सिल्वर और एक रजत मेडल जीते हैं। इसके अलावा मानसी त्यागी, रितु, देव, रिया, नैतिक शर्मा ने एक एक स्वर्ण,कुंवर राम सिंह, आरव, अनमोल, वैभव सैनी, पार्थ त्यागी, नैतिक शर्मा, प्रवीन, दीपांशु और पार्थ चौधरी ने दो दो सिल्वर,कृष्णा सैनी, एकांश सैनी, कुंवर राम सिंह,, नौशीक यादव, वैभव सैनी और प्रवीन ने रजत मेडल जीते हैं। कोच दीपक सैनी ने बताया कि यह खिलाड़ी अब अगली प्री-नेशनल चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे।मैडल जीतकर लौटे खिलाड़ियों का शूटिंग रेंज में स्वागत किया गया।

# अपनी मांगों को लेकर छठे दिन भी धरने पर डटे रहे किसान

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** उत्तराखंड किसान मोर्चा के किसान तहसील परिसर स्थित जेएम कार्यालय के बाहर धरने पर जुटे हैं। किसानों ने कहा कि सरकार और प्रशासन किसानों के सब्र की परीक्षा लें रहे है। किसान अपने हक की लड़ाई लड़ रहे है लेकिन इनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। किसानों के सब्र का बांध टूटने वाला है जिसका खामियाजा भी सरकार को भुगतना पड़ेगा। तहसील परिसर में चल रहे उकिमो के धरने के छठे दिन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुलशन रोड़ ने कहा कि गन्ने की फसल का समय पर भुगतान नहीं मिलने से किसानों की आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। इसके साथ ही अब किसानों के नलकूपों और घरों पर स्मार्ट मीटर लगाकर सरकार इन्हें हाशिए पर धकेलने का काम रही है। उन्होंने कहा कि सिंचाई, उर्वरक, कृषि यंत्र के साथ ही बाजारों में महंगाई बढ़ती जा रही है। लेकिन क्षेत्र की मुख्य फसल गन्ने के दाम पिछले तीन साल से नहीं बढ़े है। सरकार अपनी पाई पाई पर ब्याज वसूलती है लेकिन किसानों का करोड़ो रुपया इकबालपुर मिल पर बकाया है। जिसके लिए क्षेत्रीय किसान पिछले कई सालों से तड़फ रहे हैं लेकिन किसानों को आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला है। उन्होंने ब्याज सहित पुरा भुगतान किसानों को देने की मांग की है। साथ ही उन्होंने क्षेत्र में स्मार्ट मीटरों पर रोक लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि किसान अपनी जायज मांग को लेकर मजबूरन धरने पर बैठे है। यदि जल्द ही मांगे पुरी नहीं हुई तो आंदोलन उग्र करने को बाध्य होंगें। जिसकी पुरी जिम्मेदारी शासन, प्रशासन की होगी। इस दौरान बलेंद्र त्यागी, आकिल हसन, मो. आजम, सुक्रमपाल सिंह, सुरेंद्र लंबरदार, मुनेश त्यागी, बीर सिंह, महकार सिंह आदि किसान मौजूद रहें।

# गंगा को स्वच्छ बनाने के करें विशेष प्रयास : अफरोज

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** जनपद भ्रमण पर पहुंचे एनजीटी के विशेषज्ञ सदस्य डॉ. अफरोज अहमद ने राज्य अतिथि गृह में पर्यावरण , संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए किए जा रहे कार्यों के संबंध में जिला पर्यावरण प्रबंधन योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की जिसमें जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में विशेषज्ञ सदस्य डॉ . अफरोज अहमद ने जनपद में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन,प्लास्टिक उन्मूलन, सीवरेज प्रबंधन, औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाले ठोस अपशिष्ट,प्रदूषण एवं अवैध खनन प्रबन्धन के लिए किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि जनपद हरिद्वार धर्म नगरी है तथा यहां पर कुंभ, कांवड़ मेला एवं विशेष धार्मिक पर्व आयोजित होते रहते है इसके लिए जरूरी है की मां गंगा को पवित्र एवं स्वच्छ रखने के लिए विशेष प्रबंधन एवं कार्ययोजना तैयार करने को कहा। उन्होंने कूड़ा निस्तारण एवं सीवरेज ट्रीटमेंट प्लान के प्रबंधन के लिए बेहतर कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद पर अवैध खनन न हो इसके लिए विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए तथा जो भी खनन पट्टे स्वीकृत है उनके द्वारा खनन नियमानुसार कराया जाए। उन्होंने उद्योगिग इकाईयों से निकलने वाली ठोस अपशिष्ट एवं प्रदूषण पर विशेष निगरानी रखते हुए सभी उद्योगिग इकाईयों से नियमों का अनुपालन कराया जाए तथा नियमों का पालन न करने वाले के विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई भी अमल में लाई जाए। समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा पर्यावरण ,संरक्षण एवं संवर्धन के लिए किए जा रहे कार्यों की हौसला अफजाई एवं सराहना करते हुए बधाई दी। जनपद आगमन पर जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने एनजीटी के विशेषज्ञ सदस्य डॉ. अफरोज अहमद को पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया तथा मा. विशेषज्ञ सदस्य को आश्वस्त किया कि बैठक में उनके द्वारा जो भी दिशा निर्देश एवं सुझाव दिए गए है उन पर संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनाश्चित कराई जाएगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोण्डे, मुख्य नगर आयुक्त नगर निगम नंदन कुमार, डीएफओ स्वप्निल, एचआरडीए सचिव मनीष सिंह,प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के आरओ राजेंद्र सिंह कठैत, रमनकांत त्यागी ,नगर स्वास्थ्य अधिकारी गंभीर तालियान आदि मौजूद रहे।

# राजस्व टीम ने की सरकारी भूमियों की पैमाइश

**लंढौरा।** कस्बे में सरकारी भूमियों पर अवैध कब्जों की शिकायत को गम्भीरता से लेते हुए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने राजस्व विभाग को सरकारी भूमियों की पैमाइश व चिह्नित करने के निर्देश दिए शनिवार को राजस्व विभाग की टीम ने लंढौरा में चार अलग अलग जगहों पर सरकारी भूमियों की पैमाइश कर निशानदेही की। अभिशासी अधिकारी हेमंत गुप्ता ने गत दिनों ज्वाइंट मजिस्ट्रेट से लंढौरा नगर पंचायत में लोगों द्वारा सरकारी भूमियों पर अवैध कब्जे करने व सरकारी भूमियों की पैमाइश कर कब्जा मुक्त कराने की मांग की थी। मामले को गम्भीरता से लेते हुए जेएम ने राजस्व विभाग अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए शनिवार को कानूनों आदेश कुमार ने हलका लेखपाल व नगर पंचायत कर्मचारियों के साथ खसरा नंबर 94 नवीन परती खसरा नंबर 32 जोहड़ व खसरा नंबर 29 जोहड़ तथा खसरा नंबर 18 बंजर भूमि की पैमाइश कर निशानदेही की। कानूनों आदेश कुमार ने बताया कि सरकारी भूमियों की पैमाइश व निशानदेही आगे भी जारी रहेगी। इस मौके पर कानूनों आदेश कुमार लेखपाल संजय चौहान राहुल, गुलशेर आदि मौजूद रहे

# अंजुमन गुलामाने मुस्तफा सोसायटी पदाधिकारियों ने दरगाह पर चढ़ाए फूल

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** साबिर पाक के 757 वे सालाना उर्स के मौके पर रबीउल अव्वल चांद की 6 तारीख को अंजुमन गुलामाने मुस्तफा सोसायटी ज्वालापुर ने साहिबजादा शाह यावर अली ऐजाज साबरी की सरपरस्ती दरगाह साबिर पाक में चादर और फूल पेश किए। इस दौरान साहिबजादा शाह यावर ऐजाज साबरी ने मुल्क में अमनो अमान दुआएं कराईं। अंजुमन गुलामाने मुस्तफा सोसायटी के अध्यक्ष हाजी सफी खान एवं सचिव चौधरी शादाब कुरैशी ने बताया कि अंजुमन गुलामाने मुस्तुफा सोसायटी जिले की मुस्लिम प्रतिनिधि संस्था है। सोसायटी की और से सामाजिक व धार्मिक कार्यों को अंजाम दिया जाता है।उन्होंने बताया कि संस्था शिक्षा, स्वास्थ्य एवं समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की हर प्रकार से सहायता करना संस्था का मुख्य उद्देश्य रहा है। उन्होंने 6 रबिउल अव्वल के मौके पर सोसायटी ने हर साल की तरह इस साल भी साबिर पाक के सालाना उर्स में दरगाह साबिर में चादर व अकीदत के फूल पेश कर मुल्क में अमनो अमान और सलामती की दुआएं मांगी हैं। शाह यावर ऐजाज साबरी ने बताया कि सोसायटी पिछले करीब 35 सालों से इस्लाम की प्रेम धारा यानी सूफीमत के प्रचार के माध्यम से लगातार प्रेम और भाईचारे का संदेश देती रही है। इस मौके पर हाजी गुलजार, हाजी रफी खान, जमशेद खान,अनवारुल हक, कुंवर शाहिद ,चांद कुरैशी,सजर खान, अब्दुल रहमान,,मुनव्वर अली, गुलशाद सिद्दीकी आदि मौजूद रहें।



# बीएसएम लॉ कॉलेज में मूट कोर्ट का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** बीएसएम लॉ कॉलेज में आज मूट कोर्ट का आयोजन किया गया जिसमें लॉ कॉलेज के छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर न्यायालय की कार्यवाही में भाग लेकरअपना प्रदर्शन दिया । मूट कोर्ट में बतौर एडवोकेट जहां छात्रों ने भूमिका निभाई तो संस्थान के अध्यक्ष ममतेश कुमार शर्मा एडवोकेट ने एक जज की भूमिका निभाई ।

मूट कोर्ट में जज के तौर पर कॉलेज के प्रबंधक ममतेश कुमार शर्मा एडवोकेट ने छात्रों को व्यवहारिक ज्ञान के महत्व और विधि के क्षेत्र में सफलता की




बाबत मार्गदर्शन करते हुए बताया कि किस तरह अपने मुकदमे को बारीकी से हर पहलू पर सोच समझकर तैयार करना चाहिए ताकि आप पीड़ित को आसानी से इंसाफ दिला सकें वहीं बचाव पक्ष के लिए भी छात्रों को मुकदमे की बारीकियों से अवगत कराते हुए अपना पक्ष रखने की बात सरझाई

**❖संस्थान के अध्यक्ष ममतेश कुमार शर्मा ने बतौर जज तो छात्रों ने निभाई अधिवक्ता की भूमिका**

। अंत में संस्थान के अध्यक्ष मुकेश कुमार शर्मा ने मूट कोर्ट की महत्व के बारे में छात्राओं को जानकारी देते हुए बताया कि मूट कोर्ट कर जरिए न्यायालय की कार्यवाही और समझ और परखा जा सकता है कि कैसे हमें वकील बनने के बाद अपने मुकदमे को लड़ना है और पीड़ित को इंसाफ दिलाना है। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक रजनीश कुमार शर्मा एडवोकेट श प्राचार्य डॉक्टर अर्चना शर्मा श्संजीव कुमार शर्मा ,विकास धीमान ,विनय कुमार शर्मा एडवोकेट , प्रवक्ता मोहम्मद शहजाद अली श कुमारी नमिता रावत , श्रीमती नेहा गर्ग दिनेश कुमार ,कुमारी साक्षी, गोस्वामी,पुस्तकालय अध्यक्ष संजय चौबे, अशफाक श्अजीम रसानिया समीम श्मुजम्मिल , शिवांशी श्जैनब श शाकिब श्भानु श्आयुषी श खुशबू सैनी आदि ने .भाग लिया।

# सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहा 'ट्रम्प इज डेड'

## ट्रम्प की मौत से जुड़े 60 हजार पोस्ट शेयर हुए, उपराष्ट्रपति वेंस बोले थे: देश का नेतृत्व के लिए तैयार हूं

**वाशिंगटन।** सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की सेहत से जुड़े पोस्ट ट्रेंड कर रहे हैं। इन पोस्ट में ट्रम्प इज डेड (ट्रम्प की मौत हो गई) लिखा है। शनिवार को ट्रम्प की मौत से जुड़े 60 हजार से ज्यादा पोस्ट शेयर किए गए हैं। जुलाई में 79 साल के ट्रम्प के हाथ पर चोट के निशान और पैरों में सूजन की तस्वीरें सामने आने के बाद से ही उनकी सेहत चर्चा में है।

व्हाइट हाउस ने उस समय इन अफवाहों को खारिज किया था। अब 27 अगस्त को उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के इंटरव्यू के बाद ट्रम्प के सेहत पर फिर बहस तेज हो गई। दरअसल, वेंस ने यूएसए टुडे को कहा था कि, किसी भी बुरी परिस्थिति में वो देश का नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं। हालांकि, उन्होंने ये भी कहा कि अभी ट्रम्प पूरी तरह ठीक हैं। फिलहाल, व्हाइट हाउस ने इस अफवाह पर कोई टिप्पणी नहीं की है। 16 जुलाई को ट्रम्प के दाहिने हाथ पर चोट का निशान दिखा था, जो मेकअप से ढका हुआ लग रहा था। फरवरी,2025 में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और जुलाई में यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वान डेर लेयेन के साथ मुलाकात के दौरान सबसे पहले ट्रम्प के हाथ पर चोट और मेकअप के निशान देखे गए थे। इसके बाद ट्रम्प की सेहत से जुड़ी अटकलें तेज हो गई थी। इस समय व्हाइट हाउस ने बताया था कि ट्रम्प की नसों की बीमारी क्रानिक वेनस इनसफिशिएंसी एबी9 से ग्रसित हैं।

**व्हाइट हाउस बोला: ट्रम्प को हार्ट-किडनी की बीमारी नहीं, ट्रम्प के हाथ पर फिर चोट के निशान दिखे**

इसके कारण उनके पैरों में सूजन रहती है। व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 70 साल से ज्यादा उम्र को लोगों में यह बीमारी कामन है। लेविट ने बताया कि राष्ट्रपति की हथेलियों पर चोट के निशान हैं, जो मामूली साफ्ट टिशू इरिटेशन है। यह एस्पिरिन के सेवन के साइन इफेक्ट और बार-बार लोगों से हाथ मिलाने के कारण होता है। 13 जुलाई 2025 को न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में फीफा क्लब वर्ल्ड कप के फाइनल के दौरान ट्रम्प के पैरों में सूजन देखी गई थी। फिर, 16 जुलाई को बहरीन के प्रधानमंत्री सलमान बिन हमद अल खलीफा से मुलाकात के दौरान ट्रम्प के हाथों में चोट के निशान वाली तस्वीरें सामने आई थीं। इसके बाद सोशल मीडिया पर बहस होने लगीं कि ट्रम्प अपनी स्वास्थ्य समस्या छिपा रहे हैं। व्हाइट हाउस ने बताया कि ट्रम्प ने अपने पैरों के निचले हिस्से में हल्की सूजन देखी थी। इसके बाद उन्होंने जांच करवाई और सबको रिपोर्ट की जानकारी बताने का निर्देश दिया। ट्रम्प 13 जुलाई को फर्स्ट लेडी मेलानिया के साथ फीफा क्लब वर्ल्ड कप फाइनल देखने पहुंचे थे। व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी लेविट ने बताया था कि राष्ट्रपति के निचले अंगों के दोनों तरफ वेनस डापलर अल्ट्रासाउंड किए गए, जिससे पता चला कि उन्हें क्रोनिक वेनस इनसफिशिएंसी एबी9 है। जांच में अन्य गंभीर हृदय रोग या किडनी की बीमारी का पता नहीं चला था। लेविट ने कहा कि जांच रिपोर्ट में डीप वेन थ्रोम्बोसिस या धमनी रोग का भी कोई सबूत नहीं मिला। ट्रम्प का कम्प्लीट ब्लड काउंट, मेटाबोलिक पैनल, डी-डाइमर, बीटी टाइप के नैट्रियोटिक पेप्टाइड और कार्डिएक बायोमार्कर जांच भी हुआ। सभी रिपोर्ट्स नार्मल आए। 25 अगस्त को साउथ कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग के साथ मुलाकात के दौरान ट्रम्प के दाहिने हाथ पर चोट के निशान दिखा था, जिसे मेकअप से छुपाने की कोशिश की गई थी।

**ट्रम्प इज डेड की अफवाहें पूरी तरह से सोशल मीडिया पर आधारित किसी विश्वसनीय स्रोत से पुष्टि नहीं**

जुलाई में व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा था कि राष्ट्रपति ट्रम्प जनता के बीच सबसे ज्यादा समय बिताते हैं और रोजाना सैकड़ों लोगों से हाथ मिलाते हैं। इसके कारण ये निशान बने हैं। ट्रम्प के डाक्टर सीन बारबाबेला ने बताया कि चोट के निशान बार-बार हाथ मिलाने और एस्पिरिन (पेनकिलर) के उपयोग से हुए हैं, जो हृदय रोग की रोकथाम के लिए लिया जाता है। उन्होंने कहा कि यह एक सामान्य और हल्की समस्या है, जिसमें कोई गंभीर बीमारी नहीं पाई गई। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति के साथ मुलाकात के दौरान ट्रम्प के दाहिने हाथ पर चोट के निशान दिखा था। जेडी वेंस के बयान के बाद एक बार फिर सोशल मीडिया पर ट्रम्प के हेल्थ को लेकर बयानबाजी तेज हो गई है। एक्स पर कई यूजर्स ने दावा किया कि ट्रम्प पिछले 24 घंटों से सार्वजनिक तौर पर नहीं दिखे हैं।



बिहार। सारण जिले में 'मतदाता अधिकार यात्रा' के दौरान लोकसभा में एलओपी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी।

## गाजा में आईएस के सबसे वरिष्ठ सदस्य को मार गिराया: इजरायली सेना

**यरूशलम।** इज़रायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि उसने पिछले सप्ताह गाज़ा पट्टी में इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह के एक वरिष्ठ सदस्य को मार गिराया। आईडीएफ ने उस व्यक्ति की पहचान मुहम्मद अब्द अल-अजीज अबू जुबैदा के रूप में की है, जो गाज़ा पट्टी में आईएस के फलस्तीनी जिले के प्रमुख के रूप में कार्यरत था साथ ही इस क्षेत्र में समूह के भीतर सबसे वरिष्ठ पद था। आईडीएफ के बयान के अनुसार, अबू जुबैदा को खुफिया मार्गदर्शन में किए गए हवाई हमले में निशाना बनाया गया था। वह कथित तौर पर पश्चिमी तट, गाज़ा और मिस्र के सिनाई प्रायद्वीप में नीति निर्धारण, अभियानों की योजना बनाने और आईएस गतिविधियों की निगरानी के लिए जिम्मेदार था। आईडीएफ ने कहा कि आईएस लड़ाके गाज़ा में इज़रायली सेना के खिलाफ सीधे तौर पर लड़ाई में शामिल थे और समूह पर युद्धक उपकरण स्थानांतरित करने के साथ-साथ पश्चिमी तट से गाज़ा पट्टी में महत्वपूर्ण धन जुटाने का आरोप लगाया।

## संक्षिप्त समाचार

### ले होई टुंग वियतनाम के नए कार्यवाहक विदेश मंत्री बने

**हनोई।** वियतनाम के प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चिन्ह ने शनिवार को राजधानी हनोई में एक समारोह की अध्यक्षता में ले होई टुंग को आधिकारिक रूप से विदेश मामलों का कार्यवाहक मंत्री नियुक्त किया गया। वियतनाम समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार, टुंग को पार्टी केंद्रीय समिति कार्यालय के प्रमुख पद से हटाकर विदेश मंत्रालय का कार्यभार सौंपा गया है।

### अफगानिस्तान में बारिश-बाढ़ से पांच की मौत, आठ घायल

**काबुल।** पूर्वी अफगानिस्तान के नंगरहार प्रांत में भारी बारिश और बाढ़ से पांच लोगों की मौत हो गई जबकि अन्य आठ लोग घायल हो गए। यह जानकारी सरकारी समाचार एजेंसी बख्तर ने शनिवार को दी। प्रांतीय सूचना एवं संस्कृति निदेशक मावलवी सेदिकुल्लाह कुरैशी के हवाले से सरकारी समाचार एजेंसी ने कहा कि शुक्रवार को रोडात, हस्का मीना और चपरहार जिलों में आई बाढ़ से पांच लोगों की मौत हो गई जबकि अन्य आठ लोग घायल हो गए।

### महबूबा ने तबाही के लिए केंद्रीय पैकेज का किया आग्रह

**श्रीनगरी।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री एवं पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने शनिवार को केंद्र सरकार से केंद्र शासित प्रदेश में हाल ही में आई बाढ़, बादल फटने और भूस्खलन से प्रभावित लोगों के लिए तत्काल वित्तीय राहत पैकेज की घोषणा करने का आग्रह किया। 'एक्स' पर एक पोस्ट में सुश्री मुफ्ती ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं के कारण हुई तबाही ने कई परिवारों को बेघर कर दिया है।

# ट्रम्प प्रशासन को संघीय कोर्ट का झटका

## हिरासत में लिए गए अवैध प्रवासियों के तेजी से निर्वासन पर लगाई अस्थायी रोक

**वाशिंगटन।** अमेरिका के डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन को उस समय बड़ा झटका लगा, जब एक संघीय जज ने हिरासत में लिए गए अवैध प्रवासियों के तेजी से निर्वासन पर अस्थाई रोक लगा दी। ट्रम्प प्रशासन संघीय कानूनी दायरा बढ़ाकर अवैध प्रवासियों को बिना जज के सामने पेश किए जल्द देश से बाहर निक.ालना चाहता था।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 2024 के चुनावी अभियान में वादा किया था कि अगर वह दोबारा व्हाइट हाउस लौटते हैं, तो वह बड़े बड़े पैमाने पर निर्वासन अभियान चलाएंगे। उन्होंने कहा था कि वह अपने दूसरे कार्यकाल में सालाना दस लाख लोगों को निर्वासन करना चाहते हैं। हालांकि, वाशिंगटन डीसी की यूएस डिस्ट्रिक्ट जज जिया काब ने कहा कि ट्रम्प प्रशासन की तेजी से निर्वासित करने की नीति से लोगों के कानूनी अधिकारों का उल्लंघन हो रहा है। काब ने 48 पन्नों की अपनी राय में लिखा, सरकार इस संक्षिप्त प्रक्रिया का बचाव करते हुए एक चौंकाने वाली दलील देती है-जो लोग देश में अवैध रूप से प्रवेश करते हैं, उन्हें संविधान के पांचवें संशोधन के तहत कोई कानूनी प्रक्रिया का अधिकार नहीं है, बल्कि उन्हें कांग्रेस (संसद) जो भी कृपा दे, उसे ही स्वीकार करना होगा। अगर यह दलील सही मानी जाए, तो फिर न केवल गैर-नागरिक, बल्कि हर किसी के अधिकार खतरे में पड़ सकते हैं। जनवरी में ट्रम्प के पद संभालने के बाद होमलैंड सिक्योरिटी विभाग ने अवैध प्रवासियों के तेजी से निर्वासन की घोषणा की थी। इस प्रक्रिया में उन अवैध प्रवासियों को जल्दी देश से बाहर निकालना था जो अमेरिका में दो साल से कम समय से हैं। इस प्रयास के खिलाफ अमेरिकी नागरिक स्वतंत्रता संगठन और प्रवासी अधिकार समूहों ने मुकदमे दायर किए हैं। पहले तेजी से निर्वासन की प्रक्रिया केवल उन्हीं प्रवासियों पर लागू होती थी जिन्हें अमेरिका-मैक्सिको सीमा से 100 मील के दायरे में पकड़ा जाता था और जो अमेरिका में 14 दिन या उससे कम समय से रह रहे होते थे। बाद में ट्रम्प प्रशासन ने इस प्रक्रिया का विस्तार किया। जज काब ने न तो इस कानून की सांविधानिकता पर सवाल उठाया और न ही इसे सीमा पर लागू किए जाने को लेकर कोई आपत्ति जताई। काब पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा नियुक्त की गई थीं। उन्होंने लिखा, मुद्दा यह है कि जब इस कानून को देश के अंदर रह रहे बड़ी संख्या में लोगों पर लागू किया जाता है, जिन्हें पहले तेजी से निर्वासन का सामना नहीं करना पड़ा, तो सरकार को उन्हें उचित कानूनी प्रक्रिया प्रदान करनी होगी।



**ट्रम्प ने कहा था: वह दोबारा व्हाइट हाउस लौटते हैं, तो वह बड़े बड़े पैमाने पर निर्वासन अभियान चलाएंगे**

## फोन कॉल कांड के बाद थाईलैंड की पीएम को हटाया गया

**बैंकॉक।** थाईलैंड की एक अदालत ने प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न शिनावात्रा को पद से हटा दिया है। अदालत ने कहा कि कंबोडिया के पूर्व नेता के साथ उनकी विवादास्पद फ़ोन कॉल ने नैतिकता के नियमों का उल्लंघन किया है। इस कदम से देश में एक नया राजनीतिक संकट पैदा हो गया है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार शक्तिशाली शिनावात्रा राजनीतिक परिवार की सदस्य पैतोंगतार्न अगस्त 2024 में देश की सबसे युवा प्रधानमंत्री बनीं और उन्होंने केवल एक वर्ष ही पद संभाला है। थाईलैंड की संवैधानिक अदालत ने शुक्रवार को 6-3 के बहुमत से फैसला सुनाया कि पैतोंगतार्न के पास थाई संविधान के तहत 'योग्यताएँ नहीं हैं और उनमें निषिद्ध विशेषताएं हैं', जिसके कारण उनका कार्यकाल समाप्त हो गया।

# यूक्रेन युद्ध के लिए भारत नहीं अमेरिकी अधिकारी जिम्मेदार

**न्यूयार्क।** अमेरिका के एक यहूदी संगठन ने उन अधिका. रियों की आलोचना की है, जिन्होंने रूस से तेल खरीदने को लेकर भारत की निंदा की है। संगठन ने कहा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष के लिए भारत जिम्मेदार नहीं है और अमेरिका-भारत संबंधों को फिर से सुधारने की जरूरत है।

ट्रम्प प्रशासन के कुछ सदस्यों ने हाल ही में भारत आरा. ेप लगाया है कि रूस से उर्जा खरीदकर भारत राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की युद्ध मशीन को फंडिंग कर रहा है। अमेरिकी यहूदी समिति ने कहा कि व्हाइट हाउस के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो की ओर से भारत पर लगाए गए आरोप 'गलत और अपमानजनक' हैं। नवारो ने इसे 'मोदी का युद्ध' कहा और यह भी कहा कि शांति की राह 'नई दिल्ली से होकर' गुजरती है।

**यहूदी संगठन ने की ट्रम्प प्रशासन की आलोचना**

यहूदी संगठन ने कहा, हम समझते हैं कि भारत उर्जा जरूरतों के कारण रूस से तेल खरीदता है, लेकिन भारत पुतिन के युद्ध अपराधों का दोषी नहीं है। भारत एक लोकतांत्रिक देश है और अमेरिका का एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार भी है। संगठन ने कहा अब इन अहम संबंधों को फिर से मजबूत करने का समय है। नवारो ने पिछले कुछ दिनों में भारत को निशाना बनाया है। उनकी ओर से ये बयान तब सामने आए, जब वाशिंगटन और दिल्ली के बीच व्यापार और टैरिफ को लेकर तनाव बढ़ा। ट्रम्प ने भारत पर 25 फीसदी टैरिफ लगाया है। साथ ही रूस से तेल खरीदने पर 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ भी लगाया है।

# इंडोनेशिया में भीड़ ने संसद भवन फूंका, तीन की मौत

**जकार्ता।** इंडोनेशिया में लगातार बढ़ते विरोध प्रदर्शनों ने हिंसक रूप ले लिया है। साउथ सुलावेसी प्रांत की राजधानी मकास्सार में गुस्साई भीड़ ने शुक्रवार देर रात स्थानीय संसद भवन में आग लगा दी।

इस घटना में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जलने और इमारत से कूदने के कारण चोटें आईं। घटनास्थल से शनिवार सुबह शव बरामद किए गए। स्थानीय रिपोर्ट में बताया गया कि पूरी इमारत आग की लपटों से घिर गई और रातभर क्षेत्र नारंगी रोशनी में डूबा रहा। इसके अलावा वेस्ट जावा के बांडुंग शहर में भी प्रदर्शनकारियों ने क्षेत्रीय संसद भवन को आग के हवाले कर दिया। सुराबाया शहर में गुस्साई भीड़ ने पुलिस मुख्यालय पर धावा बोला, वाहनों को आग के हवाले किया और बैरिकेड तोड़ दिए। पुलिस ने भीड़ को काबू करने के लिए आंसू गैस और पानी की बौछारों का इस्तेमाल किया, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने पटाखों और लकड़ी की छड़ों से जवाब दिया। जकार्ता में शनिवार को स्थिति कुछ हद तक सामान्य रही। सुरक्षा बलों ने जली हुई गाड़ियां, पुलिस चौकियां और बस स्टाप हटाने का काम किया। दरअसल, प्रदर्शन की शुरुआत सोमवार को हुई थी जब यह खुलासा हुआ कि संसद के सभी 580 सांसदों को वेतन के अलावा हर महीने 50 मिलियन रुपिया (करीब 3075 डालर) आवास भत्ता दिया जा रहा है।

**घायलों को जलने और इमारत से कूदने के कारण चोटें आईं**

# मोदी ने की जापानी गवर्नरों के साथ मुलाकात

## राज्यों और जापानी प्रांतों के बीच सहयोग बढ़ाना समय की जरूरत

**टोक्यो/नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को यहां जापान के विभिन्न प्रांतों के गवर्नरों के साथ मुलाकात की और कहा कि दोनों देशों के संबंधों का विस्तार अब उनके राज्यों तथा प्रांतों के बीच भी किये जाने की जरूरत है जिससे वे विकास यात्रा में साझीदार बन सकें। जापान यात्रा के दूसरे दिन मोदी ने यहां जापान के 16 प्रांतों के गवर्नरों के साथ विस्तार से बातचीत की।

बातचीत के बाद उन्होंने कहा कि भारत के राज्यों और जापान के प्रान्तों के बीच सहयोग भारत-जापान मैत्री का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि आज सुबह टोक्यो में जापान के 16 प्रान्तों के गवर्नरों के साथ बातचीत की। राज्य-प्रान्त सहयोग भारत-जापान मैत्री का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। यही कारण है कि कल 15वें वार्षिक भारत-जापान शिखर सम्मेलन के दौरान इस पर एक अलग पहल शुरू की गई। व्यापार, नवाचार, उद्यमिता आदि क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। स्टार्टअप, तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे भविष्योन्मुखी क्षेत्र भी लाभकारी हो सकते हैं। गर्वनरों को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा भारत-जापान के समकालीन संबंध दोनों देशों के बीच सदियों पुराने सभ्यतागत संबंधों से शक्ति प्राप्त करते हुए निरंतर फल-फूल रहे हैं। विभिन्न क्षेत्रों में भारत-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी की गति पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि अब समय आ गया है कि टोक्यो और दिल्ली तक सीमित संबंधों से आगे बढ़कर राज्य-प्रान्तों के बीच संबंधों को नए सिरे से बढ़ावा दिया जाए।



### पीएम ने जापान के प्रधानमंत्री के साथ बुलेट ट्रेन में की यात्रा

**टोक्यो।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जापान यात्रा के आज दूसरे दिन शनिवार को प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा के साथ बुलेट ट्रेन में यात्रा की। मोदी ने जापान में बुलेट ट्रेन की सवारी की तस्वीर भी सोशल मीडिया पर पोस्ट की है। जापान के प्रधानमंत्री इशिबा ने मोदी के साथ तस्वीर साझा करते हुए लिखा, ष्प्रधानमंत्री मोदी के साथ सेंडई की ओर जा रहा हूं। कल रात से ही सिलसिला जारी है और मैं आपके साथ कार में रहूंगा। मोदी जापानी प्रधानमंत्री इशिबा बुलेट ट्रेन से सफर करते दिखे। प्रधानमंत्री मोदी और जापानी प्रधानमंत्री दोनों ने बुलेट ट्रेन से जापान के सेंडाई शहर तक की सवारी की। इस दौरान उन्होंने पूर्वी जापान रेलवे कंपनी में प्रशिक्षण ले रहे भारतीय ट्रेन ड्राइवरों से मुलाकात की।

## मोदी ने इशिबा को भेंट किया कीमती पत्थर का बाउल, उनकी पत्नी को पश्मीना शॉल

**टोक्यो/नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जापान यात्रा के दौरान जापानी प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा और उनकी पत्नी को शानदार उपहार भेंट किये जिनमें इशिबा के लिए कीमती पत्थर से बना बाउल का सेट और उनकी पत्नी के लिए पश्मीना शॉल शामिल हैं। चांदी की चॉपस्टिक्स से सजे विंटेज कीमती पत्थर के बाउल भारतीय कलात्मकता और जापानी पाक कला की परंपरा का अनूठा मिश्रण हैं। चार छोटे बाउल और चांदी की चॉपस्टिक्स के साथ भूरे रंग के मूनस्टोन से बने बड़े बाउल से सुसज्जित यह सेट जापान के डोनबुरी और सोबा अनुष्ठानों से प्रेरित है। आंध्र प्रदेश से प्राप्त यह मूनस्टोन बेहद चमकीना और प्रेम, संतुलन तथा सुरक्षा का प्रतीक है।

# यूक्रेन के पूर्व संसद की गोली मारकर हत्या

**कीव।** यूक्रेन के प्रमुख राजनेता और पूर्व संसद अध्यक्ष आंद्री पारुबी की 30 अगस्त को गोली मारकर हत्या कर दी गई।

पुलिस के अनुसार, दक्षिणी फ्रैंकिव्स्की जिले में दोपहर करीब 12 बजे गोलीबारी की सूचना मिली। हमलावर ने पारुबी पर कई गोलियां चलाईं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। यूरोपियन सालिडैरिटी पार्टी की सांसद इरीना हेराशच. ेंको ने पुष्टि की कि मृतक आंद्री पारुबी ही थे। मीडिया के मुता. बिक हमलावर डिलीवरी बॉय की वेशभूषा में था और इलेक्ट्रिक साइकिल पर सवार था। उसने पारुबी पर गोलियां चलाईं और फिर साइकिल से भाग गया। घटनास्थल पर सात गोली के खोल मिले। 54 साल के पारुबी लंबे समय तक सांसद रहे थे। उन्होंने 2004 की आरेंज क्रांति और 2013-14 की यूरोमैदान क्रांति में हिस्सा लिया था। 2014 में रूस द्वारा क्रीमिया पर कब्जे और डोनबास में युद्ध शुरू होने के दौरान वे राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा परिषद के सचिव रहे। इनकी पार्टी यूरो. पियन सालिडैरिटी ने इसे आतंकी हमला करार दिया है।


**डिलीवरी बॉय बनकर आया हमलावर, सात गोलियां दागी**

# पुतिन दिसम्बर में भारत दौरे पर आएंगे

## यूक्रेन युद्ध के बाद पहली इंडिया विजिट

**मास्को/नई दिल्ली।** रूसी राष्ट्रपति पुतिन इस साल दिसम्बर में भारत आएंगे। रूस के राष्ट्रपति आफिस क्रेमलिन ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की।

2022 में यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद पुतिन का यह पहला भारत दौरा होगा। यह यात्रा ऐसे समय पर हो रही है जब भारत और रूस अपनी साझेदारी को और मजबूत कर रहे हैं, जबकि अमेरिका भारत पर रूस से तेल खरीदने की वजह से आर्थिक दबाव बढ़ा रहा है। पुतिन सोमवार को चीन में होने वाली एससीओ समिट के दौरान भी प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात करेंगे। इस दौरान उनकी भारत यात्रा की तैयारियों पर भी चर्चा होगी। रूस की तरफ से यह घोषणा तब आई है जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने भारत के निर्यात पर कुल 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए हैं। इसमें से 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ रूसी तेल खरीद की वजह से लगाया गया है। अमेरिका का कहना है कि इससे रूस को यूक्रेन युद्ध जारी रखने में मदद मिल रही है। भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहक. ार अजीत डोभाल ने इस महीने की शुरुआत में मास्को यात्रा के दौरान क्रेमलिन में पुतिन से मुलाकात की थी। यह मुलाकात सुरक्षा, आर्थिक और ऊर्जा सहयोग पर द्विपक्षीय वार्ता के लिए हुई थी। इस दौरान भारतीय एनएसए ने कहा था कि हमारा रिश्ता बहुत खास और पुराना है। हम अपनी रणनीतिक साझेदारी को बहुत महत्व देते हैं। हमें राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा की खबर से बहुत खुशी है।



**सोमवार को चीन में पीएम मोदी से मिलेंगे रूसी राष्ट्रपति**

## पुतिन ने संरार, अमुको में सुधारों की वकालत की

**मॉस्को/बीजिंग।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने चीनी शहर तियानजिन में आगामी शिघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन से पहले वित्त, संस्कृति, शिक्षा, खेल, राजनीति सहित सभी क्षेत्रों में रूस और चीन के संबंधों की सराहना की, साथ ही उन्होंने दोनों देशों द्वारा संयुक्त राष्ट्र और विश्व बैंक तथा अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष जैसी अन्य वैश्विक संस्थाओं में सुधारों की निरंतर वकालत को दोहराया, ताकि आधुनिक राजनीतिक वास्तविकताओं को बेहतर ढंग से प्रतिबिंबित किया जा सके और विकासशील दुनिया के लिए व्यापक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जा सके।

# इजरायली एयरस्ट्राइक में हूती लड़ाकों के प्रधानमंत्री की मौत

**सना।** यमन की राजधानी सना में इजरायली एयरस्ट्राइक में हूती लड़ाकों के प्रधानमंत्री अहमद अल-रहावी की मौत हो गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुता. बिक, इन हमलों में हूती रक्षा मंत्री मोहम्मद अल-अती और चीफ आफ स्टाफ मोहम्मद अब्द अल-करीम अल-घमारी को भी निशाना बनाया गया, जिनके मारे जाने की आशंका है।

इजरायली आर्मी (आईडीएफ) ने 28 अगस्त को सना में हमले किए थे। इससे पहले हूती लड़ाकों ने इजरायल पर मिसाइल और ड्रोन से हमला किया था। आईडीएफ ने कहा कि एयरस्ट्राइक में हूती मिलिट्री ठिकानों और राष्ट्रपति भवन को निशाना बनाया गया। वहीं, यमन के अधिकारियों के मुताबिक, इन हमलों में कम से कम 10 लोग मारे गए और 90 घायल हुए। इजरायल के विदेश मंत्री ने कहा कि हमने चेतावनी दी थी कि जो भी इजरायल के खिलाफ हथियार उठाएगा, उसे सजा मिलेगी। उन्होंने कहा: हमने हूतियों को पहले चेताया था कि बुरे काम का बुरा अंजाम होगा। एक इजरायली सैन्य अधिकारी ने मीडिया को बताया: हमने सही समय पर सटीक जानकारी के आधार पर तेजी से हमला किया।

**रक्षा मंत्री के भी मारे जाने की आशंका, हमले में 10 की मौत, 90 घायल**



# संजना सांघी बनी प्रतिष्ठित जज पैनल का हिस्सा

**मुंबई।** अभिनेत्री संजना सांघी को संयुक्त राष्ट्र युथ ऑफिस द्वारा यंग लीडर्स फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स के पांचवें कोहोर्ट के लिए डिस्टिंग्विश्ड जजेस पैनल का सदस्य नियुक्त किया गया है। यह प्रतिष्ठित उपलब्धि, वैश्विक सकारात्मक बदलाव की आवाज बनने की संजना की यात्रा में एक और अहम उपलब्धि है।

यंग लीडर्स फॉर एसडीजी पहल हर साल 17 असाधारण युवाओं को सम्मानित करती है, जो दुनिया की सबसे गंभीर चुनौतियों से निपटने और सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने के लिए काम कर रहे हैं। डिस्टिंग्विश्ड जजेस पैनल में यूएन, सिविल सोसाइटी, एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री और प्राइवेट सेक्टर के प्रभावशाली नेता शामिल होते हैं, जो इन बदलाव लाने वाले युवाओं का चयन करते हैं। संजना ने इस सम्मान पर प्रतिक्रिया देते कहा कि संयुक्त राष्ट्र युथ ऑफिस द्वारा मुझे डिस्टिंग्विश्ड जजेस पैनल का हिस्सा चुना जाना मेरे लिए अब तक के सबसे बड़े सम्मानों में से एक है। मुझे मलाला यूसुफजई, कोडी सिम्पसन, लिली सिंह, दिया मिर्ज़ा और उन तमाम वैश्विक आइकन्स के साथ चुना गया है, जिन्होंने मेरी यात्रा को काफी प्रेरित किया है। यह उस काम की पुष्टि है, जो हम सब कर रहे हैं। संजना ने कहा, पिछले साल यूएन जनरल असें. बली में समिट ऑफ द फ्यूचर के उद्घाटन पर मुख्य वक्ता के रूप में संबोधन देने के बाद, मेरा सामूहिक प्रयास की शक्ति पर विश्वास और गहरा हो गया। यह देखना कि कैसे वे शब्द वैश्विक स्तर पर गूंजे और कैसे युवा सीमाओं के पार एक-दूसरे को मजबूत बना रहे हैं, मेरे विश्वास को और मजबूत कर गया। हमारा भविष्य सिर्फ उज्ज्वल ही नहीं है, यह अभी, हम सबके द्वारा मिलकर गढ़ा जा रहा है। संजना सांघी अब मलाला यूसुफजई, कोडी सिम्पसन, लिली सिंह, दिया मिर्ज़ा और फॉरेस्ट व्हिटेकर जैसे वैश्विक आइकन्स की सूची में शामिल हो चुकी हैं। इस पैनल पर उनकी भूमिका उन्हें युवा नेताओं की आवाज को और मजबूत करने और यह साबित करने का मौका देगी कि आज के युवा महज कल के नेता ही नहीं, बल्कि हमारे वर्तमान के भी निर्माता हैं।

# मोहब्बतें के बाद मेरी चार फिल्में कभी रिलीज नहीं हुईं: शमिता



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री शमिता शेट्टी का कहना है कि फिल्म मोहब्बतें के बाद उन्होंने चार फिल्में की शूटिंग की थी जो कभी रिलीज नहीं हुईं।

बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी की बहन शमिता शेट्टी ने यशराज फिल्म्स की मोहब्बतें से अपना डेब्यू किया था। हाल ही में अपने करियर की चुनौतियों पर खुलकर बात की है। शमिता ने एक इंटरव्यू में बताया कि मोहब्बतें के बाद उन्होंने चार फिल्मों की शूटिंग की थी, जिनमें संजय दत्त, चंद्रचूड़ सिंह और आर माधवन जैसे कलाकारों के साथ प्रोजेक्ट शामिल थे,लेकिन इनमें से कोई भी फिल्म रिलीज नहीं हो पाई।

इस अचानक आए झटके ने उनके करियर की रफ्तार को बेहद अहम समय पर रोक दिया।

शमिता की पिछली फिल्म द टेनेंट को भी कई रुकावटों का सामना करना पड़ा। कई बार टलने के बाद, फिल्म कुछ चुनिंदा सिनेमाघरों में बिना किसी खास मार्केटिंग या प्रमोशन के रिलीज़ हुई ,जिसकी वजह से फिल्म को वो पहचान नहीं मिल पाई जिसकी उम्मीद शमिता ने की थी।

शमिता ने कहा, लोगों को यह बताने में कोई शर्म या बुराई नहीं है कि आप उपलब्ध हैं और काम करना चाहते हैं। इन चुनौतियों के बावजूद, शमिता अपने काम के प्रति समर्पित हैं और उम्मीद कर रही हैं कि उन्हें ऐसे बेहतर मौके मिलेंगे जिनसे उनकी असली प्रतिभा बड़े पर्दे पर नजर आ सके।

# कॉमेडी-ड्रामा डू यू वाना पार्टनर का ट्रेलर किया लॉन्च



**मुंबई।** प्राइम वीडियो ने तमन्ना भाटिया और डायना पेंटी अभिनीत कॉमेडी-ड्रामा डू यू वाना पार्टनर का ट्रेलर रिलीज कर दिया है।

कॉमेडी-ड्रामा सीरीज़ डू यू वाना पार्टनर, धर्मैटिक एंटरटेनमेंट के बैनर तले निर्मित है, जिसके निर्माता करण जौहर, अदार पूनावाला और अपूर्व मेहता हैं, जबकि शोमेन मिश्रा और अर्चित कुमार एग्जीक्यूटिव प्रोडूसर हैं। इस सीरीज़ का निर्देशन कॉलिन डी कुन्हा और अर्चित कुमार ने किया है। पटकथा नंदिनी गुप्ता, आर्ष वोरा और मिथुन गांगोपाध्याय ने लिखी है, जबकि इसकी रचना मिथुन गांगोपाध्याय और निशांत नायक ने की है। इसमें मुख्य भूमिकाओं में तमन्ना भाटिया और डायना पेंटी नज़र आएंगी, इनके साथ ही जावेद जाफ़री, नकुल मेहता, श्वेता तिवारी, नीरज काबी, सूफ़ी मोतीवाला और रणविजय सिन्हा भी अहम किरदारों में दिखाई देंगे। डू यू वाना पार्टनर का प्रीमियर भारत सहित दुनिया के 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में 12 सितंबर को विशेष रूप से केवल प्राइम वीडियो पर किया जाएगा। तमन्ना भाटिया ने कहा, यह दोस्ती, संघर्ष और सबसे अजीबोगरीब विचारों को हक़ीक़त में बदलने के साहस का जश्न है।

# द बैड्स ऑफ बॉलीवुड का दूसरा गाना रिलीज

**मुंबई।** आर्यन खान के निर्देशन में बनी पहली सीरीज़ द बैड्स ऑफ बॉलीवुड का दूसरा गाना तू पहली तू आखिरी रिलीज हो गया है। शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान इन दिनों बतौर निर्देशक बॉलीवुड में डेब्यू को लेकर चर्चा में हैं। वह अपकमिग सीरीज द बैड्स ऑफ बॉलीवुड के साथ डेब्यू करने वाले हैं। इस सीरीज का दूसरा गाना तू पहली तू आखिरी रिलीज हो गया है। यह गाना एक दिल छू लेने वाली रोमांटिक धुन है, जो मोहब्बत और अमर रिश्ते की गहराई को पकड़ता है। लक्ष्य और सहेर बंबा पर फिल्माया गया यह गीत रोमांस के प्रति एक नाजुक अर्पण की तरह खुलता है, जो दर्शकों को आर्यन खान की बनाई दुनिया की और भी अंतरंग झलक देता है। शशवत सचदेव द्वारा कंपोज, प्रोड्यूस और अरेंज किया गया, कुमार के बोल और अरिजीत सिंह की आवाज के साथ, तू पहली तू आखिरी टी-सीरीज लेबल के तहत रिलीज हुआ है। द बैड्स ऑफ बॉलीवुड 18 सितंबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इस सीरीज का निर्माण रेड चिलीज एंटरटेनमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले किया है। बिलाल सिद्दीकी और मानव चौहान सह-निर्माता हैं।






इस शो में बॉबी देओल, लक्ष्य, सहेर बंबा, मनोज पाहवा, मोना सिह, मनीष चौधरी, राघव जुयाल, अन्या सिंह, विजयंत कोहली, गौतमी कपूर और रजत बेदी नजर आएंगे।

# अनुपमा के पांच साल पूरे होने पर भावुक हुईं रूपाली गांगुली

**मुंबई।** अभिनेत्री रूपाली गांगुली स्टार प्लस के लोकप्रिय शो अनुपमा के पांच साल पूरे होने पर भावुक हो गईं। शो अनुपमा ने हाल ही में टीवी पर शानदार पांच साल पूरे कर लिए। मेकर्स ने इस खास मौके का जश्न मनाने के लिए एक छोटा से गेट टुगेदर का आयोजन किया। अनुपमा का किरदार निभाने वाली रूपाली गांगुली ने इस मौके पर अपना आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर रूपाली गांगुली ने अनुपमा को लेकर एक इमोशनल नोट शेयर किया। उन्होंने कहा कि मेरे लिए अनुपमा मेरे पापा का सपना पूरा होना है, मेरी मम्मा का सपना पूरा होना है। ये मेरे पेरेंट्स की ब्लेसिग है यह मेरे पति की ख्वाहिश है कि मुझे नई पहचान मिले। यह शो मेरी चाहत नहीं बल्कि मेरी ज़रूरत था और यह शो मैंने मांगा था। भगवान ने राजन शाही के ज़रिए मुझे यह शो दिया। अनुपमा मेरे लिए आत्म-सम्मान है, अनुपमा मेरे लिए आत्म-प्रेम है, अनुपमा मेरे लिए आत्म-विश्वास है, जो मेरी जिंदगी के बहुत संघर्ष भरे दिनों के बाद आया।

# गुरु रंधावा ने बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए राहत कैंप लगाए



**मुंबई।** जानेमाने गायक गुरु रंधावा ने बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए अपने गांव और आसपास राहत कैंप लगाए। गुरु रंधावा अपने संगीत से लोगों के दिल जीतते आए हैं। अब अपने हालिया कदम से उन्होंने यह साबित कर दिया है कि वह न केवल एक बेहतरीन गायक हैं, बल्कि एक शानदार इंसान भी हैं। हाल ही में पंजाब में भारी बारिश और बाढ़ की वजह से आई आपदा के समय, गुरु रंधावा एक बड़ी मदद के रूप में सामने आए हैं। उन्होंने अपने गांव और आसपास के क्षेत्रों में बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए राहत कैंप लगाए हैं। इस बात की घोषणा करते हुए गुरु रंधावा ने इंस्टाग्राम पर लिखा, पंजाब और अन्य सभी बाढ़ प्रभावित राज्यों के लिए प्रार्थनाएं। आइए, हम सभी अपनी-अपनी तरफ से मदद करें। मैंने अपने क्षेत्र डेरा बाबा नानक और अपने गांव धारोवाली के पास हेल्प कैंप लगाया है। किसी भी मदद के लिए संपर्क करें-9177196 54739, गुरु रंधावा का यह कदम उनके प्रशंसकों को बेहद प्रभावित कर गया है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

मो० अबुज़र
8868044928, 9719209786
7906289232
क्लासिक प्लाईबोर्ड - हार्डवेयर
हमारे यहाँ प्लाईवुड, बोर्ड, दरवाज़े, माईका, फाईबर शीट, एलमुनियम जाली, इमर्पोटिड हैंडल व लोक शटरिंग बोर्ड, HDMR बोर्ड व सभी प्रकार के हार्डवेयर का सामान उपलब्ध है।
TESA CENTURYPLY CROSSBOND LA ROSE


पता - निकट रिलायंस पैट्रोल पंम, सम्भल अड्डा, हसनपुर (अमरोहा)

दानिश चौधरी
9917644306
9027841782
क्लासिक डेकोर
हमारे यहाँ फ्रन्ट एलिवेशन, ACP शीट, PVC सिलिंग, जिप्सम बोर्ड सिलिंग, एलमुनियम डोर - विन्डो पार्टिशन टफन ग्लास, ग्लास एचिंग का काम उचित मुल्य पर होता है व सभी सामान भी मिलता है।

पता - निकट रिलायंस पैट्रोल पंम, सम्भल अड्डा, हसनपुर (अमरोहा)